सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, चतर्थशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 25

12 रांची- रायपुर एनएच के लिए 4473 करोड़ की मंजूरी





PRNO 331678 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्पीकर कोर्ट के फैसले को चुनौती : सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे जेपी पटेल

**रांची।** भाजपा छोड़कर कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले जय प्रकाश पटेल ने अपनी सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पटेल ने स्पीकर कोर्ट द्वारा उनकी सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि स्पीकर कोर्ट ने उनका पक्ष सुने बिना फैसला दिया, इसलिए उनकी सदस्यता बहाल की जानी चाहिए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(लापता महिला पुष्पा देवी, उम्र करीब–20 वर्ष)**



डंडई थाना सनहा सं0–06/2024 दिनांक–24.07.24 में लापता महिला पुष्पा देवी उम्र करीब–20 वर्ष, पति–कलेश राम एवं साथ में छः माह का बच्चा, सा0–नावाडीह, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–21.07.2024 को रात्री करीब–02:00 बजे करीब बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है, परन्तु घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला पुष्पा देवी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला पुष्पा देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 331682 Police(24-25).D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**नाम–सलमान अंसारी, उम्र–28 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 4 ईंच पहनावा–भूरा रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग का जींस पैंट पहने हुए है।।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति सलमान अंसारी, पे0–मो0 गुलजार, सा0–साहेर, पोस्ट–पिस्का नगडी, थाना–नगडी, जिला–रॉंची जो दिनांक–28.06.2024 को घर से बगैर बताए कही चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में नगडी सनहा संख्या–10/2024 दिनांक–29.06.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0, द्वितयी, रॉंची –9431706142
थाना प्रभारी नगडी, रॉंची। –9431706176

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR.NO.331559 Police(24-25):D

**वरीय पुलिस अधीक्षककाकार्याल, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–मंगल उरॉव उम्र– 35 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई– 5 फीट, 4 ईंच पहनावा–शर्ट एवं पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता मंगल उरॉव उम्र– 35 वर्ष, पे0 मतला उरॉव उर्फ सुका सा0–मल्टी, पो0–ईटकी, थाना–ईटकी, थाना–ईटकी, जिला–रॉंची वर्तमान पता–चेकपोस्ट नारो थाना–नगड़ी जो दिनांक– 28.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में नगड़ी सनहा संख्या–22/2024 दिनांक– 04.07.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0), द्वितीय, रॉंची – 9431706142
थाना प्रभारी नगडी, रॉंची। – 9431706176

वरीय पुलिस अधीक्षक
रॉंची

PR 331567 Police (24-25)_D

**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची**
**कृषि भवन, कॉंके रोड़, रॉंची–834008**
**(कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
**Email ID-ddhranchi@rediffmail.com**

**RE-RFE/Horti/02/24-25**

| | | |
|---|---|---|
| | Very Short RE-RFP No. | RE-RFE/Horti/02/24-25 |
| 1 | Name of Work | RE-RFE for supply of hybrid/open pollinated seeds of vegetables under various schemes of Directorate of Horticulture & State Horticulture Mission, Jharkhand for FY 2024-25. |
| 2 | Period | 3 Yrs. (initially the contract will be for one year which can be extended for another two years based on the performance). |
| 3 | Tender Form Cost | Rs. 10000.00 (to be paid online only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 5.00 Lakhs (to be paid online only) |
| 5 | Date of Publication of tender on website | 03-08-2024 at 02.00 PM |
| 6 | Document Download Period | 03-08-2024 from 02:00 PM to 11-08-2024; 03:00 PM |
| 7 | Online Bid Submission Period | 03-08-2024 from 02:00 PM to 11-08-2024; 03:00 PM |
| 8 | EMD and Tender Cost submission date | The RFE documents along with tender cost and EMD as mentioned in the document should be submitted online only. |
| 9 | Date and Place of Technical Bid Opening | 12-08-2024 at 03:30 PM<br>Directorate of Horticulture,<br>3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 |
| 10 | Name and Address of the tender inviting Authority | Faiz Aq Ahmad Mumtaz,<br>Director Horticulture, Jharkhand, Ranchi |
| 11 | Contact No. of e-procurement officer | 9430329944 |

ह0/–
संयुक्त निदेशक उद्यान,
झारखण्ड, रॉंची

PR 331581 (Agriculture)24-25*D


## विधानसभा का मॉनसून सत्र : सीएम का भाषण शुरू होते ही विपक्ष का हंगामा तेज

# चार विधेयक पारित, सीएजी की रिपोर्ट पेश

- निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024
- झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक 2024
- झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवायें विधेयक 2024
- झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मॉनसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह से ही विधानसभा परिसर में भाजपा के निलंबित विधायकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। विपक्ष के जो विधायक सस्पेंड नहीं थे, वे भी कार्यवाही में भाग नहीं लिये। हालांकि, सभी विधायक द्वितीय पाली की कार्यवाही में आ गये। दूसरी ओर सदन में सरकार ने अंतिम दिन कई अहम विधेयक भी पेश किये गये। प्रथम पाली में चार विधेयक पारित भी करवा लिये गये। इसमें झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024, झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक 2024, झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवायें विधेयक 2024 और झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 है। सदन में सरकार ने सीएजी की रिपोर्ट भी पेश की। इसी के साथ सरकार ने चार विधेयक भी पारित किये।

द्वितीय पाली में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि जब सदन चल ही नहीं चल रहा था तो विपक्ष के विधायकों को किस जुर्म के लिए निलंबित किया गया। हमने तो केवल सरकार के चुनाव पूर्व के वादों पर सरकार का जवाब मांगा था। जब तक सीएम सवालों का जवाब नहीं देंगे, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है, जब सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद विधायकों को निलंबित किया गया है।



### केंद्र सरकार के वादों का क्या हुआ : प्रदीप

अमर बाउरी के बयान पर सत्ता पक्ष के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है। केंद्र ने प्रतिवर्ष दो करोड़ की नौकरी व 15 लाख गरीबों के खाते में देने का क्या हुआ। केंद्र को पहले इन सवालों का जवाब देना चाहिये। सदन में भाजपा के विधायक अनंत ओझा ने कहा कि विधायकों के निलबंन का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री के माध्यम से आना चाहिये था। कहीं न कहीं संसदीय कार्य मंत्री भी यह समझ रहे हैं कि विपक्ष के साथ गलत हो रहा है, इसलिए वे शांत रहे। उन्होंने कहा कि आज दोपहर दो बजे तक के लिये विपक्ष के विधायक निलंबित थे। विधेयक पर उन्हें चर्चा में शामिल होना था। दो बजे के बाद ही विधेयक पर चर्चा होनी थी। इसके बावजूद प्रथम पाली में ही विधेयक पारित कर लिया गया।

### भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन



विधानसभा परिसर में शुक्रवार को सुबह भाजपा के निलंबित विधायकों ने प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने बालू बेचने का प्रदर्शन किया। डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता सिर पर बालू की टोकरी लेकर पहुंचे थे। डॉ नीरा यादव बालू बेच रही थीं। प्रदर्शन में अनंत ओझा, अर्पणा सेन गुप्ता, आलोक चौरसिया, राज सिन्हा, रणधीर सिंह, बिरंची नारायण, कोचे मुंडा आदि शामिल थे। इसके बाद निलंबित विधायक मुख्यमंत्री के चैंबर के बाहर धरने पर बैठ गये।

**सरयू राय ने उठाया गंदे पानी की सप्लाई का मामला** : विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी से गंदा पानी सप्लाई का मामला उठाया। उन्होंने मांग की कि सरकार चांडिल डैम से जमशेदपुर में पेयजल आपूर्ति करे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चांडिल डैम का ही पानी स्वर्णरेखा नदी में आता है। सरयू राय चाहें तो पेयजलापूर्ति की पानी की लैब में जांच करवा लें, पानी खराब होगा, तब निर्णय लिया जायेगा।

## 50 लाख महिलाओं को हर महीना एक हजार रुपये देंगे : मुख्यमंत्री

*हम गर्व से कहते हैं, जो हमने पांच साल में किया भाजपा की सरकार 50 साल में नहीं कर पाती : हेमंत सोरेन*



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मॉनसून सत्र के अंतिम कार्यदिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को लेकर कई कदम उठाये हैं और अबभी पूरा प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में सुधार किया गया। अब भी सुधार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हमने काम नहीं किया। हमने अपने कार्यकाल में पारा शिक्षक का मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाया। आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका का मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाया। रसोइया का मानदेय 100 प्रतिशत बढ़ाया। अनुबंधकर्मियों के मामले में 1200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया। अभी हम गर्व से कहते हैं, जो हमने पांच साल में किया ये 50 साल में नहीं कर पाते। ये ऐसे आचरण वाले हैं, जो काम ना करते हैं, ना करने देते हैं। इन्हें लोकसभा में हल्का आइना दिखाया है अब विधानसभा में पूरा आइना दिखायेंगे। ये यहां सिर्फ हल्ला करने आए हैं। इन्होंने 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को रोकने का काम किया। लंबोदर जी बोल रहे हैं कि हमको आदिवासी में शामिल करो, आदिवासी की तो हालत खराब है। कहां जाएंगे आदिवासी बन कर। डेमोग्राफी दिख रहा है, मुस्लिम गैर मुस्लिम दिख रहा है... इनलोगों ने तो लोग देश बेच दिया। एयरपोर्ट बेच दिया, पोर्ट बेच दिया। ये वो नालायक लोग हैं, जो बुजुर्गों की संपत्ति बेच देंगे। हमने किसानों की ऋण माफी की। बेरोजगारी भत्ता की बात करते तो जाकर प्रखंड में पता करो कि मिल रहा है या नहीं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि 50 लाख महिलाओं को हर महीना एक हजार देंगे। उन्होंने कहा कि मॉर्डन स्कूल, एक्सीलेंट टीचर बहाल किए। हमने बच्चियों को साइकिल दी, अब पोशाक भी देंगे। इनके राज गुजरात में पूछिये, कितना एग्जाम लिया। एक भी परीक्षा वहां नहीं लिया। जीरो। नीट में लाखों बच्चों का करियर खराब कर दिया। सब जगह पेपर लीक हुआ। ये बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं, तो बताइए रांची, धनबाद, जमशेदपुर में किसकी वजह से आबादी बढ़ी है। ये क्या बात करेंगे। ये घुसपैठेये बांग्लादेशी की बात करते हैं। हवा, पानी, जमीन तीनों के रास्ते पर हक इनका है। आज एक डॉलर 85-86 रुपया है। ये हमारी स्थिति पाकिस्तान से से भी खराब कर देंगे। अखबार में ये बड़े बड़े आलेख छपवाकर लोगों को भ्रमित करते हैं। पहले भाजपा की सरकार बोलते थे। अब एनडीए की सरकार बोलना पड़ रहा है। बतायें सरकारी जमीन, टाटा स्टील की जमीन पर ऑफिस कैसे बनाया। हम जब नौकरी देने की दिशा में आगे बढ़े तो अलग अलग तरीके से परेशान किया और पांच महीने रहता तो पांच लाख नौकरी देते। कर्मचारियों को पता है कि हमने क्या किया। ये संघ के लोगों को बुलाकर बोलते हैं कि कितना मांग पूरी हुई, वो बोलते हैं आधा हुआ, तो ये धरना देने को कहते हैं। इन्होंने सहायक पुलिस वालों को बहाल किया। हमने विभिन पदों में बहाली का बात की है।

## विधानसभा के 17 सत्रों में हुई 121 बैठकें : स्पीकर

### मॉनसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को दिया समापन भाषण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि 5 वर्षों में विधान सभा के दौरान 17 सत्रों का आयोजन हुआ एवं सभा की 121 बैठकें हुई। श्री महतो मॉनसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को समापन भाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा में राज्य सरकार द्वारा कुल 87 विधेयक लाये गये एवं 81 विधेयकों पर सभा ने सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि 67 विधेयक अंतिम रूप से कानून का रूप लिया। कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव इस सभा के द्वारा पारित किये गये।



उन्होंने कहा कि 11 नवम्बर, 2020 को आहूत विशेष सत्र के दौरान राज्य सरकार द्वारा राज्य के आदिवासियों के लिये जनगणना रजिस्टर में अलग आदिवासी, सरना धर्म का प्रावधान करने संबंधी प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे जाने पर सहमति बनी। इस सदन द्वारा स्थानीयता को अंतिम सर्वे खतियान के आधार पर परिभाषित करने का विधेयक एवं अन्य पिछड़े वर्गों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक भी सभा के द्वारा 2-2 बार सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, यह दोनों ही विधेयक वर्तमान में कानून का रूप नहीं ले पाया।

उन्होंने कहा कि कई कारणों से स्पष्ट बहुमत के बावजूद भी यह स्थिर सरकार कई बार अस्थिर हुई अथवा की गयी और यह विचारणीय है कि स्पष्ट बहुमत से चुनी गयी सरकार को 4-4 बार सदन का विश्वास मत हासिल करना पड़ा। इस सरकार ने झारखंड निर्माण के उद्देश्यों एवं आदर्शों के अनुरूप शासन के संचालन की जिम्मेवारी का निर्वहन किया। विधायी कार्यों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं में भी उन आदर्शों की झलक पूरी मजबूती के साथ दिखी। चाहे वह मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना हो, फूलों झानों आशीर्वाद योजना हो, अबुआ आवास योजना हो, सर्वजन पेंशन योजना हो अथवा अभी हाल ही में शुरू की गयी झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना हो, इन सभी योजनाओं में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के समग्र कल्याण का उद्देश्य परिलक्षित होता है।

## भाजपा ने स्पीकर को पद से हटाने का दिया नोटिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायकों ने स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को पद से हटाने के लिए प्रभारी सचिव जावेद हैदर को नोटिस दिया है। दरअसल, 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले युवाओं को रोजगार और अनुबंध कर्मियों के समायोजन से जुड़े वादों को लेकर जारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के निश्चय पत्र पर सीएम हेमंत सोरेन से जवाब के लिए अड़ी भाजपा ने एक नया दांव खेल दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा के प्रभारी सचिव को विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 158-1 के तहत विस अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए संकल्प की सूचना दी है। श्री बाउरी का कहना है कि हेमंत सरकार के इशारे पर भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। स्पीकर ने अपने पद का निष्पक्ष रूप से उपयोग नहीं किया। मुख्यमंत्री के हित की रक्षा करते हुए सरकार के इशारे पर झामुमो के एक विधायक सुदिव्य कुमार के द्वारा लाये गये निलंबन प्रस्ताव पर भाजपा विधायकों को निलंबित किया है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर ऐसा प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री सदन में लाते हैं। ऐसे मामलों में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होती है, जो नहीं हुई। उन्होंने कहा कि स्पीकर ने अपने पद का सही रूप से निर्वहन नहीं करते हुये पांच वर्ष तक अध्यक्ष की भूमिका में कम, झामुमो कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा कार्य किया। उसका प्रमाण है विस अध्यक्ष रहते 2024 के लोकसभा चुनाव में क्षेत्र में झामुमो का झंडा लगाकर प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में चुनाव प्रचार करना। उनका कहना है कि अध्यक्ष पद पर रहते हुए करीब 4 साल तक भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी सहित कई विधायकों की पूरे सत्र के दौरान एक भी ध्यानाकर्षण की सूचना नहीं ली। स्पीकर ने अपने पद पर रहते हुये लगातार केंद्र सरकार की आलोचना की।

## लोबिन की सदस्यता समाप्त करने के आदेश पर रोक से कोर्ट का इनकार

**रांची।** हाईकोर्ट ने झामुमो से निष्कासित विधायक लोबिन हेंब्रम की सदस्यता समाप्त किए जाने के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार किया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत ने स्पीकर कोर्ट में सुनवाई से जुड़े सभी दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। लोबिन हेंब्रम ने 25 जुलाई को विधानसभा के स्पीकर कोर्ट द्वारा उनकी सदस्यता रद्द करने के फैसले को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा है कि स्पीकर ने दबाव में आकर यह फैसला लिया है। यह बोरियो की जनता के साथ विश्वास घात है। कहा गया है कि मानसून सत्र की घोषणा पहले हो चुकी थी और सत्र में लोबिन अपने क्षेत्र से जुड़े दो सवालों को पटल पर रखने वाले थे, जिसकी अनुमति भी स्पीकर से प्राप्त हो चुकी थी। उसका जवाब भी आना था, लेकिन अचानक स्पीकर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उनकी सदस्यता रद्द कर करने का फैसला सुना दिया।

## चौकीदार व दफादार बहाली में एससी और पिछड़ों के पद नहीं: लंबोदर महतो

### कुरमी–कुड़मी को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर दिया धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** गोमिया से आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मानसून सत्र के छठे दिन पूरे राज्य में चौकीदार एवं दफादार की नियुक्ति में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति का आरक्षण समाप्त करने की ओर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने शून्य काल में सदन में कहा कि बोकारो जिले के उपायुक्त द्वारा चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती को लेकर निकाले गए विज्ञापन में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग में रिक्त पदों को जहां समाप्त कर दिया है। वहीं लिखित परीक्षा के पाठ्यक्रम में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की सूची से खोरठा भाषा को हटा दिया है। यही नहीं उपायुक्त ने क्षेत्रीय भाषा की सूची में बांग्ला, उर्दू और उड़िया भाषा को शामिल कर दिया गया है। सरकार से यह मांग है कि चौकीदार व दफादार बहाली की शर्तों में संशोधन कर अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग में रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि की जाये। बोकारो जिला की लिखित परीक्षा के लिए जनजाति व क्षेत्रीय भाषा की सूची में खोरठा भाषा को शामिल किया जाये। इससे पहले उन्होंने सदन के मुख्य द्वार पर कुरमी-कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने कहा कि कुड़मी जनजाति की अपनी पुरोखोनि कुड़माली भाषा संस्कृति जन्म, विवाह एवं मृत्यु के रीति रिवाज प्रथागत परंपरायें तथा आदिम स्वशासन व्यवस्था आज भी कायम है।

## कांवरिया अभिषेक मंडल की हत्या की जांच हो : चंद्रप्रकाश

**रांची।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कांवरिया अभिषेक मंडल उर्फ आसित मंडल की हत्या की उच्च स्तरीय जांच व पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। सांसद श्री चौधरी ने यह मांग बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की है। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बेहडा के रहने वाले अभिषेक मंडल उर्फ आसित मंडल की हत्या बांका जिले के कटोरिया थाना अंतर्गत छपरहिया धर्मशाला के पास सुल्तानगंज से देवघर जाने के क्रम में कांवरिया पथ पर कर दी गई। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में कांवरिया पथ पर लूटपाट एवं हत्या की घटना अत्यंत ही हृदय विदारक है। यह हत्या स्थानीय विधि व्यवस्था पर प्रश्न चि? भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से संवेदनशील हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को बिहार सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिये जाने की दिशा में शीघ्र करवाई करने की अपेक्षा जताया है।

# रांची, धनबाद और जमशेदपुर समेत सभी बाजार समिति के सचिव बदले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड ने राज्य की विभिन्न मार्केट कमेटियों में कार्यरत प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी, सुपरवाइजर और क्लर्क किरानी सभी को बदल दिया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक रांची बाजार समिति का प्रभारी पणन सचिव कृष्ण कन्हैया को बनाया गया है। वहीं रांची बाजार समिति के प्रभारी पणन सचिव रहे उत्तम कुमार को लोहरदगा बाजार समिति का प्रभारी पणन सचिव बनाया गया है। इसी तरह रांची बाजार समिति के सुपरवाइजर रहे विपुल सिंह को धनबाद बाजार समिति का प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी बनाया गया है और धनबाद के मार्केट सेक्रेटरी रहे राकेश कुमार सिंह को कोडरमा का प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी बनाया गया है। जबकि कोडरमा के मार्केट सेक्रेटरी रहे अभिषेक आनंद को जमशेदपुर बाजार समिति का प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी बनाया गया है।

**इन्हें मिला इस कमेटी की कमान:** माता शरण महतो सुपरवाइजर गोड्डा, शोभा कुमारी जमशेदपुर, रंजू कुमारी लोहरदगा, अनुपम टोप्पो रामगढ़, वंदना लाल सुपरवाइजर बोकारो, गुलाब कृष्णा सुपरवाइजर खूंटी, परमानंद बोबोंगा प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी खूंटी, सतीश चंद्र सिंकू को प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी चाईबासा, वीणा पांडे को दुमका, मीरा सामंत डाल्टनगंज, सरिता देमता प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी सरायकेला, अखोरी धीरज कुमार सुपरवाइजर रांची, राजेश शाह सुपरवाइजर देवघर, मयंक कुमार सिंह सुपरवाइजर मधुपुर, अरुण दास सुपरवाइजर बोकारो, रवि रंजन कुमार प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी गिरिडीह, मोहम्मद वसीम अहमद प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी हजारीबाग, अवध किशोर प्रसाद सुपरवाइजर रांची, दीपांकर राम प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी सिमडेगा, तपन प्रकाश सिंह प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी रामगढ़, अमित कुमार प्रभारी मार्केट सेक्रेट्री डाल्टनगंज, दिलीप कुमार दास सुपरवाइजर रामगढ़, राहुल कुमार प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी देवघर, महादेव राम सुपरवाइजर जमशेदपुर, कुमार कुंदन प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी दुमका, साधन कुमार सुपरवाइजर रांची, उर्मिला कुमारी सुपरवाइजर रांची, अभय कुमार प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी गोड्डा, शशि भूषण खलखो को प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी बोकारो, जुलतान मिखाइल तोपनो प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी चतरा, सुनील कुमार सुपरवाइजर धनबाद, उदय शंकर प्रकाश सुपरवाइजर जमशेदपुर, रश्मि नागेश सुपरवाइजर रांची, अभिजीत तिर्की सुपरवाइजर रांची, राजीव रंजन प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी गढ़वा, सतीश कुमार प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी बेरमो, राजेश रोशन तिर्की प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी गुमला, रमेश कुमार शर्मा सुपरवाइजर गढ़वा, संजय कछप प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी पाकुड़, मंजू मेलिसेंट सोरेन मार्केट सुपरवाइजर रांची व अनंत कौशल को प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी लातेहार बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मार्केटिंग बोर्ड के सचिन अनुज कुमार प्रसाद ने जारी कर दी है। इसमें कहां गया है की सभी स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारी अपने नव पदस्थापित कमेटी में योगदान कर मुख्यालय को रिपोर्ट करेंगे।

### बोर्ड और बाजार समितियां के कर्मचारी भी बदले

**रांची।** झारखंड मार्केटिंग बोर्ड ने बोर्ड समेत राज्य की विभिन्न कमेटी में पदस्थापित पत्राचार लिपिक को भी बदल दिया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक अरविंद कुमार-1 डाल्टनगंज, अरविंद कुमार-2 हजारीबाग, अनिल कुमार ओझा मार्केटिंग बोर्ड, ज्योति रानी पूर्ति रांची, आत्मानंद देवघर, पंकज रंजन सहाय खूंटी, लोकेश कुमार मार्केटिंग बोर्ड, राजीव कुमार मार्केटिंग बोर्ड, चंद्र प्रकाश मार्केटिंग बोर्ड, आशीष कुमार सर्राफ गढ़वा, सुरेश कुमार चौधरी बोकारो, कल्पना कुमारी गुमला, विनोद उरांव रामगढ़, मुकेश कुमार गिरिडीह, अर्जुन कुमार पंडित पाकुड़, पूनम टोप्पो सिमडेगा, विकास कुमार चौबे लोहरदगा, नरेन किस्कू चतरा, राजेश कुमार साहिबगंज और जुबलन कोंगाड़ी को धनबाद बाजार समिति में पत्राचार लिपि के पद पर स्थानांतरण किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मार्केटिंग बोर्ड के सचिव ने शुक्रवार को जारी कर दी है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

03.08.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 25



12 फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### मोदी कैबिनेट ने दिया झारखंड को तोहफा

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के नेतृत्व में शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में रायपुर-रांची राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर समेत आठ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इस प्रोजेक्ट की लंबाई 936 किलोमीटर है और कुल लागत 50,655 करोड़ रुपये होगी। इन प्रोजेक्ट्स से देशभर में लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। रायपुर-रांची कॉरिडोर के पूरा होने से झारखंड और छत्तीसगढ़ के विकास को फायदा पहुंचेगा। इनमें पत्थलगांव और गुमला के बीच 4-लेन खंड और 6-लेन योजना भी शामिल है।

### खूंटी में नदियां उफान पर, कई इलाके बने टापू

**खूंटी।** लगातार हो रही लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां उफान पर हैं। कारो, छाता, बनई सहित अन्य नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। लगातार बारिशा से कई घरों में बरसात का पानी घुस गया है। कई क्षेत्र तो टापू की तरह नजर आ रहे हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। तपकारा के पास कारो नदी का पानी पुल के ऊपर बह रहा है।

### हिमाचल में झारखंड के चार मजदूर लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बादल फटने से हुए हादसे में झारखंड के चार लोग लापता हैं। शिमला के रामपुर के झाकड़ी में गुरुवार की सुबह समेज खड्ड में हाइड्रो प्रोजेक्ट के नजदीक बादल फटने से इलाके में भारी तबाही हुई है। जिन 33 लापता लोगों की लिस्ट प्रशासन ने जारी की है, उनमें चार झारखंड के प्रवासी मजदूर हैं। उनके नाम ममता पत्नी राज कुमार पांडे, मुस्कान, रूपनी देवी और अंजलि है। ये झारखण्ड के किस जिले से इसकी पहचान नहीं हो सकी है।

### दिल्ली कोचिंग हादसे की सीबीआइ जांच होगी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राजेंद्र नगर में तीन यूपीएससी उम्मीदवारों की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी है। न्यायालय ने इस निर्णय के पीछे घटनाओं की गंभीरता और लोक सेवकों द्वारा भ्रष्टाचार की संभावित संलिप्तता को कारण बताया। साथ ही कोर्ट ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को सिविल सेवा उम्मीदवारों की मौत की सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि वह यह नहीं समझ पा रही है कि छात्र बाहर क्यों नहीं आ पाये। अदालत ने पुलिस पर कटाक्ष करते हुए कहा, शुक्र है कि आपने बेसमेंट में घुसने वाले बारिश के पानी का चालान नहीं काटा, जिस तरह से आपने एसयूवी चालक को वहां कार चलाने के लिए गिरफ्तार किया।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |




# प्रचंड बारिश, झारखंड में स्थिति जलप्रलय जैसी

## रेड अलर्ट जारी, सीएम के आदेश पर आज सभी स्कूल बंद रहेंगे

- सभी डीसी को सतर्क रहने का आदेश, आज भी भारी बारिश
- रांची में एनडीआरएफ बचाव में जुटी, 89.8 मिमी बारिश

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में पिछले 24 घंटे से हो रही जोरदार बारिश से जल प्रलय जैसी स्थिति बन गयी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौसम विभाग ने राज्यभर में रेड अलर्ट जारी कर दिया है। गृह विभाग ने शुक्रवार को सभी डीसी को अलर्ट रहने सुरक्षा के उपाये करने का भी निर्देश दिया है। भारी बारिश के कारण सभी नदियां, डैम तालाब उफान पर हैं। पानी सडकों पर बह रहा है। कई जिलों में पुल-पुलिया टूट जाने के कारण सड़क संपर्क भंग हो गया है। तमाम जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बन है। सड़कें पानी से भर गयी हैं। कई इलाकों के घरों में पानी घुस गया है। लोग घरों में बंधक बना हुए हैं। राजधानी रांची की स्थिति तो इतनी बिगड़ गयी कि लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एनडीआरएफ की मदद तक लेनी पड़ रही है। मौसम की स्थिति को देखते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने 3 अगस्त को सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूल रखने के आदेश दिये हैं।





### बचाव में उतरी एनडीआरएफ की टीम

राजधानी रांची में एक दिन में 89.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। तेज बारिश की वजह से कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गयी। दीपाटोली में 50 से अधिक घरों में पानी घुस गया। 100 से अधिक लोग घरों फंस कर बंधक बने रहे। पानी में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को उतारा गया। बोट की सहायता से टीम ने घरों और सड़क पर फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। खेलगांव के रोड नंबर 5 में दिन में ही भारी जलजमाव से लोगों की जान आफत में आ गयी।

### बासुकीनाथ स्टेशन में भरा पानी

दुमका में लगातार बारिश से बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन परिसर के साथ-साथ रेलवे पटरी पर भी पानी आ गया है। रेलवे पटरी के पानी में डूब जाने के कारण यहां रेल यातायात बाधित हो गया है। लोगों को रेलवे ट्रैक से पानी हटने का इंतजार है। रेलवे प्रबंधन पटरी से पानी की निकासी हो और यातायात फिर से सुचारू हो लेकिन बारिश रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। बाबाधाम की बी सभी सड़के पानी से भर गयी हैं।

### किसानों के चेहरे खिले

मूसलधार बारिश से किसानों के चेहरे खिल गये हैं। कई इलाकों में धान का बिछड़े लगाया गया था लेकिन रोकने की शुरूआत नहीं हुई थी। बारिश के बाद किसान धान की रोकने की शुरूआत करेंगे। बारिश से राहत मिली है खेतों में धान रोपने की शुरूआत करने वाले हैं। इस बारिश से खेतों में भी पानी लबलब भर गया है। किसान बारिश नहीं होने से मायूस थे वे इस लगातार बारिश ने काफी खुश नजर आ रहे हैं। इस बारिश ने अच्छी खेती होने की संभावना को बढ़ा दिया है।

### गृह विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने को कहा

झारखंड में हो रही भारी बारिश को देखते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को सभी डीसी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। सभी डीसी को भेजे पत्र में कहा गया है कि 3 को भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अलर्ट को मद्देनजर रखते हुए जिलों में सुरक्षा के उपाए करें। विभाग ने सभी लोगों से भी सतर्क रहने को कहा है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा में भारी बारिश की संभावना है। चार और पांच अगस्त को राज्य में हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। छह और सात अगस्त को राज्य में फिर से भारी बारिश की संभावना है। कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी और सिमडेगा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# रद्द नहीं होगी नीट-यूजी परीक्षा : सुप्रीम कोर्ट

## एनटीए का ढुलमुल रवैया छात्रों के हित में नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक बार फिर स्पष्ट कहा कि नीट-यूजी परीक्षा रद्द नहीं होगी। कोर्ट ने कहा, उसने प्रश्नपत्र लीक की चिंताओं के कारण विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 परीक्षा को रद्द नहीं किया क्योंकि इसकी शुचिता में कोई प्रणालीगत चूक नहीं पायी गयी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 जुलाई को सुनाए गए आदेश के विस्तृत कारणों में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अपना ढुलमुल रवैया बंद करना चाहिए क्योंकि यह छात्रों के हित में नहीं है।

### समिति का कार्यकाल बढ़ाया

पीठ ने कई निर्देश जारी किये तथा एनटीए के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिए इसरो के पूर्व प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में केंद्र द्वारा नियुक्त समिति के दायरे का विस्तार किया। इसमें कहा गया है कि चूंकि समिति का दायरा बढ़ा दिया गया है, इसलिए समिति परीक्षा प्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए विभिन्न उपायों पर अपनी रिपोर्ट 30 सितंबर तक प्रस्तुत करे। पीठ ने कहा कि राधाकृष्णन समिति को परीक्षा प्रणाली को मजबूत करने के मद्देनजर उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर विचार करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि नीट-यूजी परीक्षा के दौरान जो समस्याएं उत्पन्न हुई हैं, उन्हें केंद्र द्वारा दूर किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 23 जुलाई को नीट-यूजी 2024 को रद्द कर दोबारा आयोजित कराने के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा था कि इसकी विश्वसनीयता के व्यवस्थित तरीके से प्रभावित होने और अन्य गड़बड़ियों को दशार्ने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में न ीं है। पांच मई को 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) दी थी। देशभर के सरकारी और निजी मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है।

# सीएम हेमंत ने मंईयां सम्मान योजना प्रचार रथ रवाना किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को विधान सभा परिसर से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 10 एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सभी एलईडी वाहनों के माध्यम से रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन रवाना किये जाने के बाद रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला सहित राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों ने अपने-अपने जिलों में मंईयां सम्मान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए आज एलईडी वाहनों हरी



झंडी दिखाकर रवाना किया। आज से पूरे राज्य में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की शुरूआत हो गयी। इस अवसर पर स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी, विधायक सविता महतो, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अंबा प्रसाद, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, सचिव मनोज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। **(शेष 11 पर)**

### ऑस्ट्रेलिया को हरा भारत ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 के अपने अंतिम लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हरा दिया। भारत के लिए इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सबसे ज्यादा 2 गोल किये। भारत के लिए यह ऐतिहासक जीत है। भारतीय ने ओलंपिक के अंदर ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद हराया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 1972 में हराया था। इसके साथ ही टर्फ में ओलंपिक में भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। शुक्रवार को खेले गये मैच में भारत के लिए अभिषेक और हरमनप्रीत सिंह शुरूआत में ही ऑस्ट्रेलिया के बैकफुट पर धकेल दिया। अब टीम क्वार्टर फाइनल में धमाल मचाती नजर आयेगी।

## अंतिम दिन विपक्ष पर बरसे सीएम, कहा- इन्हें आगे भी हरायेंगे

# अग्निवीरों के आश्रितो को नौकरी व अनुग्रह राशि देंगे

### क्या बोले हेमंत

- हमने गैर सरकारी संस्थानों में एक लाख से अधिक नौकरी दी
- विपक्ष कोर्ट कचहरी गवर्नर का इस्तेमाल करता है
- हमने सरकारी अस्पतालों में सुधार किया
- विधानसभा चुनाव में पूरा आइना दिखायेंगे
- 50 लाख महिलाओं को हर माह एक हजार देंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मॉनसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को सदन नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अग्निवीरों के लिये बड़ी घोषणा की है। श्री सोरेन ने अपने समापन भाषण में कहा कि अग्निवीरों के निधन होने पर झारखंड सरकार उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी और अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। अपने भाषण में सीएम ने विपक्ष को जम कर लताड़ा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में तो इन्हें हराये ही हैं, विधासभा में तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। सीएम ने कहा विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, वे सिर्फ हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करता है। इसके पहले सीएम ने अनुपूरक बजट पारित होने पर स्पीकर को बधाई दी। सीएम के भाषण के दौरान भी विपक्षी सदस्य वेल में आ कर हंगामा करते रहे। इसके पूर्व सदन ने ध्वनिमत से चार विधेयक पारित कर दिया। सीएम के बयान ने के बाद स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी। **(शेष 11 पर)**



### जमीन के लुटेरे हैं ये

सीएम ने कहा, हमारा लक्ष्य बिल्कुल सामने है। हम झुकने वाले नहीं। मछली के आंख की तरह हमारा लक्ष्य सामने हैं। इनको आगे भी यें। भाजपा विधायकों में वेल में आने पर सीएम बोले देखिये, ये कैसे माहौल बनाते हैं। इन्होंने पांच सालों में क्या अर्जित किया। कितनी जमीन लूटी, इन्होंने डाका डालने का काम किया। जमीन के लिए मर्डर हुआ। ये जमीन के लुटेरे हैं और उल्टे हमें जमीन लूटने वाला बताते हैं। सीबीआई, ईडी लगाते हैं। ये बतायें कि कितने गैरमजरुआ सरकारी जमीन में इन्होंने पार्टी कार्यालय बनाया। राजनीतिक हवस पर क्या बोले, ये जनता को लेकर लूट फरेब का दुकान चलाते हैं। अलग-अलग राज्य के कोने में लूट मचा रहे हैं। ये हिंदू मुस्लिम के नाम पर वोट मांगते हैं। अयोध्या में झटका लगा। समझ नही पा रहे हैं।

### एक सीएम अपना राज्य छोड़ यहां घूम रहे हैं

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा के एक मुख्यमंत्री के राज में बाढ़ आया है, लोग जूझ रहे हैं। उनको छोड़ वे झारखंड घूम रहे हैं। चिंता मत करो, असम से लोग झारखंड नहीं आये हैं, यहीं से असम गये हैं। चुनाव आने दो असम में भी सफाया होगा। ये नौकरी की बात करने हैं। हमने गैर सरकारी संस्थानों में एक लाख से अधिक नौकरी दी। इन्हीं हाथों से नियुक्ति पत्र दिया। देश विदेश में वो बच्चे नौकरी दे रहे हैं। बीस साल में नियमावली नहीं बनी थी, हमने नियमावली बनायी। आदिवासी बच्चों के लिये स्थानीय नीति बनाया।

### विपक्षी कभी सामने से वार नहीं करते

श्री सोरेन ने कहा विपक्षी सामने से वार नहीं करते। कोर्ट कचहरी, गवर्नर का इस्तेमाल करते हैं। इनका ही कार्यकर्ता हमारे नियमावली रोकने कोर्ट गया था। इनके शासित राज्य में यही कानून बना तो संवैधानिक। हमने बनाया तो असंबैधानिक। रिम्स में ग्रेड ए के नर्स बहल किये। लिपिक लेखा पदाधिकारी का बहाली किया। 83 प्रतिशत आदिवासी को नौकरी दिया। कुछ में तो 100 प्रतिशत आदिवासी को दिया। इनको आइना दिखायेंगे तो आइना शरमा जायेगा। पंचायत सचिव, कनीय- सहायक अभियंता, लिपिक बहाल किए। पशु चिकित्सक पहली बार बहाल किया और कितना गिनायें। ये क्या बात करेंगे। मनरेगा का पैसा घटा दिया। आवास देना बंद कर दिया। हम 30 लाख अबुआ आवास दे रहे हैं। जनता विपक्ष का सब हिसाब लेगी। उनके पसीने छूट रहे। उनके 50 प्रतिशत विधायक हारेंगे।

### भाजपा ने दिया स्पीकर को हटाने का नोटिस

भाजपा विधायकों ने मानसून सत्र के आखिरी दिन विधानसभा के स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को पद से हटाने का नोटिस दिया। विधानसभा के सचिव को लिखे पत्र में भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान अध्यक्ष अपने पद के संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रहे हैं। सदन का संचालन प्रक्रिया के अनुरूप नहीं कर सके। इसलिए उन्हें पद से हटाया जाये।

# राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच सेतु बनें : मोदी

## जनजातीय क्षेत्रों के लोगों के विकास के उपाय सुझायें : राष्ट्रपति

राज्यपालों का सम्मेलन

### केंद्र और राज्यों के संबंधों पर हो रही चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने राज्यपालों से शुक्रवार को आग्रह किया कि वे केन्द्र और राज्य के बीच प्रभावी सेतु की भूमिका निभायें तथा लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ इस तरह से संवाद करें, जिससे वंचित लोगों को भी इसमें शामिल किया जा सके। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए यह महत्वपूर्ण है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे जनजातीय क्षेत्रों के लोगों के समावेशी विकास के लिए उपाय सुझायें। राष्ट्रपति की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है। संविधान के दायरे के भीतर लोगों के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों के संदर्भ में। **(शेष 11 पर)**



राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, अपने संबोधन में पीएम ने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी सेतु की भूमिका निभायें। विज्ञप्ति के अनुसार, शनिवार को समाप्त होने वाले इस सम्मेलन में उन विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी, जो न केवल केंद्र-राज्य संबंधों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आम लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने में भी सहायक होते हैं।

### मनु भाकर एक और पदक दिलायेंगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की स्टार शूटर और एक ओलंपिंक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में 25 मीटर पिस्टल महिला वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। वह 590 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत की अन्य निशानेबाज ईशा सिंह 25 मीटर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन से बाहर हो गयीं।



#### दो और पदक की उम्मीद

पेरिस ओलंपिक 2024 के सातवें दिन भारत के दो और मेडल जीतने का मौका है। मनु भाकर की नजर मेडल की हैट्रिक पर होगी। वहीं, लक्ष्य सेन से भी पूरे देश को मेडल की आस है। तीरंदाजी और जूडो में भी भारतीय एथलीट्स के पास शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने का मौका है। निशानेबाजी स्वप्निल कुसाले ने देश को छठे दिन ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। उनसे पहले मेडल शूटिंग में स्टार मनु भाकर, सरबजोत सिंह ने भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किये हैं।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने तराजू से तौलकर बालू बेचा



**मेदिनीनगर।** रांची झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन दो अगस्त को बालू की समस्या को लेकर भाजपा विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने एक हजार रुपये किलो तराजू से बालू तौलकर बेचते हुए पाये गये।

### पथरा जपला रोड जर्जर, चलना मुश्किल



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में दुबटिया से जपला पथरा रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। अनगिनत गड्ढे सड़क पर बन गये हैं। जिसमें बरसात का पानी भर जाने से वाहन चालकों व राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दुपहिया वाहन चालक गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं। शुक्रवार को अंधारीबाग गांव के समीप फेरी कर सामान बेचने वाला सड़क पर पानी भरे गड्ढे में बाइक सहित गिर पड़ा। जिससे चालक को चोटें आयी है।

### खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल वितरण



**सतबरवा पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने तीसरे चरण में सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत के चेतमा गांव में खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल बांटा। आशीष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से फुटबॉल बांटा जा रहा है। खिलाड़ियों के सहयोग में मैं हमेशा खड़ा रहूंगा। मौके पर बिट्टू सिंह , अकित कुमार, राजु उरांव, मानिकचद उरांव, सदीप उरांव, विकास सिंह, कुलदीप उरांव, प्रियांशु गुप्ता थे।

### चार को कांग्रेस का संवाद कार्यक्रम



**विश्रामपुर, पलामू।** कांग्रेस की परंपरागत रही सीट विश्रामपुर विधानसभा से कांग्रेस ने ताल ठोंक दिया है। इसे लेकर विश्रामपुर विस के विश्रामपुर, पांडू, नावा बाजार, ऊंटारी प्रखंड के समस्त कांग्रेसी नेता का हुजूम बीमोड रिलायंस मार्ट बिल्डिंग के ऊपर 12 बजे दिन से लगेगा। जानकारी देते हुए विश्रामपुर विस के भावी प्रत्याशी सह विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर रखा गया है। विश्रामपुर की जनता की पहली पसंद की पार्टी कांग्रेस है। पिछले चुनाव में पार्टी ने चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे को टिकट दिया था, जो बड़े पुत्र अजय दुबे की मौत से पार्टी काफी बिचलित हो गये थे।

### उमवि में प्रबंधक व माता समिति गठित



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम खरौंधा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधक समिति तथा माता समिति का गठन ग्राम पंचायत सगुना मुखिया मंजू देवी जी की अध्यक्षता में की गयी। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र सिंह एवं प्रवेक्षक शामिल थे। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राजू मोची, उपाध्यक्ष कविता देवी तथा संयोजिका रेखा देवी को सर्व सम्मति से बनाया गया। उसके बाद टंडवा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भी विद्यालय प्रबंधक समिति/माता समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राकेश बैठा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तथा संयोजिका सुषमा कुंवर को सर्वसम्मति से चयन किया गया।

### धनगाई स्कूल के प्राचार्य-शिक्षक कर रहे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़



**पाटन पलामू।** प्रखंड के धनगाई उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के साथ विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार एवं शिक्षक खिलवाड़ कर रहे हैं। उमवि धनगाई गुरुवार को दिन भर बंद रहा। जब बंद रहने की जानकारी प्राचार्य से ली गयी, तो उन्होंने कहा कि स्कूल के बगल में जीजोई नदी में लाश जल रहा है, जिस कारण स्कूल बंद है। जबकि ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल से करी आधा किमी की दूरी पर लाश जलाया जा रहा है।

### सांसद फुरकान की पत्नी और ग्रामीण विकास मंत्री की मां के निधन पर शोक



**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री सह सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मां मस्तुरी खातून के निधन पर कांग्रेस ने शोक जताया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने कहा कि स्व मस्तुरी खातुन एक नेक दिल और सर्वधर्म समभाव में आस्था रखने वाली महिला थी। वह अपने पुत्र डॉ इरफान की भी प्रेरणास्रोत बनी। श्री मिश्र ने कहा कि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी से मेरा चार दशक पुराना बहुत ही गहरा आत्मीय संबंध रहा है।

### लायंस क्लब का पौधरोपण-वितरण शुरू



**मेदिनीनगर।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने पर्यावरण की रक्षा के उद्देश्य से पौधरोपण एवं पौधा वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुमित पाठक ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की खराब स्थिति को देख एक गिलहरी प्रयास के उद्देश्य से हम सदस्यों ने शपथ ली थी कि बरसात में हजारों पौधे लगायेंगे। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हम लोगों ने अभी 350 पौधे बांटे हैं। कुछ ऐसे स्थान पर पौधरोपण किया जहां सुरक्षित रह सकें। एसएलए पब्लिक स्कूल शाहपुर प्रांगण, रानी सती मंदिर प्रांगण, ठाकुरबारी प्रांगण में पौधरोपण किया। हमारा उद्देश्य है कि पौधरोपण ऐसी जगह करें ताकि उसकी परवरिश भी हो सके। ज्यादातर पौधे हम लोगों ने पूजनीय और छायादार पौधों को चुना है।

# सांसद बीडी राम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

■ पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

**खबर मन्त्र संवददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलकात किया। इस अवसर पर उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र. के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कि कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है।



इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य बंद हो गया। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने की कृपा करें जिससे न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। हाल ही में छत्तीसगढ़ के सीएम ने भी आपसे मुलकात कर बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर रेल लाइन के निर्माण का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि टाटानगर मुरी रांची लोहरदगा डालटनगंज गढ़वा रोड जपला होते हुए वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन को चलाया जाता है तो इस रूट पर यात्री भी मिलेंगे, इस रूट पर वाराणसी के लिए गाड़ी भी कम है तथा जो गाड़ियां है भी पूरी तरह से भरी जाती है। इसके अतिरिक्त रांची गढ़वा रोड से सेक्शन का स्पीड भी 100 किमी प्रति घंटा तथा गढ़वा रोड डीओएस का सेक्शन स्पीड 120 किमी प्रति घंटा है।

# झारखंड भाजपा ने राज्य सरकार की बालू नीति का किया जोरदार विरोध

■ पांकी विधायक व अन्य विधायकों ने तराजू से तौलकर बालू किया बिक्री

■ राज्य के गरीबों से दूर हुआ बालू : डॉ मेहता

■ विधानसभा परिसर में खोला बालू बिक्री केंद्र





**खबर मन्त्र संवददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में जबसे इंडिया गठबंधन की सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी है तबसे राज्य में महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं दूसरी ओर झारखंड में विकास की पहिया थम चुकी है। आम गरीब मेहनतकश मजदूर रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्हें कहीं रोजगार मिल नहीं रहा है कारण कि हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों के पेट पर लात मारते हुए विकास की सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बालू पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिस कारण विकास की गति झारखंड में नहीं पकड़ रही है। बालू को लेकर राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी लगातार हमलावर रही है। सरकार के अंतिम सत्र में विपक्षी पार्टी द्वारा बालू को लेकर जोरदार तरीके से विरोध किया गया। सरकार के बालू नीति पर आक्रोश प्रकट करते हुए भाजपा के विधायकों ने विधानसभा परिसर भवन में ही बालू बिक्री केंद्र खोलकर एक हजार रुपये किलो बालू बेचना शुरू किया। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा भवन में तराजू लेकर बालू तौलते हुए कहा कि यह हेमंत सरकार के निकम्मापन को दर्शाता है। जो आदिवासी एवं विकास के हितैषी अपने आप को बताते हैं उन्हीं के कार्यकाल में आम गरीब लोगों से बालू कोसों दूर हो गया है।

## पांकी विधायक ने विधानसभा में पूछे अल्पसूचित प्रश्न

# मनातू स्वास्थ्य केंद्र शिफ्ट कर चिकित्सक दिलाने की मांग की

■ अधिवक्ता कल्याण कोष बनाकर अधिवक्ताओं को सुरक्षा देने की मांग

**खबर मन्त्र संवददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न पूछा है। जिसमें देश के अन्य राज्यों में अधिवक्ताओं के कल्याण हेतू अधिवक्ता कल्याण कोष का गठन व मेडिक्लेम इंश्यूरेंस की सुविधा प्रदान किया गया है। उसी तर्ज पर पलामू के अधिवक्ताओं को उक्त लाभ दिलाकर सुरक्षा प्रदान की जायेगा। कई राज्यों ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया है। इसी तर्ज पर पलामू समेत झारखंड के अधिवक्ताओं को सुरक्षा प्रदान की जाये। जवाब में कहा गया कि झारखंड राज्य अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति गठित है। राज्यकर्मियों व सेवानिवृत कर्मियों को झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभ मिल रहा है।



**खास बातें :** उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के तहत निबंधित अधिवक्ताओं को प्रदान करने का मामला विधि विभाग के विचाराधीन है। विधायक ने कहा कि क्या बात सही है कि देश के कई राज्यों ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया है। इस पर जवाब दिया गया कि अधिवक्ताओं के सुरक्षा हेतु प्रवत एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत प्रावधान अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम के नाम से कोई अधिनियम उनके राज्य में अधिनियमित नहीं है। शेष राज्यों से इसकी सूचना मांगी गई है। विधायक ने कहा कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ का गठन 1892 में हुआ है लेकिन संघ का अत्याधुनिक सुविधा, शौचालय व पार्किंग सहित अपना भवन नहीं है। जवाब दिया गया कि इस संबंध में सूचना विवरणी की मांग झारखंड स्टेट बार काउंसिल से की गयी है। इसका प्रतिवेदन अप्राप्त है। विधायक ने मनातू प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध नहीं होने से जनता को इलाज कराने हूत दूर पदमा स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। कहा गया कि मनातू का पुराना स्वास्थ्य केंद्र भवन है जहां चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाता है। डाक्टर व चिकित्साकर्मी उपलब्ध कराने की मांग पर कहा गया कि मनातू, तरहसी व लेस्लीगंज में पूर्व में बनें सभी भवनों को हस्तांतरित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का कोई भी भवन अनुपयोगी नहीं है।

# पलामू-गुमला पुलिस टीम के साथ सोना लुटेरा मोनू सोनी गिरोह का हुआ मुठभेड़

■ चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा और तिलदाग सीमा के पास हुई घटना

**खबर मन्त्र संवददाता**



**मेदिनीनगर/चैनपुर।** झारखंड समेत बिहार, बंगला व अन्य राज्यों में सोना लूट को अंजाम देनेवाला चैनपुर थाना क्षेत्र के सोनार मुहल्ला निवासी मोनू सोनी पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। गुमला जिला में स्वर्ण व्यवसायी को लूट की घटना को अंजाम देनेवाला था जो नहीं हो पाया। इस घटना के बाद गुमला पुलिस अनुसंधान प्रारंभ किया। पाया कि इसका तार कुख्यात स्वर्ण लुटेरा मोनू सोनी के साथ जुड़ा है। इस दौरान गुमला पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। जिसमें मोनू सोनी का चैनपुर थाना क्षेत्र में छूपे होने की जानकारी मिली। इसके बाद गुमला पुलिस यहां पहुंचकर पलामू पुलिस के सहयोग से चैनपुर थाना क्षेत्र के सहयोग से ग्राम रबदा, तिलदाग व खुरा के बीच सर्च अभियान चला रही थी कि मोनू सोनी ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर पुलिस को लक्ष्य कर गोली चलाना शुरू कर दिया। इस बीच पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग किया। इस मुठभेड़ में मोनू सोनी या उसके गिरोह के अन्य साथी को गोली लगी है। इसकी पुष्टि पलामू पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान किया है। सर्च अभियान में पुलिस को घटनास्थल से खून के धब्बे व गोली के खोखा बरामद किया गया है। मुठभेड़ के दौरान मोनू सोनी पुलिस को चकमा देकर मोटरसाइकिल से भागने में सफल रहा है। मोनू सोनी पलामू में मुरारी ज्वेलर्स हत्याकांड एवं चैनपुर थाना क्षेत्र में शराब कारोबारी को गोली मारने का मुख्य आरोपी रहा है।

## सोहेया पहाड़ में माइनिंग एरिया का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवददाता**

■ मापी होने तक बंद रहेंगे सभी संबंधित कार्य : एसडीओ



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने सोहेया पहाड़ स्थित माइंस में उत्खनन समेत विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। उन्होंने कहा कि माइनिंग उत्खनन का कार्य वैसे क्षेत्र में होना चाहिए जो सरकार द्वारा लिज किया गया है। ग्रामीणों से शिकायत मिली थी कि माइनिंग उत्खनन लिज एरिया से बाहर भी किया जा रहा है। इसलिए लीजधारक को आवंटित क्षेत्र की माफी अमीन से करायी जा रही है। मापी के बाद पता चल जायेगा कि उत्खनन लीज एरिया में हो रहा है या उससे अलग। ग्रामीणों की शिकायत है कि लीज पटा क्षेत्र से हट कर उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों की यह भी शिकायत है कि पहाड़ी क्षेत्र से सटे विद्यालय, मंदिर, मदरसा जैसे कई सार्वजनिक स्थल है। पहाड़ में ब्लास्ट के दौरान गांव व आसपास में पथल का छिटा आता है।

## हुसैनाबाद में 2.26 करोड़ से शीघ्र बनेगा स्टेडियम, स्वीकृति मिली

**खबर मन्त्र संवददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह के अथक प्रयास से हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। स्टेडियम का निर्माण 2.26 करोड़ से होगा। इसकी स्वीकृति पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार ने दी है। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि युवाओं व खिलाड़ियों की मांग पर उन्होंने बड़ा स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। स्टेडियम के बनने से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा। एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने स्टेडियम निर्माण कार्य की स्वीकृति पर टीम सूर्या की ओर से विधायक कमलेश कुमार सिंह को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में स्टेडियम निर्माण कार्य के अलावा युवाओं को सभी जगह तरजीह देने का काम हुआ है। सूर्या सिंह ने कहा कि कुछ माह पहले इस स्टेडियम का प्रक्लन सिर्फ 67 लाख का बना था। बाद में इसे बढ़ा कर 2.26 करोड़ कराने में थोड़ा समय लगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की जायेगी।

### बिकुआ प्रावि में प्रबंधक समिति व माता समिति गठित



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम बिकुआ में न्यू प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधक समिति/माता समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सगुना मुखिया मंजू देवी ने की। जिसमें समाजसेवी सुरेंद्र सिंह और पर्यवेक्षक आदित्य प्रजापति उपस्थित थे। अध्यक्ष पद पर जासिम अंसारी, उपाध्यक्ष लीला देवी, संयोजिका नूरजहां बीबी को सर्वसम्मति से चयन किया गया। उसके बाद ग्राम टोले नवादा में विद्यालय प्रबंधक समिति के चुनाव हेतु आम सभा का समय रखा गया था लेकिन किसी कारण बस चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

### बीडीओ ने की गम्हेथा आंगनबाड़ी केंद्र की जांच



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा ने गम्हैथा आंगन बाड़ी केंद्र की जांच की। जांच में पाया गया कि आंगनबाड़ी एक प्राइवेट भवन में चल रहा है। 11.30 बजे सेंटर बंद पाया गया। 11.50 में सेविका आयी। ताला खोलने के लिए कहने पर कमरा खोला गया। एक भी बच्चा सेंटर पर नहीं था। किचन में भोजन बनाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। शिकायत प्राप्त थी कि सेंटर कई दिनों से नहीं खुलता है। शिकायत बिल्कुल सही पाया गया। बीडीओ ने कहा कि सेविका सहिया पर जल्द ही कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नहीं किया जाना चाहिए। ताकि बच्चे को इसका लाभ मिल सके।

## डॉ आनंद बने शिक्षक प्रतिनिधि प्राचार्य समेत सभी ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवददाता**

■ एके सिंह कॉलेज जपला में शिक्षक प्रतिनिधि का हुआ चुनाव



**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी अंतर्गत अनुमंडल के एके सिंह डिग्री कॉलेज जपला में शुक्रवार को शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न कराया, जिसमें डॉ आनंद कुमार मनोविज्ञान को अधिकतम 1 मत विजयी घोषित किया गया। चुनाव कार्य को शांतिपूर्ण तरीके से सफल कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह बतौर पर्यवेक्षण भी मौजूद थे। वहीं निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में प्रोफेसर रेखा कुमारी,पीठासीन पदाधिकारी प्रो सुधीर कुमार सिंह और मतगणना पदाधिकारी के रूप में कॉलेज लेखापाल ओमप्रकाश सिंह के द्वारा कार्यो को संपन्न कराया गया। इस चुनाव में कुल दो उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था।

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर की तिथि-समय निर्धारित

**मोहम्मदगंज।** झारखंड सीएम मंईया सम्मान योजना के लाभुक चयन को लेकर पंचायत क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के टोलों के लिए शनिवार से सिंचाई कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में अलग-अलग तिथियों में शिविर लगेगा। मुखिया कमला देवी और पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि संबंधित आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के टोले के जरूरतमंद महिलाओं को अलग-अलग तिथियों में शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जवाबदेही सेविकाओं की है।

## वृक्षो रक्षति रक्षित : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवददाता**

■ नवगढ़ विद्यालय में किया गया पौधरोपण कार्यक्रम

■ इको क्लब के सदस्यों ने अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने की ली शपथ



**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड़ प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवगढ़ में इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी उंटारी रोड़ आशा साहू तथा विशिष्ट अतिथि बीपीओ नरेंद्र सिंह तथा बीआरपी नीरज चौबे थे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फलदार सहित कुल दो दर्जन शो प्लांट्स लगाये गये। विद्यालय के इको क्लब के बच्चों ने अपने जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष तथा पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ भी ली। मौके पर बीडीओ ने बच्चों से वृक्ष लगाने के फायदे संबंधित प्रश्न पूछे तथा इसके फायदे बताते हुए कहा कि वृक्षों रक्षति रक्षितः। हमारी रक्षा हो इसलिए वृक्षों की रक्षा जरूरी है।

### मिशन समृद्धि ने किया 100 सौ पौधे का वितरण



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि सौ पौधौं का वितरण सह पौधरोपण प्राकृतिक गीत संगीत के साथ किया। मिशन समृद्धि संस्था सालों भर अपने संसाधन के मुताबिक जरूरतमंदों के लिए रोटी, बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देकर, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के क्षेत्र में काम करती आयी है। उसी प्रकार प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा के क्षेत्र में भी काम करना समाज के प्रति अपना कर्तव्य समझती है। इस कार्य में वन पदाधिकारी शंकर श्रीवास्तव जी की पत्नी आरती श्रीवास्तव उनके पुत्र प्रज्जवल और इस कार्य को सफल बनाने में एक्वेरियम व्यवसायी शेखर संजीव कुमार का योगदान रहा। उन्होंने पौधरोपण की जिम्मेदारी भी ली है। स्वतंत्रता सेनानी नीलकंठ सहाय जी के आवास पर पौधा वितरण का कार्य किया गया, उनके पुत्र अमित सहाय का भी सहयोग रहा। नागरिकों ने पौधा के संरक्षण का जिम्मा लेते हुए आंवला सागवान गम्हार अनार कटहल पीपल मधुमालती एवं अन्य पौधौं को लेते हुए खुशी जाहिर की।

# स्वच्छ, समावेशी और त्रुटि रहित मतदाता सूची निर्माण करना प्राथमिकता : प्रवीण

■ पाटन अंचल में निर्वाचन की बैठक में दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवददाता**

**पाटन पलामू।** अंचल अधिकारी पाटन सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 78 छतरपुर (अजा) के कार्यालय कक्ष में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के संबंध में हो रहे स्पेशल समरी रीविजन (द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम) के संबंध में सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की गयी। बैठक में सभी सुपरवाइजर का बारी बारी से मतदान केंद्र वार लंबित आवेदनों की समीक्षा की गयी। लंबित फॉर्म 6,7,8 का तत्काल निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। फार्म 6 के अंतर्गत 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए जिन नागरिकों की उम्र 18 वर्ष हो गई है उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना है । फार्म सात के माध्यम से मृत, डुप्लीकेट एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य किया जाता है। फॉर्म 8 के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र में नाम की त्रुटि सुधार की जा रही है। इस संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही गई है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव अच्छे से संपन्न हो सके और हमारा लोकतंत्र मजबूत बन सके। ज्ञात हो कि अभी द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण चल रहा है जिसके अंतर्गत तीन एवं चार अगस्त को विशेष अभियान दिवस मनाया जायेगा। लक्षित समूह विशेष कर थर्ड जेंडर, वल्नरेबल समूह के नागरिकों का मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंध सुनिश्चित करने हेतु बैठक में निर्देश दिया गया। मौके पर अंचल अधिकारी सह सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रवीण सिंह ने कहा कि स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना पहली प्राथमिकता है।



बैठक में शामिल पदाधिकारी।

## विधायक का प्रयास रंग लाया पुल निर्माण की मिली स्वीकृति

# ₹336.456 लाख की लागत से बनेगा पुल : आलोक चौरसिया

**खबर मन्त्र संवददाता**

**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज भंडारिया विधायक आलोक चौरसिया का प्रयास रंग लाया है। सतबरवा प्रखंड के रजडेरवा गांव के ग्रामीणों की पुरानी मांग गणपत चौधरी के घर के पास पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। बताया जाता है कि रजडेरवा गांव स्थित मलय नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में गांव के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नदी में पानी बढ़ जाने के कारण 5 किमी दूर धान खेत के मेढ़ के सहारे कुलीया पुल से होकर एन एच पर जाना आना करते थे। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि ग्रामीणों की पुरानी मांग थी। जल्द पुल का निविदा निकाला जायेगा।





**खास बातें :** उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण के लिए 336.456 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गयी है जिसकी लंबाई 67.08 मीटर है। वहीं उन्होंने बताया कि सतबरवा के पोंची पंचायत के हलुमाड़ गांव में देवी मंडप से केश्वर सिंह के घर तक तथा दुलसुलमा पंचायत में देवी मंडप से नहर होते हुए उपेंद्र ठाकुर के घर तक पथ निर्माण होगा। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने इस क्षेत्र के विकास के लिए नहीं सोचा। विधायक के प्रयास से इस पुल का निर्माण हो रहा है। लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। डा गणपत चौधरी ने कहा कि विधायक आलोक चौरसिया जी के प्रयास ने रंग लाया और हम सबों का चीर परीचित मांग पूरा हो रहा है।

# दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

## आजाद बस्ती स्थित रजा कालोनी व डीएसपी रोड में भारी बारिश से कई घरों में घूसा पानी, लोग परेशान


आजाद बस्ती स्थित रजा कालोनी में सड़क पर बहता बारिश का पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला में लगातार दो दिनों से हो रहे झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो 3 अगस्त को भी बारिश होगी। इधर लगातार बारिश से शहर के कई मुहल्लों की सड़कों पर पानी भर गया है। आजाद बस्ती स्थित रजा कालोनी व डीएसपी रोड में भारी बारिश से पानी घरों में प्रवेश कर गया है। लोग बारिश में भींगकर इस दौरान नाली में फंसे कचरों को हटात व बारिश का पानी घरों से निकालते दिखे। डीएसपी रोड में तो पानी घुटनों के उपर तक पहुंच गया है।

जबकि इस रोड का निर्माण जल जमाव को देखते हुए किया गया था और नाली का भी निर्माण वृहत आकार में हुआ था। इसके बावजूद भी सड़क पर पानी का जमाव बंद नहीं हुआ। नगर पंचायत के द्वारा शहर मुख्यालय में बनाये जा रहे अधिकांश नालियां सड़क के लेवल सें उपर बनाया जाता है। जिसके कारण बारिश का पानी नाली तक नहीं पहुंच पाता और सड़कों पर ही बहता है या एक स्थान पर जमा हो जाती है। नगर परिषद के कार्यशैली पर हमेशा लोग प्रश्न चिह्न लगाते रहे हैं। बरसात से पूर्व नालियों की सफाई नहीं होने के कारण भी कई मुहल्लों में जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार सुबह सात बजे से हो रहे बारिश से शहर की सड़कों पर दिनभर सन्नाटा सा पसरा रहा। व्यापारी अपनी प्रतिष्ठानें तो खोलें मगर ग्राहक भारी बारिश के कारण नहीं पहुंचे। व्यापारी दुकान खोलकर दिन भर ग्राहकों का इंतजार करते रहें। इधर लगातार बारिश से किसान खेतों में पसीना बहाते नजर आयें। धान रोपनी का कार्य किसान तेजी से कर रहे हैं। क्योंकि जुलाई माह में बारिश नहीं होने के कारण किसानों के द्वारा लगाये गये बिछड़े खराब होने के कगार पर पहुंच गये थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से हो रहे बारिश से किसानों की उम्मीद जाग गयी और वे खेतों में तेजी से धनरोपनी करने में जुटे हैं।

### नालियां जाम है जिसे सड़क पर बह रहा है बारिश का गंदा पानी: अरूण

**गुमला।** अधिवक्ता अरूण कुमार ने नगर परिषद के कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए कहा है कि गुमला की नालियां जाम है और बारिश का पानी सड़कों पर बह रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद केवल जनता से टैक्स ले रही है जबकि सुविधाएं उपलब्ध कराने में सिफर साबित हुई है। शहर में समय से नालियों की सफाई नहीं होती है। जिसके कारण लोगों को आज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जशपुर रोड में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अब जनता को यह एक्शन लेना चाहिए की सुविधा नहीं तो कोई टैक्स नहीं।

## स्पीड न्यूज

### टाटी-खरता जंगल में जंगली हाथियों का झुंड, ग्रामीण भयभीत

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत स्थित टाटी-खरता जंगल में दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी बीती रात से अड्डा जमाये हैं। हुदू के तरफ से कई घरों व खेती को नुकसान पहुचाने के बाद सढ़ाबे व डुमरटोली में कई घरों व किसानों के खेती का नुकसान किया व टाटी-खरता मुख्य सड़क किनारे दर्जनों की संख्या में हाथी कब्जा जमाए बैठे हैं। इधर क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों का डर के मारे हालात खराब है, रास्ता चलना मुश्किल हो गया है। समाचार लिखे जाने तक बन विभाग के अधिकारी अथवा हाथी भगाने वाले नही पहुँचे थे। क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### एक दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम चार को

**लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा 30 दिवसीय चार चक्का वाहन चालक और 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन पर निशुल्क प्रशिक्षण चलाए जा रहे हैं । सावन माह को देखते हुए आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं द्वारा ब्यूटी पार्लर से संबंधित गतिविधियां जैसे थ्रेडिंग, बाल कटिंग (महिला एवं बच्चों) मेहंदी, फेशियल ,मैनीक्योर पेडीक्योर ,आदि पर एक दिवसीय फ्री सर्विस का आयोजन 4 अगस्त दिन रविवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में दोपहर 12:00 बजे से 4:0 बजे तक पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर निशुल्क दिया जाएगा। संबंधित व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### रोजगार सेवकों के स्थानांतरण को रद्द करने की मांग

**गुमला।** भाकपा माले के जिला सचिव गजेंद्र सिंह ने रोजगार सेवकों के स्थानांतरण पर सवाल खड़ा करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उनके स्थानांतरण को रद्द करने की मांग की है। गजेंद्र सिंह ने कहा कि रोजगार सेवक अल्प मानदेय पर काम करते हैं जो चुर्तथवर्गीय कर्मचारी से भी कम है। सरकार के निर्देशानुसार चर्तुथवर्गीय कर्मियों का स्थानांतरण नहीं होता है। ऐसी स्थिति में रोजगार सेवकों का स्थानांतरण न्यायोचित नहीं है। उन्होंने उपायुक्त से तत्काल मनरेगा कर्मियों के स्थानांतरण को रद्द करने की मांग की। गजेंद्र सिंह ने सरकार के विशेष सचिव सह राज्य ग्रामीण गारंटी आयुक्त के द्वारा 13 नवंबर 2007 को जारी पत्र का भी हवाला दिया गया है। जिसमें रोजगार सेवकों को उनके गृह पंचायत या निकट पंचायत में पदस्थापित करने का निर्देश दिया गया है।

### छात्रों के बीच साइकिल वितरण

**भंडरा।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने के लिए साइकिल का वितरण किया जा रहा है. इस क्रम में मध्य विद्यालय भौरो में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी बिना कुमारी, शिक्षक सरोज उरांव, मनोरमा अगस्टिन टोप्पो, मुखिया सुमंती तिग्गा के द्वारा 33 साइकिलों का वितरण छात्रों के बीच किया गया. मौके पर छात्र साइकिल प्राप्त कर काफी खुश नजर आए .छात्रों ने कहा कि अब भी विद्यालय सुगमता पूर्वक आएंगे और समय से विद्यालय आएंगे।

### भाजपा ने राज्य सरकार का पुतला फूंका

**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी के तत्वधान में युवा एवं अनुबंध कर्मियों के हक और अधिकार की मांग को लेकर झारखंड के हिटलर शाही एवं दमनकारी झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ शहर के पावर गंज चौक में पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झारखंड के अनुबंध कार्यों के हक और अधिकार की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा के अंदर जब भाजपा के विधायकों ने उनके मांगों का समर्थन करते हुए जोरदार तरीके से विरोध किया और विधानसभा के अंदर ही धरना प्रदर्शन देने लगे।

### लगातार 12वें दिन भी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर डटे रहे मनरेगा कर्मी

**गुमला।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ जिला ईकाई गुमला का अनिश्चितकालीन हड़ताल के लगातार 12 वे दिन भी जारी रहा। मनरेगा कर्मियों के लगातार हड़ताल के कारण मनरेगा से संचालित योजनाओं का कार्य लगभग ठप पड़ गया है। वहीं मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूरों को पिछले तीन सप्ताह से काम भी नहीं मिल पा रहा है। वहीं बारिश के कारण अधूरे योजना के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं और कूप निर्माण कार्य पर इसका सबसे बुरा प्रभाव पड़ा है। मनरेगा कर्मचारी संघ के जिला सचिव निर्मल उरांव ने कहा कि हड़ताल से जिले में मनरेगा का काम ठप हो गया है। उन्होंने कहा कि मनरेग के महत्वकांक्षी योजनाओं में मजदूरों को काम मिलना बंद हो गया है।

## बारिश से खिले किसानों के चेहरे

# खेतों में लौटी रौनक, धनरोपनी में जुटे किसान


खेत में धनरोपनी करती महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से जोरदार बारिश के साथ किसान खेतों में पसीना बहाते नजर आये। जोरदार बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसान खेतों में धानरोपनी का कार्य तेजी से करते दिखे। वहीं जोरदार बारिश और हवा के कारण वातावरण में नमी का एहसास हुआ। धान के बिचड़े जो गर्मी के कारण सूख रहे थे। उनमें जान आ गई है। चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत के किसानों द्वारा धान की रोपाई कार्य शुरू कर दिया गया है। इधर जोरदार बारिश के कारण बच्चों को विद्यालय जाने में काफी कठिनाई हुई तथा सड़कों पर जल जमाव हो गया है। कई किसानों ने बताया कि यह बारिश से धान फसल,गन्ने की फसल, मक्का की फसल और सब्जियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। बारिश से धान के बिचड़ों में जान आ गयी। किसान बोनीफास कुजुर ने बताया कि जिस तरह से कड़ी धूप में बिचड़े जल रहे थे। लेकिन सुबह से हो रही बारिश से धान की बिचड़ों को काफी फायदा हुआ है। वहीं पंपसेट से बिचड़ों को पटाने से मुक्ति मिल गई है।

# धान रोपनी में व्यस्त हुए किसान


धान रोपनी करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** एक अगस्त की रात से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित हो गया है खेत खलिहान तालाब कुआ नदी सभी जगह जलस्तर बढ़ गया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण चौक चौराहे सड़क में लोगों का आवागमन बंद है कार्यालय बैंक स्कूल में लोगों की उपस्थिति नहीं के बराबर है। प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से बारिश नहीं होने से लोग चिंतित थे। लोगों का कहना था कि इस वर्ष मानसून रूठ गया है जिसके कारण इस क्षेत्र का कृषि कार्य अत्यधिक प्रभावित हो रहा था, बारिश नहीं होने के कारण किसान खेती का काम सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे थे। किसानों के खेतों में धान का बीजाड खराब हो रहा था .दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद किसान खेत में धान की रोकने में व्यस्त हो गए हैं। किसानों के व्यस्त होने से बाजार चौक चौराहे सभी जगह सन्नाटा छाया हुआ। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से लोगों में खुशी देखी जा रही है।

# जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सहयोगी गिरफ्तार


गिरफ्तार युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य द्वारा लेवी मांग के उपरांत पचास हजार नगद राशि एवं मोबाइल के साथ एक नामजद आरोपी को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम में अंडा,चाउमीन दुकान संचालक के पास से लेवी का पैसा एवं मोबाइल पहुंचाने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां को मिलते ही उनके निर्देश पर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में सूचना सत्यापन एवं कारवाई किया गया। उसी दौरान अलौदी निवासी बौड़ा उराँव का पुत्र सुनील उराँव को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिस से मामला का खुलासा हुआ कि उग्रवादी संगठन जे जे एम पी का सक्रिय सदस्य फिरोज अंसारी द्वारा सरना बाउंड्री घेराव कार्य में संवेदक लक्ष्मण भगत से एक लाख पचास हजार नगद एवं एक ओप्पो मोबाइल का मांग किया गया था। इससे पूर्व जेजेएमपी संगठन के सक्रिय सदस्य फिरोज अंसारी द्वारा वट्सअप कॉलिंग के माध्यम से गली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दि गई थी। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तथा सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के चपरोंग निवासी सनिया भगत के 36 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण भगत के शिकायत पर पुलिस कारवाई के दौरान सुनील उराँव को लेवी की राशि एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने बताया कि संवेदक डर के कारण बुधवार शाम लगभग 3 बजे सुनील उराँव को लेवी का पैसा एवं मोबाइल देकर अपना वर्तमान पता लोहरदगा थाना क्षेत्र के छत्तर बगीचा लौट गया था। जबकि इस मामले में सुनील उराँव के परिजनों ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि साजिश के तहत फंसाया गया है साथ ही कहा कि दिव्यांग होने के कारण अपना जीविकोपार्जन हेतु अंडा चाउमीन दुकान संचालन कर घर का खर्च चलता है। वही पचास हजार नगद राशि एवं मोबाइल बरामद होने पर मामला का खुलासा हुआ।

# सहारा इंडिया सहित अन्य कंपनियों में जमा पैसे की भुगतान की मांग को लेकर कमर कस लें : विजय

## मुख्यमंत्री के समक्ष आयोजित धरना को लेकर चलाया जनसपंर्क अभियान


धरना पर बैठे मनरेगा कर्मचारी संघ के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा 11 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष आयोजित विशाल जन प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने जिला मुख्यालय गुमला में सैकड़ो लोगों से जनसंपर्क कर मेहनत के जमा पैसे भुगतान कराने के लिए हो रही बड़ी कोशिश की जानकारी दी और जमा पैसे भुगतान के लिए आंदोलन की तैयारी हेतु कमर कस लेने की अपील भी की है। इस मौके पर श्री सिंह को जमाकताओं ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि बेटा-बेटी की शादी अच्छे से कर सकें तथा बचत के ख्याल से हम लोगों ने पैसा जमा किया था लेकिन जब पैसा लौटाने की बारी आई तो कंपनी ही गायब हो गई। सरकार की भी भुगतान कराने के प्रति कोई ध्यान नहीं है।


## कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

(द्वितीय) अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25
दिनांक 01.08.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सडक परिवहन मद | | | | | | |
| 1 | 01 | नगर पंचायत को डरमा क्षेत्रांतर्गत फुलवरिया में सोलर लाईट एवं दो अदद् सोलर वेस्ड वाटर टैंक का निर्माण कार्य। | 1598700.00 | 32000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 07-08-2024 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 16-08-2024 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 17-08-2024 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | |
| E | Helpline No. | | | | +91-6204691550 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक–120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.331599 Urban Development(24-25):D



## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी
(विकास शाखा)

–:: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ::–

माननीय विधायक खूँटी– (60) क्षेत्रीय विकास निधि से खूँटी जिले के मुरहू प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं की प्रतिभा में संवर्धण एवं विद्यार्थियों के मौलिक विकास हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से ज्ञानोपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु निम्न प्रकार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र | निविदा का प्रकार | विद्यालयों की संख्या | पुस्तकों की संख्या | प्राक्कलित राशि | प्रतिभूति राशि (@ 2 % of Estimated Cost) | निविदा प्राप्त करने का अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का तिथि एवं समय | Procurement Procedure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिले मुरहू प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में पुस्तकों का क्रय | 61 | कुल 107 पुस्तक प्रति विद्यालय (दो सेट में) | 61,00,000 | 1,22,000 | 21.08.2024 till 11:30 AM | 21.08.2024 at 03:30 PM | Single Stage Two Envelop Basis |

निविदा की शर्तें निम्नवत् है :–
1. सभी निविदायें द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelop System) के अनुसार डाली जायेगी।
2. निविदादाता एक लिफाफे पर साफ शब्दों में "तकनीकी बीड" (Technical Bid) लिखकर उसमें मांगे गये सारे कागजात एवं प्रमाण पत्र (प्रतिभूति राशि का ड्राफ्ट सहित) डालेंगे एवं उसे मुहरबंद करेंगे तथा उस पर अपना नाम एवं पता साफ–साफ अंकित करेंगे।
3. दूसरे लिफाफे पर साफ शब्दों में "वित्तीय बीड" (Financial Bid) अंकित करेंगे। उस लिफाफे में पुस्तकों का दर वित्तीय निविदा के शर्तें के क्रमांक 01 के अनुसार अंकित करेंगे और उसे लिफाफे में डालकर मुहरबंद करेंगे। उस लिफाफे में दर के अलावे कोई अन्य कागजात नहीं डाला जायेगा। उस लिफाफा पर भी नाम एवं पता साफ–साफ अंकित करेंगे।
4. तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड दोनों मुहरबंद लिफाफों को तीसरे लिफाफे में डालकर उस लिफाफे को बंद करेंगे और उस पर साफ–साफ "पुस्तक हेतु निविदा" लिखेंगे। लिफाफे पर अपना नाम, पता एवं दूरभाष संख्या अंकित करेंगे। उस लिफाफे को उप विकास आयुक्त, खूँटी के नाम से मुहरबंद कर निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उप विकास आयुक्त, खूँटी का कार्यालय विकास शाखा खूँटी को भेजेंगे/जमा करेंगे।
5. निविदा से संबंधितएवं पुस्तकों की सूची की जानकारी के लिए जिला के वेबसाईट www.khunti.nic.in देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, खूँटी।

PR 331637 (District) 24-25 (D)



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Very Short e-Tender Notice**

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/16/RE-2/2024-25 DATE:- 01.08.2024

| SL No. | | Name of work | No Of Unit | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Lamps Of Districts East Singhbhum (Jamshedpur) | 29 | 10,18,33,500.00 | 10,000.00 | 10,18,400.00 | 12 Months |
| | (B) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Pacs Of Districts Godda & Sahebganj. | 43 | 15,09,94,500.00 | 10,000.00 | 15,10,000.00 | |
| 02. | Date Of Publication of on Website | | 05.08.2024 AT 11:00 AM | | | | |
| 03. | Last Date & Time of Submission of bids | | 13.08.2024 AT 05:00 PM | | | | |
| 04. | Name & Address of Office Inviting Tender | | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 05. | Contact No of Procurement Officer | | 7979760612, 7250895727 | | | | |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http://Jharkhandtenders.gov.in from 05.08.2024 at 11:00 AM to 13.08.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http://Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 13.08.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 14.08.2024.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi

PR 331649 Co-opretive(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/02/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के लापुंग प्रखण्ड अंतर्गत अकमरोमा बड़काटोली से कैलू टोली के बीच में कनकी नदी पर पुल निर्माण। | 256.362 | 5,12,800 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431349277
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 331594 Rural Development(24-25).D

## जान से खिलवाड़

बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी।जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं. दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। करीब 28 छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। एक कमरे का शीशा तोड़कर हॉस्टल कर्मियों ने छात्राओं को बाहर निकाला। 24 मई 2024 को गुजरात के सूरत के तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में चल रही एक कोचिंग में भीषण आग लगने से 23 छात्रों की मौत हो गई। आग बिल्डिंग में आने जाने के लिए बनाई गई सीढ़ियों के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। स्थानीय प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, फायर विभाग और अन्य संबंधित विभागों को व्यावसायिक भवनों के निर्माण और संचालन में कागजी कार्रवाई और फाइलों का पेट भरने की बजाय ईमानदारी और पारदर्शिता से नियम कानून का पालन करवाना चाहिए।

## पूजा की उम्मीदवारी रद्द

संघ लोक सेवा आयोग ने ट्रेनी आईएएस पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर की सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी है। उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयनों से स्थायी रूप से वंचित कर दिया है। यूपीएससी ने कहा कि सभी रिकॉर्ड की जांच के बाद ये सामने आया कि पूजा खेडकर ने सीएसई-2022 नियमों का उल्लंघन किया है। आयोग ने सीएसई के पिछले 15 सालों के डाटा को रिव्यू किया। जिसमें 15 हजार से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल थे। इस जांच से यह पता चला है कि उसने अपना नाम, अपने पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और अपनी पहचान बदलकर धोखाधड़ी से परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया। नोटिस में पूछा गया था कि क्यों न पूजा खेडकर की सिविल सेवा परीक्षा-2022 की उम्मीदवारी को रद्द किया जाए। पूजा खेडकर का तबादला पुणे से वाशिम कर दिया गया था। उन्हें अतिरिक्त सहायक कलेक्टर के रूप में नियुक्ति मिली थी। इसके बाद जिलाधिकारी सुहास दिवसे ने वरिष्ठ अधिकारियों को खेडकर के आचरण के बारे में जानकारी दी थी। पूजा खेडकर पर आरोप लगाया गया कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी के रूप में उन सुविधाओं की मांग की, जिनकी वे हकदार नहीं थीं। इसके अलावा उन पर एक वरिष्ठ अधिकारी के चैंबर पर कब्जा करने का भी आरोप है। खेडकर पर अपने पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। बताया गया है कि पूजा खेडकर ने अपनी निजी ऑडी कार में लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार के प्लेट लगवाई। इस निजी कार में पूजा खेडकर वाशिम की सड़कों पर घूमती नजर आई थी।

# आर्थिक सुधारों में पीएम मोदी फिर पिछड़ रहें हैं



जुलाई 1991 के बजट भाषण की हमें यह याद दिलाती है कि हमारे देश ने लोगों की आजादी और सरकार के वैध कामकाज को लेकर राज्य क्षमता की दिशा में कितनी सीमित प्रगति की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में ग्राहकों के कार्ड की जानकारी रखने पर रोक लगा दी है। यह घटना हमें केंद्रीय नियोजन की समस्याओं और नियमन में राज्य क्षमता के बारे में विचार करने का अवसर देती है। जुलाई 1991 में जो शुरूआत हुई उसे अभी भारतीय राज्य के काम करने के संभावित तरीके के रूप में पूरी तरह अंजाम देना बाकी है। भारतीय समाजवाद की इस परंपरा की शुरूआत नेहरू ने की थी और इंदिरा गांधी ने इसे और अधिक गहराई प्रदान की। इसका मूल दबदबे में निहित है। इस व्यवस्था में राज्य सबसे शक्तिशाली आर्थिक कारक है। सरकार ने कंपनियों और व्यक्तियों को निर्देशित किया कि कैसा व्यवहार करना है। दूरदराज इलाकों में रहने वाले और शांति से अपना जीवन बिताने वाले लोगों को दंड का भय दिखाकर सरकार के आदेशों का पालन कराया गया।

इसके साथ ही केंद्रीय नियोजन शब्द का जन्म हुआ। बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादों और प्रक्रियाओं से जुड़े निर्णय निजी लोगों द्वारा लिए जाते हैं और ये ग्राहकों की प्राथमिकता और बाजार प्रतिस्पर्धा से प्रभावित होते हैं। केंद्रीय नियोजन में सरकार ऐसे तकनीकी ब्योरे चुनती है। बाजार अर्थव्यवस्था में बाजार तय करता है कि विजेता कौन होगा।

केंद्रीय नियोजन में जीतने वाली तकनीक, जीतने वाली उत्पाद श्रेणी अथवा फर्म वो होती हैं जिन्हें सरकार का आशिष प्राप्त होता है। सन 1991 से 2011 के बीच की तेजी की सराहना करने वाले हम जैसे लोग यह कहना भूल जाते हैं कि भारतीय नीति विचार की प्रक्रिया में केंद्रीय नियोजन को बस यूं ही अपनाया और स्वीकार किया जाता है। योजना आयोग को भंग करने का निर्णय भारतीय समाजवाद से पीछे हटने का अहम निर्णय था लेकिन नियंत्रण का दर्शन अभी भी व्यापक है।

ऑनलाइन वेबसाइटों से व्यक्तिगत जानकारी लीक होने की बात अक्सर खबरों में रहती है। यह चिंता का विषय है। आरबीआई की प्रतिक्रिया एक नियमन बनाने की रही है। वह पेमेंट एग्रीगेटरों, पेमेंट गेटवे और कारोबारियों द्वारा ग्राहकों के कार्ड की जानकारी एकत्रित करने को प्रभावी तरीके से रोकता है। 'क्या उपभोक्ताओं को इंटरनेट पर डेटा भंडारित करने से रोकना चाहिए?' नामक एक हालिया पर्चे में मेरे सह लेखकों और मैंने यह दलील दी है कि प्रतिबंध बहुत अधिक है और वह लागत-लाभ विश्लेषण ने नहीं उपजा है। इस दौरान जनता से मशविरे की प्रक्रिया भी सही तरीके से नहीं अंजाम दी गई।



- अजय शाह

> क्या उपभोक्ताओं को इंटरनेट पर डेटा भंडारित करने से रोकना चाहिए?' नामक एक हालिया पर्चे में मेरे सह लेखकों और मैंने यह दलील दी है कि प्रतिबंध बहुत अधिक है और वह लागत-लाभ विश्लेषण ने नहीं उपजा है। इस दौरान जनता से मशविरे की प्रक्रिया भी सही तरीके से नहीं अंजाम दी गई।लोग वाणिज्यिक वेबसाइटों पर अपने कार्ड की जानकारी इसलिए डालते हैं ताकि नियमित भुगतान किया जा सके।

लोग वाणिज्यिक वेबसाइटों पर अपने कार्ड की जानकारी इसलिए डालते हैं ताकि नियमित भुगतान किया जा सके और उन्हें हर बार उस वेबसाइट पर जाकर कार्ड का ब्योरा न डालना पड़े। कंपनियों ने ग्राहकों तक अपनी सेवाएं और उत्पाद आसानी से पहुंचाने के लिए प्रक्रिया तैयार की है। आरबीआई का नया नियमन ग्राहकों के लिए दिक्कतदेह है। अब उन्हें हर महीने लाखों लेनदेन की जानकारी देने में अतिरिक्त समय लगाना होगा। तकनीकी विकास का खर्च भी बढ़ेगा। नियमन उपभोक्ताओं की प्राथमिकता को चुनिंदा भुगतान तकनीक की ओर स्थानांतरित करता है। जोखिम यह है कि तकनीकी चयन आरबीआई द्वारा आकार दिया जाएगा और केंद्रीय नियोजन के कारण ठहराव आ सकता है।

यह नियमन निजी व्यक्तियों के लिए बाधा उत्पन्न करती है और इसलिए इसे तभी लागू किया जाना चाहिए जब समाज को होने वाले लाभ इसकी लागत से अधिक हों। आरबीआई ने यह भी नहीं बताया कि कार्ड डेटा भंडारण पर लगने वाली रोक किस प्रकार उपभोक्ताओं और भुगतान मध्यवर्तियों पर पढ़नें वाली लागत के मुकाबले अधिक लाभदायक है। उदाहरण के लिए हमें यह नहीं पता कि कितने आंकड़ों में सेंध लगी है या भुगतान मध्यवर्तियों के पास जमा डेटा के कारण कितनी मौद्रिक हानि हुई है।

जब गैरनिर्वाचित अधिकारी कानून बनाते हैं तो लोकतांत्रिक वैधता का प्रश्न हमेशा उठता है। किसी भी क्षेत्र में लोकतांत्रिक वैधता हासिल करने का पहला कदम है सलाह-मशविरा। इस मामले में आरबीआई द्वारा सार्वजनिक मशविरे का अभाव है। आरबीआई ने सितंबर 2019 में जो सार्वजनिक मशविरा प्रक्रिया जारी की थी उसमें संभावित नीतिगत चयन को लेकर पूर्ण प्रतिबंध की बात नहीं थी। कार्ड की जानकारी भंडारित करने पर रोक कारोबारियों और ग्राहकों के लिए इस तरह सामने आई है जिसे रोका नहीं जा सकता। इस प्रतिबंध की घोषणा करने वाले दस्तावेज में इसका कोई संभावित विकल्प नहीं दशार्या गया। उद्योग जगत और ग्राहकों ने ऐसे हस्तक्षेप को लेकर क्या प्रतिक्रिया दी? आरबीआई को मशविरा प्रक्रिया में किस प्रकार की प्रतिपुष्टि मिलीं? प्रतिपुष्टि के किस हिस्से को स्वीकार किया गया और किसे खारिज किया गया? इसके पीछे क्या दलील दी गईं? इन सवालों के जवाब तभी मिलेंगे जब आरबीआई मशविरा प्रक्रिया के नतीजे पेश करे। सर्वोच्च न्यायालय ने सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बनाम ट्राई (2016) मामले में जोर दिया कि इन मानकों की मदद से नियामकीय प्रक्रिया पारदर्शी और सार्थक बनाई जाए।

वैकल्पिक उपाय मसलन देनदारी ढांचा और उच्च सुरक्षा मानकों की मदद से वांछित उपभोक्ता संरक्षण हासिल किया जा सकता है वह भी समाज के प्रति कम लागत को लेकर। यदि आरबीआई इन चयनों पर विचार करता तो इसे प्रकाशित नहीं करता। नियामकों द्वारा लोकतांत्रिक वैधता हासिल करने का दूसरा महत्त्वपूर्ण स्तंभ है तकनीकी विशेषज्ञता होना और उसे प्रदर्शित करना।

भारत को वापस उच्च वृद्धि की ओर ले जाने के लिए स्वतंत्रता और राज्य क्षमता की आवश्यकता है। आज के नियामकों के पास शक्ति है, अफसरशाही है और उस तरह का नियंत्रण है जिसके बारे में सन 1991 में सोचा भी नहीं जा सकता था। भारतीय नियामकों को विधायिका, कार्यपालिका और न्याय की अद्भुत मिश्रित शक्ति हासिल होती है।

## खास बात

### रुपये की गिरावट

**समी मोडक**

एमएससीआई उभरते बाजारों में भारत का प्रदर्शन इस साल काफी अंतर के साथ दमदार रहा है। इसके क्या कारण हैं?

ब्राजील, रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे उभरते बाजार मुख्य तौर पर जिंस निर्यातक हैं और वे काफी बजटीय घाटे से जूझ रहे हैं जैसे, डॉलर की मजबूती से तुर्की को काफी झटका लगा है। दूसरी ओर, भारत एक डॉलर निर्यातक देश है और चूंकि राजकोषीय घाटे में इजाफा हो रहा है, इसलिए तीन साल के दौरान तेल कीमतों में अपेक्षाकृत नरमी रहने से अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले भारत की राजकोषीय स्थिति कहीं अधिक सुदृढ़ रही।

बाजार ने उपभोक्ता वस्तु कंपनियों को काफी सराहा है क्योंकि वहां वृद्धि की संभावनाएं दिख रही हैं। आपको बेहतर संभावनाएं कहां दिख रही हैं? निवेश का नजरिया क्या होना चाहिए? सामान्य तौर पर भारतीय बाजार हमेशा से साफ-सुथरी और मजबूत नकदी प्रवाह के साथ बेहतर तरीके से प्रबंधित कंपनियों को सराहा है। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बर्जर पेंट्स और मैरिको जैसे शेयरों ने पिछले 20 साल के दौरान 200 से अधिक गुना रिटर्न दिए हैं। खास तौर पर मौजूदा परिदृश्य में रुपया पिछले पांच साल के अंतराल के बाद तेजी से लुढ़क रहा है और ऐसे में आईटी, फार्मा एवं वाहन जैसे निर्यात केंद्रित क्षेत्र फायदे के लिए बेहतर स्थिति में हैं। निकट भविष्य में किन चुनौतियों पर ध्यान देने की जरूरत है?ऋण की लागत वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व लगातार अपनी मौद्रिक नीति में सख्ती बरत रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर शेयर कीमतों को झटका लग सकता है। साथ ही, प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार जंग बढ़ने से मुद्रीस्फीतिक जोखिम पैदा होने लगा है क्योंकि तमाम देश महंगे घरेलू उत्पादों के बदले सस्ते आयात करने लगे हैं। ऐसे में मुद्राफीति में तेजी के जोखिम बढ़ रहा है और ऐसे में फेडरल रिजर्व मौद्रिक नीति में सख्ती जारी रखेगा। जहां तक घरेलू बाजार का सवाल है तो यहां हमारे अपने मुद्रास्फीतिक दबाव हैं क्योंकि सरकार गरीबों पर चुनावपूर्व खर्च कर रही है।

## सत्य का दर्शन

### विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

### कार्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### ढील-लापरवाही की देन

**कोरोना** महामारी ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। पिछले साल में बिगड़ी व्यवस्था अभी पटरी पर भी नहीं आ पायी फिर से लार्कडाऊन लगाने की नौबत आ गई है। आमजन ने इस बीमारी को हल्के में लिया, उसका ही परिणाम सामने आ रहा है। इसमें शासन तंत्र भी कम जिम्मेदार नहीं है, जहां भी चुनाव हो रहे हैं लाखों लोग चुनावी रैलियों में शामिल हो रहे हैं।

**–जगदीश सिंह, रांची**

#### दवाई और कड़ाई

**प्रशासनिक** स्तर पर अविलंब सक्रियता दिखाए जाने की जरूरत है। हवाई अड्डों, रेलवे और बस स्टेशनों पर यह व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए कि जांच में जो लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं, उनको घर तक पहुंचाने के लिए विशेष वाहन और होम क्वारंटाइन की व्यवस्था हो। कोरोना का प्रसार रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण जरूरी है।

**– सुमित कुमार, हजारीबाग**

**रांची** के हुंडरू फॉल का मनोरम दृश्य !!

झारखण्ड में प्रकृति प्रदत्त ऐसे सैकड़ों मनोहारी स्थल हैं जो सैलानियों को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं।

नेचर ने तो खूब दिया है हमें, शायद हम इसकी कद्र न कर पा रहे।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

### आपके ट्वीट

**झारखण्ड** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में झारखण्ड की 45 लाख बहनों को हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**संसद** में जब मैंने जातिगत जनगणना की बात उठाई तो वित्त मंत्री ने हंस कर इस गंभीर विषय का उपहास किया। देश की 90% आबादी के जीवन से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर ऐसी उपेक्षापूर्ण प्रतिक्रिया गलत है।

**– राहुल गांधी**

## फ्लोरा डफी: 62 हजार आबादी वाले देश की गोल्डन गर्ल

### ओलंपिक

**दिलीप कुमार**

महान कार्य करने के लिए किसी महान देश का नागरिक होना जरूरी नहीं है। छोटे देश में रहकर भी हम बड़ा काम कर सकते हैं। टोक्यो ओलंपिक में बरमूडा की फ्लोरा डफी ने स्वर्ण पदक हासिल कर यह साबित कर दिया कि जीत हासिल करने के लिए फौलादी इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। इसके लिए किसी महान देश का नागरिक होना जरूरी नहीं है।

उत्तर अटलांटिक महासागर के बीच स्थित 181 द्वीपों वाले देश बरमूडा की पहचान खेल और खिलाड़ियों से नहीं होती। आकर्षक समुद्र तट और अपार खनिज संसाधन इस देश को विशिष्ट बनाते हैं। सरकार द्वारा भी खेलों पर ध्यान कम ही दिया जाता है। लेकिन, फ्लोरा डफी ने कभी भी संसाधनों की कमी का रोना नहीं रोया और अपने हौसले को बुलंद बनाए रखा। नतीजा सबके सामने है। मात्र 62,034 लोगों की आबादी वाले देश बरमूडा के लिए फ्लोरा डफी ने पहला गोल्ड मेडल जीता है। ओलंपिक की ट्रायथलॉन स्पर्धा में फ्लोरा डफी ने 1:55:36 घंटे का समय लेते हुए स्वर्णिम सफलता अर्जित की। ब्रिटेन की जॉर्जिया टेलर ब्राउन ने 1:56:36 घंटे का समय लेते हुए रजत पदक प्राप्त किया।

विदित हो कि ट्रायथलॉन को एक कठिन प्रतिस्पर्धा माना जाता है। इस खेल में खिलाड़ी को 1,500 मीटर की तैराकी, 40 किलोमीटर की साइकिलिंग और 10 किलोमीटर की दौड़ एक साथ पूरी करनी होती है। टोक्यो में फ्लोरा डफी ने सबको पछाड़ते हुए अपने देश के लिए सोना जीता और इस तरह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के इतिहास में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाला बरमूडा सबसे कम आबादी वाला देश बन गया। शीतकालीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाला सबसे कम आबादी वाला देश लिंचेस्टाइन है। 1980 के लॉन प्लेसिड ओलंपिक में जब लिंचेस्टाइन को स्वर्ण पदक मिला था तो उस देश की आबादी मात्र 38,245 थी। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में ग्रेनेडा(आबादी 1,13,000), बहामास(आबादी 3,81,000), सुरीनाम(आबादी 6,07,000) और लक्जमबर्ग(आबादी 6,50,000) जैसे देशों ने भी स्वर्ण पदक जीते हैं।



फ्लोरा डफी के स्वर्ण पदक से सभी देश प्रेरणा ले रहे हैं जो आकार में छोटे हैं अथवा जिनके पास कम संसाधन है। टोक्यो ओलंपिक में बरमूडा की ओर से मात्र दो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दूसरे खिलाड़ी रोवर दारा एलिजादेह हैं।

33 वर्षीय फ्लोरा डफी ने पहले भी कई प्रतिस्पर्धा में पदक हासिल कर बरमूडा का नाम रोशन किया है। वर्ष 2013 से 19 के बीच ट्रायथलॉन की विश्व चैंपियनशिप में वह पांच बार स्वर्ण पदक और एक बार कांस्य पदक जीत चुकी हैं। 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा वह ट्रायथलॉन की कई विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। एक छोटे देश की नागरिक होने के बावजूद विश्व की सबसे प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर फ्लोरा डफी विश्व के सभी छोटे देशों के नागरिकों की आदर्श बन चुकी हैं। (कवि, लेखक, मोटिवेशनल गुरु और भारतीय रेल यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी।)

## भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र पर प्रतिबंध लगाना जरूरी

### सामयिक

प्रहलाद सबनानी

पिछले कुछ समय से भारत सहित, पूरे विश्व में इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में कोई प्रक्रिया तय नहीं की गई है और न ही सरकारी तौर पर इस सम्बंध में कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, परंतु फिर भी भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य विभिन्न संस्थानों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है एवं कई विनिर्माण इकाइयों से भारी भरकम राशि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में वसूली जा रही है। साथ ही, विनिर्माण इकाइयों पर भी दबाव बनाया जाता है कि वे अपने संस्थानों में इस्लाम मजहब के अनुयायियों की नियुक्ति करें। अब यह भी समझ से परे है कि फैशन, सौंदर्य साधनों, किराने के सामान, सब्जियों, वित्तीय सुविधाओं एवं ढाबे आदि जैसी गतिविधियों को हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र किस प्रकार प्रदान किया जा सकता है? इसी संदर्भ में अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट ने हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में जांच के आदेश जारी किए हैं।

दरअसल, इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल शब्द बहुत महत्व भरा शब्द है। हलाल का आशय यह बताया जाता है कि मुस्लिम मतावलंबियों के लिए जो वस्तु वैध है वह हलाल है और जो वैध नहीं है वह हराम है। ऐसा भी बताया जाता है कि प्रारम्भ में इस्लाम-कुरान में खाने की वस्तुओं, विशेष रूप से मांसाहार, के साथ हलाल शब्द को जोड़ा गया था अर्थात किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हलाल है एवं किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हराम है। परंतु, अब तो हलाल को दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के साथ जोड़ दिया गया है। जैसे हलाल मांस, हलाल फैशन एवं सौंदर्य के साधन, हलाल किराने का सामान, हलाल सब्जियां, हलाल वित्तीय सुविधाएं, हलाल ढाबे, आदि आदि।

कई इस्लामी देशों ने यह तय कर लिया है कि उनके नागरिक केवल हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थों एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग करेंगे एवं इन देशों ने हलाल प्रमाणन को कानूनी रूप दे दिया है। इन मुस्लिम मजहब बहुल देशों में विदेशों से आयात किए जाने उत्पादों को भी हलाल प्रमाणन के लिए प्रमाण पत्र सबंधित संस्थानों से लेना आवश्यक होता है ताकि ये कम्पनियां अपने उत्पादों को इन इस्लामी देशों को निर्यात कर सकें। चूंकि पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं, एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं। वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें। वर्ष 1945 में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन में मुस्लिम जुडीशियल कौंसिल हलाल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। इसके बाद हलाल पंजीयन की शुरूआत थाईलैंड में वर्ष 1969 में हुई जो केवल कुवैत में मुर्गी पालन उद्योग से निर्मित पदार्थों के निर्यात तक सीमित था। एक सुनियोजित इस्लाम केंद्रित व्यापार की वास्तविक शुरूआत दक्षिण पूर्वी एशिया के एक देश मलेशिया से हुई थी। वहां वर्ष 1974 में एक डिपार्टमेंट आफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया की स्थापना की गई।

यह विश्व का ऐसा पहला देश था, जिसने हलाल व्यापार को परिभाषित करने का एक कानून बना दिया। इस प्रक्रिया की गति इतनी तीव्र थी कि वर्ष 1980 तक मलेशिया को ग्लोबल हलाल हब बनाने के प्रयासों को आकार दिया जाने लगा था। वर्तमान में डिपार्टमेंट आफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया का नेटवर्क लगभग 45 देशों में फैला हुआ है और कुल लगभग 78 हलाल पंजीयन संस्थाएं इससे जुड़ी हुई हैं। भारत की भी तीन प्रमुख संस्थाएं - हलाल इंडिया, जमियत उलेमा हलाल फाउंडेशन, जमियत उलेमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट इसके सदस्य रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### दि झाकोमयू के अध्यक्ष बने जयदेव गुप्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी स्थित यूनियन कार्यालय में दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह मौजूद थे। अनिल सिंह ने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सभी समस्याओं हर हाल में समाधान किया जाएगा। बैठक में दि झाकोमयू सौंदा डी कोलियरी की शाखा कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष जयदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष कार्तिक उरांव व रामवृक्ष तुरी, सचिव सुरेश यादव, सह सचिव मो. अलीमाम व कौशल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष नरेश साव, कोषाध्यक्ष रामेश्वर मुंडा, संगठन सचिव दीपक कुमार और सह संगठन सचिव रूना कुमारी चुनी गईं। कार्यकारिणी सदस्यों में फगुनी, बुधनी देवी, बिंदु देवी, यमुना यादव शामिल हैं।

### मईयां योजना के लिए शिविर आज से

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में तीन से 10 अगस्त शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लिए लगेगा शिविर। 21 वर्ष से 50 वर्ष के बीच की सभी वर्ग समुदाय की गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए आवेदन करने हेतु अर्हता रखने वाली महिलाओं को अपने साथ मतदाता पहचान-पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, कोई भी राशन कार्ड की छाया प्रति, आधार से लिंक्ड सिंगल बैंक खाता की छाया प्रति, हाल का एक पासपोर्ट साइज का फोटो एवं साथ में अपना मोबाइल लेकर आना होगा। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में आयोजित शिविर में ऑफ लाइन आवेदन आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय एवं प्रेमी सलोनी तिर्की द्वारा भरा जाएगा।

### रफी की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कुजू।** मोहम्मद रफी की 44 वी पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार देर शाम अलंकार म्यूजिकल ग्रुप आरा सारूबेड़ा के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप में आरा दक्षिणी मुखिया राजेश्वर करमाली उर्फ रोजे करमाली, जनता मजदूर संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो शामिल हुए। इस दौरान अतिथियो के द्वारा मोहम्मद रफी की तस्वीर में पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि मोहम्मद रफी आज भी अपने गीतों के माध्यम से लोगों के दिलों में जिंदा है उनकी गीत कानो को सुकून देते है। बाद में गायक राजकुमार चौहान, महावीर नायक, दिनेश करमाली, उमेश प्रसाद साहू , नरेश, विशु गायिका रानी, गीता के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया।

### सौंदा पंचायत में कांग्रेस कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल सौंदा में शुक्रवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णा सिंह व संचालन कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साहु ने किया। बैठक में विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज उपस्थित थे। अंकित राज ने कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को जन-तन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से सीसीएल सौंदा कांग्रेस पंचायत कमेटी का गठन हुआ। फिरोज खान को अध्यक्ष, संतोष कुमार को उपाध्यक्ष, रंजीत गुप्ता को सचिव, मिलन सिंह को सह सचिव, राजू गिरी को कोषाध्यक्ष, उपेंद्र साव को मीडिया प्रभारी, स्थानीय मुखिया अभय सिंह को संरक्षक, नीतू देवी महिला प्रतिनिधि, हेमंती देवी महिला संरक्षक चुनी गईं। बैठक में दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### उप समिति गठन को लेकर बैठक कल

बरही। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरही उप समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में रविवार को 11 बजे सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर ने महासभा की बैठक आहूत की गई है। बैठक में महासभा के जिला समिति के पदाधिकारीउपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा ने दिया। श्री सिन्हा ने बरही प्रखंड के सभी चित्रांश परिवार से बैठक में उपस्थित होने की अपील की।

### मईयां योजना के लिए शिविर कल



बरही। केदारुत पंचायत में 4 अगस्त को मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर पंचायत भवन में शिविर लगेगा। उक्त जानकारी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने दी। उन्होंने पंचायत वासियों से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में फॉर्म भरकर लाभ उठाए।

### ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रामकुमार सिंह ने ओपी प्रभारी को दिया आवेदन



**कुजू।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह ने कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को श्री राम चौक बाईपास कुजू व नयामोड़ चौक गिद्दी मोड़ के पास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने कहा है कि श्री राम चौक बाईपास सड़क के किनारे ट्रांसपोर्टिंग गाड़ी खड़े रहते है। जिसके कारण सड़क पार करने वाले लोगो को दुर्घटना का डर बना रहता है। इससे पहले भी कई बार उक्त स्थल पर दुर्घटना हो चुकी है। वही नयामोड़ चौराहा गिद्दी जाने वाली सड़क के किनारे छोटी बड़ी गाड़ी खड़ी रहती है। जिससे जनता को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। उन्होंने दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए ओपी प्रभारी से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# हजारीबाग जिले में कोचिंग सेंटरों का औचक निरीक्षण

## टीम ने उपायुक्त को सौंपी विस्तृत जांच रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों में संचालित विभिन्न शिक्षण कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास द्वार,वेंटिलेशन, बिजली की व्यवस्था की जांच के लिए उपायुक्त के द्वारा छह सदस्यीय जांच दल गठित की गई है। जांच दल में सीओ सदर, बीडीओ सदर, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला अग्निशाम पदाधिकारी एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी है ने आज गुरुवार को भू अर्जन पदाधिकारी के नेतृत्व में हजारीबाग के शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास की स्थिति, छात्रों की बैठने की क्षमता एवं वर्तमान स्थिति, वैसे बहुमंजलीय भवन जिसके भू तल पर कोचिंग संस्थान संचालित है आदि की गहन एवं सुक्ष्मता से जांच गठित दल के सदस्यों द्वारा की गई।

**इन कोचिंग संस्थानों की हुयी जांच :** जांच दल ने चाणक्य आईएएस अकैडमी कौशल्या प्लाजा, रामकृष्ण आईएएस एकेडमी मटवारी, सफलता एक्सप्रेस बाबूगांव,चंदन मैथमेटिक्स बाबू गांव चौक, स्मार्ट फिजिक्स क्लासेस बाबू गांव चौक, गुडविल कोचिंग सेंटर ऑफ कॉमर्स बाबू गांव चौक, गुरुकुल कंप्यूटर एजुकेशन कोर्रा,श्री राम इन्फोटेक (लाइब्रेरी) कोर्रा,एंजेल इंग्लिश क्लासेस कोर्रा, एस्पिरेंट फिजिक्स मटवारी, वेद आई.टी टेक कंप्यूटर इंस्टिट्यूट बाबू गांव एवं डींकी फिजिक्स क्लासेस बाबू गांव समेत कुल 12 कोचिंग संस्थानों तथा सभी प्रखंडों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उपरोक्त वर्णित बिंदुओ को लेकर जांच की गई। जांच के क्रम में यह पाया गया कि इन सभी संस्थान सुरक्षा मानकों को पूर्ण नहीं करते है। उपायुक्त ने कहा है कि वैसे कोचिंग संस्थान जो सुरक्षा के सभी शर्तों को पूरा नहीं करते है, उन्हें कोचिंग चलाने की अनुमति नहीं दिया जा सकता है। उपायुक्त ने वैसे सभी संस्थानों को सुरक्षा के सभी मानकों को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# अवैध मुहानों को बंद करें : डीसी



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ समाहरणालय में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता ,जिला परिवहन पदाधिकारी, कई परियोजनाओं के महाप्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**रामगढ़।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारी लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय में बैठक हुई। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं यथा परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया ।उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जाएगा।

### कैंसर पीड़ित युवक ने लगायी मदद की गुहार

दारु। दारू पंचायत के बक्शीडीह निवासी कैंसर पीड़ित सरोज ठाकुर ने इलाज के लिए लोगों से मदद देने की अपील की है। सरोज को छह माह पहले ही कैंसर होने कि जानकारी मिली थी। उसके बांये बाह के नीचे एक घाव हो गया था जो कि जानकारी और अच्छी इलाज के अभाव मे धीरे धीरे कैंसर का रूप ले लिया। पीड़ित युवक कि आर्थिक स्तिथि अत्यंत दयनीय है वह भुरकुंडा के पास एक सैलून की दुकान चलाता था। सरोज कि तीन बेटी और एक बेटा है जिसका भरण पोषण करने में भी काफी समस्याएं आ रही। वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य है, उसके बीमार होने से उसके परिवार मे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पीड़ित के बच्चों के पालन पोषण के लिए आसपास के लोग चावल, राशन व कुछ नगदी कि मदद कर रहे है पर उसके इलाज मे खर्च बहुत आ रहा है। पीड़ित युवक व उसके परिजनों ने अखबार व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से आर्थिक मदद कि गुहार लगा रहे है।

# अबुआ आवास चयन में अनियमितता

**बसरिया : पंचायत समिति सदस्य की शिकायत पर बीडीओ ने की जांच, मुखिया और सचिव को शो कॉज**



चौपारण। प्रखंड के कई पंचायतों में अबुआ आवास योजना में पैसे का लेन देन कर वंचितों की जगह सक्षम के बीच योजना का आबंटन हो गया है। इस तथ्य की पुष्टि बीडीओ सीमा कुमारी के जांच में सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ ने संबंधित पंचायत की मुखिया तथा पंचायत सचिव को शो कॉज जारी कर दिया है। जवाब आने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि निर्माण के लिए दी गई पहली किस्त की राशि वापस ली जायेगी। बसरिया पंचायत में मुखिया तथा पंसस के बीच जारी विवाद के बीच प्रशासन को उपलब्ध करवाये गए आवेदन के आधार पर जांच आरंभ हो गया। शुक्रवार को बीडीओ ने बसरिया पंचायत के सात चयनित लाभुकों के संबंध में जांच की। शिकायत थी कि सेवानिवृत्त तथा सक्षम के बीच आवास योजना का वितरण किया गया। इसमें चिन्ता देवी , पति गोविंद भुइयाँ ग्राम कठंबा, मातेश्वरी देवी पति- निर्मल महतो ग्राम बसरिया, तारा देवी पति- शिवकुमार प्रसाद साव ग्राम बसरिया, विमला देवी पति,- सुभाष प्रसाद स्वर्णकार, ग्राम बसरिया, पार्वती देवी पति शंकर साव, ग्राम महुआ बाद, शकुन्तला देवी -पति गोविंद साव ग्राम महुआ बाद, धानो मसोमात पति- सहदेव पासवान ग्राम महुआ बाद के खिलाफ शिकायत की गई। बीडीओ ने जांच के बाद बताया कि इसमें पांच लाभुकों के चयन में नियमों की अनदेखी हुई है। इस गलती को लेकर शो कॉज किया गया है। अन्य दो की सभी बिंदुओं पर पडताल किया जा रहा है। इसके पूर्व भी कुछ अन्य पंचायत में भी शिकायत की जांच में अनियमितता पाई गई। इधर जांच के बाद बीडीओ ने बसरिया में विधालय की जांच की। पांडेय बारा पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की। आंगन बाडी भवन निर्माण में गडबडी की वजह से बच्चे किराये के मकान में आ रहे थे। आंगन बाडी केंद्र की दुर्दशा को देखकर बीडीओ ने सात दिनों के अंदर वेंडर को शीघ्र मरम्मत करने का निर्देश दिया।

### हर्ष अजमेरा ने जरूरतमंदों को दिया श्राद्ध राशन किट



**कटकमसांडी।** सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने जरूरतमंद परिवारों की सेवा में श्राद्ध कर्म भोज के लिए राशन किट वितरण अभियान की शुरूआत की। कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत बाझा के ग्राम हटकोना निवासी सुरेश तुरी और जागेश्वर सिंह भोक्ता, का शोकाकूल परिवार के परिजनों को श्राद्ध राशन किट कटकमसांडी के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह सेवा सहयोग समिति का उपाध्यक्ष विजय सिंह भोक्ता एवं भाजपा नेता नरेश पासवान,संदीप केशरी के हाथों सुपुर्द किया गया। इस राशन किट में करीब 150 लोगों के खिलाने भर का कच्चा राशन उपलब्ध रहता है. जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मशाला है। इस राशन किट के माध्यम से जरूरतमंद परिवार तक पहुंच बनाकर परिवार के दिवंगत पुण्यात्मा को सेवा सहयोग समिति का अध्यक्ष हर्ष अजमेरा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।मौके पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय सिंह भोक्ता,भाजपा नेता नरेश पासवान,संदीप केशरी ,छोटू अग्रवाल,सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# अनुशासन से मिलती है सफलता : प्रवीण राजगढ़िया

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री अग्रसेन स्कूल में छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को छात्र कैबिनेट के लिए शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें नए छात्र कैबिनेट में चयनित हेड ब्वॉय वैभव कश्यप साव, हेड गर्ल रोहिणी कौशल, डिप्टी हेड ब्वॉय अनिक अश, अजमेर खान, डिप्टी हेड गर्ल स्मृति टोप्पो, समृद्धि कुमारी समेत विभिन्न पदों के लिए अंशु रतन, श्रेया कुमारी, सागर पांडेय, प्रिंसी कुमारी, सुधांशु कुमार, बेबो भारती, आदर्श बर्मन, आंचल गुप्ता, आयुष कुमार सोनी, शीतल कुमारी, माही कुमारी, आदित्य कुमार, रोहित कुमार सिंह, विशाल राज, मोहित नायक को कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई।

निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यदि अनुशासन और समर्पण की सच्ची भावना हो तो जीवन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाता है। हम सभी को अपनी जिम्मेवारी के प्रति हमेशा ईमानदार रहना चाहिए। अपनी गलतियों से सीख लेकर अपनी कमियों को दूर करने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि जीवन में अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनाता है। अनुशासन की नींव मजबूत बनाने के उद्देश्य से ही इस कैबिनेट का गठन हुआ है। निदेशक अकादमिक एसके चौधरी, हाउस इंचार्ज साधना सिन्हा, सोनम खातून, सूरज सिंह, एचके सिंह, प्रोनती मुखर्जी, विजय शर्मा, अरविंद दुबे, लिलेश्वर पांडेय, कुमुल कुमार, नीलू श्रीवास्तव, ज्योति कुमारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर में रोशन लाल चौधरी ने परिवार के साथ ने किया रुद्राभिषेक



**बड़कागांव।** प्रखंड के महुदी पहाड़ चोटी में स्थित प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, धर्मपत्नी डॉ. रेखा चौधरी और छोटे सुपुत्र ऋत्विक चौधरी ने पूरे विधि विधान से रुद्राभिषेक कर समूचे बड़कागांव के लिए सु:ख समृद्धि और शांति की कामना बाबा बुढ़वा महादेव से की। उनके रुद्राभिषेक अनुष्ठान को पांच पंडितो द्वारा सम्पन्न कराया गया। मौके पर आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने कहा कि हम भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हर एक घर में सुख शांति और समृद्धि दे और यहां के लोगों के उन्नति के लिए अपना आशीर्वाद बनाए रखें। ताकि हम बड़कागांव वासी लगातार विकास की ओर बढ़ते रहें। मौके पर केंद्रीय सचिव सह मुखिया अनिकेत कुमार ,केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो,संदीप कुशवाहा,प्रखंड सह सचिव घनश्याम दांगी ,प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार ऽतापसऽ,सचिव मनोज दांगी,बैजनाथ महतो,बालेश्वर महतो, सहेश कुमार,पंकज कुमार, मेवा नाग,कविता देवी,प्रीति कुशवाहा, दुर्गा कुमारी,माधुरी कुमारी,दीपक दीन्हा,संजय महतो,राजू कुमार, पुरोहित मे आशीष पांडे,छोटू पांडे, अतुल पांडे ,मनीष पांडे द्वारा रुद्राभिषेक अनुष्ठान सम्पन्न कराया ।

### मंईयां सम्मान योजना की दी गयी जानकारी

**दारू।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मंईया सम्मान योजना की जागरूकता को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रखंड सभागार में एक बैठक बुलाई गई। बैठक में इस योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ हारून रशीद ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि ऽमईया सम्मान योजनाऽ अंतर्गत वैसी महिलाएं जिनकी उम्र 21 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है उन्हें झारखंड सरकार द्वारा 1000 प्रति माह दिया जाएगा। योजना का लाभ उठाने के लिए लाभुक के पास राशन कार्ड,आधार कार्ड,पैन कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पासबुक, एक फोटो एवं राशन कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा इस योजना का फॉर्म सभी को मिलेगा। 3 अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक आंगनबाड़ी सेविका द्वारा यह फॉर्म जमा लिया जाएगा। फॉर्म भरने के बाद आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक सेविका प्रतिदिन 50 फॉर्म वीएलई के पास जमा करेंगे जिसमे लाभुको को मोबाइल के साथ आना अनिवार्य होगा चूकि सभी कार्य बायोमेट्रिक होगी। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता,कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मिट्ठू रविदास, 20 सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव,सभी पंचायत के मुखिया , आंगनबाड़ी सेविका, सहिया,सीएससी संचालक इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

### भुइयां समाज के अध्यक्ष को मातृ शोक

बड़कागांव। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम की माता 80 वर्षीय करमी देवी का आकस्मिक निधन हो गया ।पकरी बरवाडीह शमशान घाट में मिट्टी देकर दफनाया गया। प्रभु राम ने कहा कि कि मेरे माता-पिता सतनारायण भगवान का पूजा अर्चना करते थे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,पंसस कृष्णा राम ,गुलाब राम, राम लखन राणा चमन राणा खेमलाल रजक, सुनील साव,शंकर भुईयां, खेमलाल राम,गणेश राम,रामवृक्ष भुइया फूलचंद भुईयां ,आलोक भुईयां, उमेश भुईयां, मोहन भुइया,मनोज भुइयां ,रोहन साव, कृष्णा तुरी, सुकर गंझु ,संजय राम, विजय राम, मीना भुईयां,अशोक राम, गोपाल राम, राहुल राम,बजरंग राम सोहर राम, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का हड़ताल जारी

**हजारीबाग।** झारखड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का हड़ताल शुक्रवार को 12वें दिन भी जारी। हड़ताल के कारण समाहरणालय, अनुमण्डल. प्रखण्ड एवं अंचल स्तर पर सभी कार्य बाधित रहे। हड़ताली कर्मियों द्वारा झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सरना स्थल एवं तकिया मजार में क्रमश: पूजा एवं इबादत की गई ताकि सरकार का हृदय परिवर्तन हो सके एवं नौ सूत्री माँगो पर सरकार द्वारा शीघ्र कार्रवाई की जाय। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री आर०सी० मेहता द्वारा धरनास्थल पर उपस्थित होकर हड़ताल के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं नौ सूत्री माँगो का समर्थन करते हुए सरकार से वार्ता करने का आश्वाशन दिया गया। उक्त कार्यक्रम में गोपाल कुमार पासवान, साक्षी कृष्ण अम्बष्ट, श्रीकर चौधरी, राजेश रजक, छोटेलाल राम, संजय कुमार पासवान, प्रदीप मांझी, शबनम टोपनो, चंदा पाठक, रंजना जी, अनुज कुमार पाण्डेय, आशीष रंजन, बबलू कुमार, सुमन्त कुमार सिंह, अनन्त कुमार, दिग्विजय सिंह, आशीष कुमार, तारकेश्वर कुमार यादव, राहुल रजक आदि उपस्थित थे।

### भाजपा की बैठक में चुनाव घोषणा पत्र पर मंथन



हजारीबाग। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का ,उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल ,हजारीबाग का प्रमंडलीय बैठक ,पैराडाइज रिसार्ट, हजारीबाग में, रामगढ़, चतरा ,कोडरमा एवं हजारीबाग जिला के अपेक्षित कोर कमिटी की बैठक हुई ।अपेक्षित व्यक्तियों में जिला अध्यक्ष, नि वर्तमान जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश का समिति सदस्य ,सांसद, पूर्व सांसद ,विधायक पूर्व विधायक शामिल हैं। बैठक में प्रदेश की ओर से बतौर प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय एवं दिलीप वर्मा प्रदेश सचिव उपस्थित हुए। बैठक में चारों जिला के भौगोलिक ,राजनीतिक, संस्कृतिक,सामाजिक स्थिति के साथ-साथ, स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।जिसे पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अमरदीप यादव प्रदेश अध्यक्ष पिछडा मोर्चा,हजारीबाग जिला के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, चतरा जिला के जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता, कोडरमा जिला के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ,बड़का गांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, भैया अभिमन्यु प्रसाद, सुदेश चंद्रवंशी, बटेश्वर मेहता, चंद्रनाथ भाई पटेल,कुंटू बाबू ,जिला पदाधिकारी,सुमन कुमार ,दामोदर सिंह, खिरोधर साहू ,नितीश चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिंहा,राज कुमार,संजय वर्मा, गोपाल कुमार, सुनीता सेठ,,जय नारायण प्रसाद, रेणुका साहू ,साक्षी राणा ,महेंद्र बिहारी ,महेश तिग्गा, विकास सिंहा ,राजकरण पांडे ,विशाल वाल्मीकि, मनमीत अकेला, कुमेल उरांव, रंजन फौजी ,विवेक जोशी,अजीत चंद्रवंशी,आशीष सोनी , निशीकांत जी,यदि उपस्थित थे ।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दिए गई।

## स्पीड न्यूज

### कुसुमलता का एम्स में चयन

**चतरा।** जिले के मयूरहंड प्रखंड की कुसुमलता का चयन पीजी करने को लेकर देश के सबसे बड़े अस्पताल एम्स में हुआ है। कुसुमलता एम्स में एमएससी नर्सिंग इन ऑब्सटेरिक्स व गायनेकोलॉजी स्पेशलिटी की पढ़ाई करेंगी। कुसुमलता ने पहले बीएससी नर्सिंग का कोर्स पूरा किया था। माता-पिता के साथ रहकर साधारण विद्यालय से पढ़कर मेडिकल के सबसे बड़े संस्थान में जाना किसी भी माता-पिता के लिए गर्व की बात है।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

**चतरा।** उपायुक्त ने जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता दरबार में अनुसूचित जाति छात्रावास में शौचालय की टंकी और चारदीवारी ढहने, पीने के पानी के प्रदूषित होने, एक दिव्यांग व्यक्ति को बैट्री युक्त ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने, भूमि विवाद, स्थापना, अस्पताल, अबुआ आवास, पेंशन, शौचालय, पेयजल से संबंधित समेत अन्य मामलों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन किया और जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

### इटखोरी से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना

**इटखोरी।** शुक्रवार को इटखोरी से कांवरियों का जत्था भक्ति भाव से सुल्तानगंज की ओर रवाना हुआ। रवाना होने से पहले सभी भक्तों ने प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। भक्तों ने बताया कि सुल्तानगंज में गंगा स्नान के बाद कांवर में जल भरकर देवघर बाबा मंदिर के लिए वे पैदल रवाना होंगे। देवघर में अरघा के माध्यम से शिवलिंग पर जल वे चढ़ाएंगे। आकाश केशरी, उदय केशरी, राजकुमार यादव, छोटू केशरी, साहिल दांगी, साजन पांडेय, मोहन केशरी सहित कई भक्त कांवरियों के जत्थे में शामिल थे।

### रविदास समाज के अध्यक्ष बने विक्रम दास, मनोज दास सचिव

**कुंदा।** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को रविदास समाज की एक बैठक रंजीत कुमार दास की अध्यक्षता में की गई, जिसमें समाज के विकास से संबंधित चर्चा हुई। बैठक में नशा मुक्ति, बाल विवाह और शिक्षा जैसे मुद्दों पर उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक में प्रखंड कमेटी का विस्तार भी किया गया, जिसका नेतृत्व रंधीर कुमार दास ने किया। सर्वसम्मति से बौधाडीह पंचायत के उपमुखिया बिक्रम दास को अध्यक्ष बनाया गया। मनोज दास को सचिव, अखिलेश दास को कोषाध्यक्ष, महादेव दास को उपाध्यक्ष, सतेंद्र दास को मीडिया प्रभारी, सुमन दास को संरक्षक, प्रमोद दास को संयुक्त सचिव, अनिल दास को संगठन मंत्री और ननकिशोर दास को महासचिव बनाया गया। सभी को अतिथियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### वेदु साव ने कोडरमा विस के लिए प्रत्याशी के रूप में की अपनी दावेदारी पेश

**मरकच्चो (कोडरमा)।** भाजपा के वरीय नेता वेदु साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोडरमा विधान सभा के लिए प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होनें विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 1980 से कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए कार्य शुरू किया। तीन साल तक मंडल उपाध्यक्ष के पद रहने के बाद लगभग नौ सालों तक पार्टी के जिला पदाधिकारी के रूप कार्य करते रहे। वहीं झारखण्ड अलग राज्य के निर्माण के लिए आंदोलनकारी के रूप में जेल भी गए। वहीं बाबूलाल मरांडी के साथ तीन टर्म तक उनकी पार्टी के जिलाध्यक्ष के रूप में रहे एवं जनहित के कार्यो में लगे रहे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ भाजपा में वापसी करते हुए लगातार पार्टी को आगे बढ़ाने में लगे रहे। वहीं उन्होंने बताया कि कोडरमा विधानसभा प्रत्याशी के लिए प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी व स्थानीय सांसद को आवेदन दिया है।

# डीसी ने मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड सरकार 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपये देगी।यह योजना पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए है। योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए जिला दंडाधिकारी ने दो एलईडी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सह समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**8 दिवसीय कैम्प आज से शुरू :** झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत जिले के सभी योग्य लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविर लगाए जा रहे हैं। नगर परिषद क्षेत्र में भी चिन्हित स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर प्रतिदिन सभी स्थानों में अगले 8 दिनों तक आयोजित होंगे। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शिविर के सफल संचालन का निर्देश दिया है ताकि कोई भी योग्य लाभार्थी आवेदन जमा करने से वंचित न रह जाए। बता दें कि झारखंड की 21 से 50 वर्ष की महिलाएं जो आधार से जुड़ा बैंक खाता रखती हैं, वे मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का लाभ उठा सकती हैं। जिनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है, वे भी दिसंबर 2024 तक योजना का लाभ ले सकती हैं।

इसके लिए मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। झारखंड राज्य के राशन कार्डधारी परिवार भी इस योजना के लिए पात्र हैं। आयकर अदा करने वाले परिवार, एढक्ष्धारी आवेदक महिला, आवेदिका स्वयं या उनके पति- केंद्र/राज्य सरकार अथवा केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नियमित कर्मचारी हों या सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हों, वे इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

### डीडीसी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सभी मुखिया व पंचायत सचिव के साथ की बैठक



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को जिले के सभी महिलाएं व बहनों को योजना का लाभ दिलाने को लेकर डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक किया गया। वहीं डीडीसी ने सभी मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। यह सरकार की बेहद ही महत्वाकांक्षी योजना है और आप सभी मुखिया से अपील है कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कोई भी लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित न रह पाये। योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अधिक से अधिक महिलाओं को लाकर आवेदन करायें और योजना से लाभ लाभान्वित करायें। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### टंडवा में नियमित बिजली आपूर्ति की मांग विधानसभा में गूंजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा में टंडवा क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति का मामला उठाते हुए सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने सरकार से पूछा कि टंडवा क्षेत्र में एनटीपीसी से बिजली उत्पादन होने के बावजूद भी क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति 5 से 6 घंटे ही क्यों हो पा रही है। उन्होंने सरकार से कहा कि टंडवा प्रखंड को डीवीसी के लाइन से टंडवा सर्विस स्टेशन को जोड़कर बिजली आपूर्ति की जाए ताकि लोगों को 24 घंटे बिजली मिल सके। सरकार ने बताया कि बड़कागांव स्थित पकरी बरवाडीह में 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन सर्विस स्टेशन का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है और अगले 12 महीनों में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद टंडवा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जाएगी। वर्तमान में टंडवा प्रखंड को डीवीसी हजारीबाग ग्रिड से बिजली की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन क्षेत्र में बिजली की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। सिमरिया के विधायक ने कहा कि टंडवा प्रखंड मुख्यालय में ही नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर परियोजना एनटीपीसी की स्थापना की गई है और इस परियोजना से बिजली उत्पादन होकर देश और प्रदेश के दूसरे राज्य रौशन हो रहे हैं, जबकि स्थानीय लोगों को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने सरकार से कहा कि मामले को लेकर जल्द से ठोस निर्णय लिया जाए अन्यथा नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर वृहद जन आंदोलन किया जाएगा।

# विकास के नाम पर भ्रष्टाचार, बाजार टांड़ में दूषित पानी का जमाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में विकास के नाम पर ग्रामीणों को गुमराह कर कुछ रुपयों के लिए टंडवा को बर्बाद कर दिया गया है। टंडवा की कई गलियों का गंदा नालियों का पानी फर्जी एनओसी पर बने बराज के कारण नहीं निकल पा रहा है, जिससे बाजार टांड़ में बरसात की पहली बारिश में ही दूषित पानी से तालाब बन गया है। इस दूषित पानी के जमाव के कारण आसपास के घरों में बीमारियाँ फैल रही हैं और दुर्गंध से लोग परेशान हैं।

टंडवा निवासी समाज सेवी रामदेव पासवान ने कहा कि बाजार टांड़ में दूषित पानी जम जाने और बराज के बढ़ते पानी से जमाव के कारण लोग परेशान हैं और पानी के दुर्गंध से बाजार से सब्जी लेने के लिए लोग आना छोड़ रहे हैं।

### दो दिनों की लगातार बारिश से कच्चा मकान ध्वस्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड में दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड के ढाब पंचायत में एक कच्चा मकान का एक भाग ध्वस्त हो गया। वहीं बताया जाता है कि कच्चा मकान ढाब पंचायत के



मड़वाटांड़ निवासी मुनकी देवी पति संजय तुरी का है।

### बस स्टैंड की सड़कें गड्ढे में तब्दील, परेशानी

**चतरा।** चतरा का एकमात्र सरकारी बस स्टैंड के पास की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे यात्रियों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। सड़क पर हमेशा पानी जमा रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह समस्या लंबे समय से है, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



### ग्रामीणों ने पेयजल के लिए जल मीनार की मांग की

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो क्षेत्र में हो रहे लगातार मूसलाधार बारिश से जहां जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं नवलशाही तुरीया टोला में स्थित एक कुआं जमींनदोज हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नवलशाही के तुरिया टोला में कुछ ही वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत 2010 में कुआं बनाई गई थी, जिसकी प्राक्कलन राशि लगभग 3.50 लाख था। जिससे एक कुएं का निर्माण किया गया था। वहीं ग्रामीणों के अनुसार कूप निर्माण के समय काफी अनियमिता बरती गई थी, जिसके कारण कुआं कुछ ही वर्षो में जमींनदोज हो गया। गौरतलब है कि नवलशाही के तुरिया टोला में पेयजल के लिए एकमात्र कुआं ही प्याऊ साधन था, जो ध्वस्त हो गया। वहीं बरसात के कारण ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।

**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आज से**

### दस अगस्त तक पंचायतों में लगेंगे शिविर: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है, जिसके तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए जिले के सभी पंचायतों और वार्डों में 3 से 10 अगस्त तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध होगा और आवेदन जमा करने पंचायतों में लगने वाले शिविर में आना होगा। इटखोरी प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने बताया कि आवेदिकाओं को अपने आवेदन-पत्र के साथ अपने अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करनी होगी, जिसमें मतदाता पहचान-पत्र, आधार कार्ड, आधार लिंक बैंक पासबुक, सिंगल बैंक एकाउंट, रंगीन पासपोर्ट फोटो, राशन स्वहस्ताक्षरित पात्रता संबंधी घोषणा पत्र और मोबाइल नंबर शामिल है। आवेदिका झारखंड की निवासी होनी चाहिए, उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम होनी चाहिए और उनका आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ हुलास महतो की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक की गई। वहीं बीडीओ ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं में एक महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना है। जिसे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाया गया है। उक्त योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया कि योजना से लाभान्वित करने को लेकर आगामी 3 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि सेविकाएं अपने पोषक क्षेत्र में डोर टू डोर पहुंचकर ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर आवेदन उपलब्ध कराएंगे।

# नप में गृह ऋण मेला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के तहत् किफायती आवास परियोजना अंतर्गत निर्मित आवासों के आवंटन के लिए चयनित इच्छुक लाभुकों को आवास लोन की सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रशासक अंकित गुप्ता की अध्यक्षता में लोन मेला का आयोजन किया गया। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इण्डिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के शाखा प्रबंधक एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आवास योजना के लाभुकों को गृह ऋण का लाभ लेने से संबंधित अर्हताओं की जानकारी दी। साथ ही गृह ऋण हेतु इच्छुक लाभुकों को बैंक से संपर्क करते हुए आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। वहीं प्रशासक गुप्ता ने कहा कि अधिक से अधिक लाभुक प्रधानमंत्री किफायती आवास योजना हेतु लोन के लिए अपने नजदीकी बैंक में आवेदन करें। उन्होंने बैंक के शाखा प्रबांकों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का लोन स्वीकृत हो ताकि लाभुक प्रधानमंत्री किफायती आवास योजना का लाभ ले सके।

वहीं जिला अग्रणी प्रबंधक श्रीनिवास कुमार ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को कहा कि इस योजना में सभी लाभुक ऐसे हैं, जिनका सालाना आय तीन लाख से कम है तथा परियोजना सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। ऐसे में जो गृह ऋण के लिए इच्छुक लाभुकों को ऋण अवश्य उपलब्ध कराएं। मौके पर नगर प्रबंधक सतीश कुमार, सीएलटीसी विशेषज्ञ निर्मल कुमार दास, अश्वनी कुमार के अलावा दर्जनों लाभुक एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

### वन पट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द करें भौतिक सत्यापन: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने वन अधिकार अधिनियम के तहत वन पट्टा वितरण को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, डीआरडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, सभी अंचल अधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक की। बैठक में व्यक्तिगत एवं सामूहिक वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों की अनुमंडल और अंचल स्तर पर समीक्षा की गई। ग्राम वन अधिकारी समिति के गठन व पुनर्गठन समेत अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 5 अगस्त को अनुमंडल स्तर पर और 6 अगस्त को जिला स्तर पर वन अधिकार समिति की बैठक होगी। जिन स्थानों पर ग्राम वन अधिकारी समिति का गठन व पुनर्गठन अभी तक नहीं हुआ है, वहां जल्द से जल्द गठन किया जाए। व्यक्तिगत और सामूहिक वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों का सत्यापन वन विभाग के रेंज ऑफिसर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थल निरीक्षण किया जाए।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि वन पट्टा के लिए जो आवेदन प्राप्त हो रहे हैं और लाभार्थी इसकी पात्रता रखते हैं, उनके बीच वनपट्टा वितरण सुनिश्चित किया जाए। अगर प्राप्त आवेदनों में से किसी लाभार्थी के पात्रता पर ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा आपत्ति जाहिर की जाती है, तो उसका निष्पादन अनुमंडल स्तर पर किया जाए।

# कोडरमा में वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया उद्भेदन

## चार गिरफ्तार, 8 मोटरसाइकिल बरामद





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 8 मोटरसाइकिल भी बरामद किए गए हैं। कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत वाहन चोर गिरोह जो कई दिनों से चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कोडरमा एवं तिलैया क्षेत्र में भ्रमणशील हैं।

उक्त सूचना के आधार पर इस गिरोह को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई किया गया। छापामारी के क्रम में 4 अपराधी जिसमें 22 वर्षीय जितेन्द्र राजवंशी पिता लालो राजवंशी ग्राम दरियापुर थाना अकबरपुर जिला नवादा, 37 वर्षीय भुनेश्वर यादव पिता रोहन यादव ग्राम मोहन केवाल थाना सिरदला जिला नवादा, 18 वर्षीय विकाश कुमार पिता मनोज बेलदार ग्राम विशुनपुर आश्रम रोड़ थाना तिलैया जिला कोडरमा और 18 वर्षीय प्रकाश कुमार पिता स्व अमृत साव ग्राम रोहनियांटाडं थाना तिलैया जिला कोडरमा निवासी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार अभियुत्त द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाईकल चोरी के उद्देश्य से आये है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 8 मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 183/24 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी विनय कुमार, सअनि प्रेमसागर जलांधर एवं सशस्त्र बल समेत तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

बचपन प्ले स्कूल में ग्रीन कलर डे का आयोजन

पी-9

कोडरमा। बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कर पर्यावरण रक्षा का संदेश देते हुए ग्रीन कलर डे का आयोजन किया गया। वहीं स्कूल के एलकेजी के छोटे-छोटे बच्चे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हरे रंग के परिधान में स्कूल पहुंचे। हरा रंग प्रकृति, उर्वरता व समृद्धि का प्रतीक होता है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में अपने पर्यावरण की सुरक्षा की भावना का भाव जगाना तथा बच्चों को अपनी ारती मां से प्यार करना और उसका ख्याल रखना सीखाना था। वहीं स्कूल की शिक्षिकाओं ने छात्रों को स्कूल परिसर में पाई जाने वाली विभिन्न हरे रंग की वस्तुओं से भी अवगत कराया। वहीं बच्चे अपने लंच में भी हरी सब्जी, सलाद, सैंडविच, पालक की चपातियां लेकर आए। वहीं प्रधानाचार्या

### सिमरिया विधायक ने आईटीआई कॉलेज में पठन-पाठन का मामला सदन में उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने चतरा जिला के आईटीआई कॉलेज में पठन पाठन का मामला सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि चतरा जिला के अंतर्गत सरकारी आईटीआई और निजी आईटीआई में पठन-पाठन की स्थिति क्या है। सरकार ने बताया कि चतरा जिला में दो सरकारी आईटीआई संस्थान हैं और तीन निजी आईटीआई संस्थान हैं।

### आयुष्मान भारत के तहत महिला का हुआ बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सदर अस्पताल कोडरमा में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एक महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। जिसमें लगभग 1 किलो 500 ग्राम का फाइब्रॉयड भी साथ में था, इस ऑपरेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें डॉ. रूपा मोदी, डॉ. हबीबुल रहमान एवं अस्पताल के शल्य चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में जटिल से जटिल सर्जरी कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## मनिका प्रखंड से होकर पांकी जाने वाली सड़क की स्थिति हुई काफी जर्जर

# बारिश में सड़क के गढ़ों में पानी भर जाने के कारण वाहन चालक हो रहे दुर्घटना का शिकार


जानकारी देते ग्रामीण।


जगह-जगह पर सड़क के गढ़ों में जमा हुआ पानी।

➲ टेंडर मिलने के बाद धीमी गति से कार्य करना संवेदक की भारी लापरवाही: विधायक प्रतिनिधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के पचफेड़ी चौक से होते हुए पांकी जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस सड़क की स्थिति इतनी दयनीय है कि वाहन चलाना तो दूर की बात लोगों को पैदल चलना भी काफी मुश्किल हो गया है। सड़क में जगह-जगह पर बड़ा-बड़ा गड्ढा बन गया है। जिस कारण बारिश के पानी का सड़क के गढ़ों में ही जमाव होने से आए दिन लोग वाहन चलाते समय दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

बता दें कि यह सड़क मनिका से तीन मुहान, बंदुआ, पल्हेया, बरवैया, समेत कई गांव होते हुए सीधा पांकी को जोड़ती है। मौके पर ग्रामीण राजीव रंजन कुमार साहू ने बताया कि पूर्व में जब स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया था तो ग्रामीणों को लगा कि अब बहुत जल्द सड़क का निर्माण हो जाएगा लेकिन सड़क निर्माण का टेंडर होने के बाद भी निर्माण कार्य में ध्यान नहीं देना संवेदक की घोर लापरवाही है मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से संवेदक के ऊपर कार्रवाई करते हुए सड़क निर्माण का कार्य अभिलंब शुरू करवाने का अपील किया है। ताकि इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों व वाहनों को सुविधा मिल पाए।

### विधायक प्रतिनिधि के घर के सामने सड़क पर पानी का भारी जमाव

मौके पर देखा गया कि मनिका प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव के बंदुआ रोड स्थित आवास के सामने सड़क के गड्ढे में पानी का भारी जमाव हो गया है इस विषय पर पूछे जाने पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने कहा कि संवेदक से बात किए हैं सड़क के गढ़ों में दो-तीन ट्रैक्टर मिट्टी भरवाने के लिए संवेदक बोला है। उन्होंने कहा कि यह सड़क कई वर्षों पूर्व से जर्जर अवस्था में थी और यहां के ग्रामीण इस सड़क के निर्माण के लिए लगातार मांग कर रहे थे।

## क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी एवं मगही को शामिल करने की मांग

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के कई युवक ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को लिखित आवेदन देकर क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी एवं मगही भाषा को शामिल करने की मांग की है। दिये गए आवेदन में कहा गया है कि चौकीदार चयन हेतु लातेहार जिला में जो विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उसमें क्षेत्रीय भाषा मगही एवं नागपुरी को हटा दिया गया है। जबकि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन में नागपुरी मगही एवं जन जातिय भाषा में कुरुख असुर बेरिया को शामिल करना है। यूवको ने आवेदन में कहा है कि इस क्षेत्र के अधिकांश लोग नागपुरी या मगही ही बोलचाल की भाषा है। और इस क्षेत्र से मगही एवं नागपुरी को हटा दिए जाने से यहां के युवके के साथ में नाइंसाफी होगी। यूवको ने मांग करते हुए क्षेत्रीय भाषा में संशोधन करने की मांग की है। मांग करने वालों में पप्पू यादव, पिंटू सिंह, रविंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, लखन यादव, प्रवीन कुमार, राहुल कुमार, समेत कई युवक शामिल है।

## लगातार बारिश से मिट्टी खपरैल घर हुआ जर्जर, परिजनों का रहना हुआ मुश्किल


जर्जर घर दिखाते परिजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के फुलसू पंचायत अंतर्गत करमा ग्राम निवासी योगेंद्र भुइयां का मिट्टी खपरैल घर बारिश से क्षतिग्रस्त होने के कारण परिवार को घर मे रहना मुश्किल हो गया है। योगेंद्र भुइयां ने बताया की मै अनुसूचित जाति के अति गरीब परिवार हूं। प्रति दिन मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीवन यापन करता हूं। घर मे मेरे अलावे अनिल भुइयां, रानो देवी, सीता कुमारी, मनोरवा देवी सभी 6 परिवार रहते हैं। बरसात के दिनों मे पानी अंदर घुस जाता है जिससे सभी परिवार को रहना मुश्किल हो गया है। अभी तक मुझे पीएम आवास और न अबुआ आवास योजना का लाभ मिला है। आर्थिक तंगी के कारण अपने से घर बना पाना मुश्किल है। बिवश होकर भींगे घर मे सभी परिजनों को रहना पड़ रहा है। समस्या से अवगत कराने के बावजूद भी पंचायत प्रतिनिधि भी सुधि नहीं लिया है। पिछले कई दिनों से लगातार बारिश के कारण जर्जर खपड़ा के छत से सोने और रहने के जगह पानी घर के अंदर प्रवेश कर रहा है। वहीं घर के बाहरी हिस्सा वाले घर गिर गया है। सभी परिवार को मुश्किल भरा जीवन जीना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से अबुआ आवास योजना दिलाने की गुहार लगाई है।

## महिला को सर्प ने डंसा, गंभीर, रेफर

**चंदवा।** शहर से सटे अलौदिया पंचायत के हरैया निवासी कपिल साव की पत्नी रीता देवी को एक जहरीले सर्प ने डंस लिया। जानकारी के अनुसार महिला अपने बच्चे के लिए टोकरी में रखे कपड़े निकाल रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद जहरीले सर्प ने महिला को डंस लिया। सर्प द्वारा डसे जाने की बात महिला ने परिवार के अन्य सदस्यों को दी। आनन-फानन में उसे चंदवा सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे सदर अस्तापाल लातेहार रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही थी।

## 45.1 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पास गुरुवार की रात्रि वाहन चेकिंग अभियान चलाकर एक स्वीफ्ट डिजायर कार (यूके07बीके-0347) से 45.1 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार तस्कर सुनील कुमार उतराखंड के रूद्रपुर, उद्यमनगर के रहने वाला है। बरामद गांजा का अनुमानित मूल्य 22 लाख 55 हजार रुपए है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी। उन्होने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची-चंदवा होते हुए मेदनीनगर की ओर एक कार से अवैध मादक पदार्थ ले जा रहा है। इस सूचना की सत्यापन के लिए लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व मे टीम का गठन कर रात्रि 11.45 बजे सदर थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक सफेद स्वीफ्ट डिजायर कार आते दिखाई दिया। कार मे सवार व्यक्ति पुलिस की बेरिकेटिंग देखते ही कार रोक कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के जवानो ने उसे पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर तीन बैग में रखा प्लास्टिक से बना बंडल में गांजा बरामद किया गया। बंडल को खोलकर जांच की गई तो उसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध गांजा तस्करी के लिए उत्तरप्रदेश ले जा रहा था। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, पुअनि भागीरथ पासवान, कृष्णपाल सिंह, सअनि रविंद्र महली, आरक्षी रामकिशोर उरांव, संजय कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह समेत कई जवान शामिल थे।

## 31 श्रद्धालुओं का जत्था देवघर हुए रवाना

**चंदवा।** प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से 31 शिव भक्तों का जत्था शुक्रवार को देवधर बाबाधाम की धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। ये सभी श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर बाबा धाम तक पदयात्रा कर पहुंचेंगे व भगवान शिव को जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख समृद्धि व शांति का आशीर्वाद मांगेंगे, इसके उपरांत बाबा बासुकीनाथ समेत विभिन्न धार्मिक स्थानों का भ्रमण करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे में विजय भारती, हरेंद्र प्रसाद, परमानंद वैद्य, रामप्रवेश यादव, हरि यादव, नितेश कुमार, गुड्डू कुमार, मनोज ठाकुर, पवन कुमार, अमरदीप ठाकुर, मनोज बैठा, मनोज कुमार वैद्य, चन्द्र परहिया, महली बम समेत अन्य शामिल हैं।

### मनिका थाना क्षेत्र के अंग्रेजी शराब दुकान में अज्ञात अपराधियों ने किया फायरिंग

# मामले की जांच में जुटी पुलिस


दीवार पर पड़ा गोली का निशान।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदुआ रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में दिन गुरुवार की रात्रि लगभग 08:00 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा फायरिंग करने की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं अंग्रेजी शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारी कृष्णा प्रसाद ने बताया कि उजला रंग के अपाची बाइक पर सवार होकर चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए दो व्यक्ति दुकान पर आकर गलियां देना शुरू कर दिया फिर हथियार निकालकर फायरिंग करने लगे जिससे कि एक गोली शराब दुकान के गोदाम में और दूसरी गोली बगल जन्मजय प्रसाद के मकान में जा कर लगी। वहीं गोली चलने के दौरान दुकान में मौजूद कर्मचारी बाल-बाल बच गए। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद दोनों व्यक्ति बाइक पर सवार होकर बंदुआ गांव की ओर फरार हो गए। बता दें कि लगभग 20 दिन पूर्व में भी इसी शराब दुकान में अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की थी यह दूसरी बार गोलीबारी की घटना हुई है जिस वजह से दुकान के आसपास रहने वाले ग्रामीण दशहत में हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने के तुरंत ही थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार अपने दल बल के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल की जा रही है बहुत जल्द अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## पागल कुत्ता काटने से सात घायल


घायल बच्ची।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मासियातु ग्राम में पागल कुत्ता काटने से सात लोग घायल हो गए। घायलों में अजय भुईया 6 वर्ष पिता केसरी भुइया, खुशबु कुमारी 6 वर्ष पिता जोगेंद्र अगरिया, शामिमा खातून 28 वर्ष पिता मो०अबुल हसन, सारो देवी 65 वर्ष पति स्व पलटू राम, जोसपोंन सांगा 50वर्ष स्व. मार्टिन टोप्पो, प्रियंका कुमारी 8वर्ष पिता सागवा भुइयां, संजय भुइयां 45वर्ष पिता श्रद्धा भुइयां सभी ग्राम मासियातु थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग अपने घर के बाहर खड़े थे इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने हमला बोल दिया। जिससे सभी घायल हो गये।

## मंईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर आज से

**लातेहार/चंदवा।** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने को लेकर शनिवार से प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में शिविर लगाया जायेगा।

## मंत्री इरफान अंसारी की माता के निधन पर विधायक ने जताया दुख, परिवार का बंधाया ढांढस


पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के साथ विधायक व अन्य।

➲ माताजी के निधन से मर्माहत है गठबंधन परिवार : रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की माता एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी सेवानिवृत शिक्षिका मुस्तरी खातून की हृदय गति रुकने से मौत के बाद मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को उनके घर पहुंच कर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को संतावना दी। इस दौरान उन्होंने परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत बंधाया। विधायक ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि माताजी के निधन से हम सभी गठबंधन परिवार काफी मर्माहत है। माता-पिता हमारी जिंदगी में एक अनमोल धरोहर होते है। उनसे प्राप्त ज्ञान और उनके मार्गदर्शन में पूरा परिवार हमेशा खुशहाल रहता है। इसलिए जीवन में माता-पिता के कमी की भारपाई कोई नहीं कर सकता है। बता दें कि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी का देहांत 80 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुक जाने से हो गई थी। विधायक रामचंद्र सिंह के साथ विधायक राजेश कश्चप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बाड़ा के साथ साथ एमडी इकरामुल और मो. इफ्तेखार समेत कई नेता मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के द्वारा आयोजित डीएवी नेशनल संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ


सम्मानित होते विजेता छात्र।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल के द्वारा आयोजित डीएवी नेशनल संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आरंभ शुक्रवार को जिला स्टेडियम में हुआ। बतौर मुख्य अतिथि सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा और विशिष्ट अतिथि सार्जेंट संतोष कुमार सहित डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय निदेशक सह एम के डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी. एन.खान, जोन आई के डीएवी स्कूल्स लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा, भवनाथपुर, गुमला के प्राचार्य और जिले के गणमान्य अतिथि जितेंद्र यादव (सचिव पुलिस मेंस एसोसिएशन) आलोक कुमार मुकेश पांडेय, आशीष नाथ शाहदेव, राकेश दुबे, गया प्रसाद, रमेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वागत गान गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के सहाय ने आगंतुक विभिन्न डीएवी स्कूल के प्राचार्य और अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर स्वागत किया। डीएवी लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कहा कि पिछले माह 22 और 23 जुलाई को लातेहार डीएवी ने दो दिवसीय संकुल स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया था और आज फिर विभिन्न खेलों का महाकुंभ एथलेटिक्स का भी आयोजन किया है। जिसमें जोन आई के सात जिले के डीएवी स्कूल्स के बच्चों ने कई सारे खेल में भाग लिया। आज के खेल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग में 1500 मीटर रेस के विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमशः शुभम कुमार सिंह डीएवी भवनाथपुर, यशराज गढ़वा और अनमोल कुमार सिमडेगा रहे। अंडर 19 बालिका वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः दीप्ति कुमारी डीएवी गढ़वा, खुशी कुमारी-लोहरदगा, समीरन कच्छप गुमला से विजेता रहीं।

अंडर 17 बालक वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः संजीत उरांव डीएवी डालटेनगंज, लकी उरांव लोहरदगा, अंकित केडिया डीएवी गुमला विजेता रहे। अंडर 17 बालिका वर्ग 1500 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः कृति डीएवी गढ़वा, चांदनी -लोहरदगा और आशा कुजूर डीएवी डालटेनगंज विजेता रहे।

## साइबर ठगों के निशाने पर आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी लाभार्थी महिलाएं, आ रहे हैं फर्जी कॉल



फर्जी कॉल।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। साइबर ठग भोले-भाले ग्रामीणों को ठगी का शिकार बनाने को लेकर नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। विभिन्न स्कीमो का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। ताजा मामला आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं का है, जिन्हें साइबर ठग फोन कॉल कर ठगी करने का प्रयास कर रहे है। प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रो से इनदिनों आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं को 7033908034 नम्बर से फोन कॉल आ रहा है, फोन कॉल कर रहा व्यक्ति अपने आप को लातेहार डीएम ऑफीस का कर्मी बताकर फोनपेय पर पैसे भेजने का झांसा देकर ठगी का प्रयास कर रहा है, फोन कॉल करने वाला व्यक्ति बाकायदा डीपी में आंगनबाड़ी केंद्र का लोगो भी लगा रखा है, हालांकि अब तक जिन महिलाओं को फोन आया है वे जागरूकता के कारण ठगी का शिकार होने से बच गयी है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी सीडीपीओ जयशंकर पाठक ने कहा कि साइबर ठगों के ऐसे प्रलोभन से बचने की जरुरत है। आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले लाभ एवं योजनाओं के लिए अपने नजदीकी केंद्र की सेविका से ही संपर्क करें।

## हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन 7 को


बैठक में उपस्थित प्रमुख व अन्य।

➲ झारखंड की महिलाओं में बन गया है भय का वातावरण : सुशीला देवी

**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बैठक गुरुवार को छिपादोहर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम को सह प्रभारी के रूप में उपस्थित प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के शासनकाल में महिलाओं पर हो रहे शोषण अत्याचार, दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आगामी सात अगस्त को लातेहार समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन से झारखंड की महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण, दुष्कर्म एवं हत्या के कारण महिलाओं में भय का वातावरण बन गया है। जिसे लेकर राज्य भर में झारखंड विरोधी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रखण्ड की महिलाओं से आह्वान किया है कि सात अगस्त को आहूत विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार डीसी गरिमा सिंह ने जागरूकता रथ को किया रवाना


रथ को रवाना करती डीसी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य की 21-50 वर्ष की महिलाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना प्रारंभ की गई है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। इसी क्रम में आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त गरिमा सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिले की महिलाओं को इस योजना से अच्छादित करने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत 3 अगस्त से 10 अगस्त तक सभी पंचायत सचिवालय व शहरी क्षेत्र के वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। योजना के तहत लक्ष्य अनुरूप महिलाएं जुड़ें, इस संबंध में जागरूकता व पात्रता की जानकारी के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। रथ सभी प्रखंड, पंचायत का भ्रमण कर योजना के प्रति लोगों को जागरूक करेगी।

### किसे मिलेगा लाभ

लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की मांग

**चांडिल।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्य काल में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने कुंकडू प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का मांग किया। इस दौरान विधायक ने सदन में कहा कि कुंकडू को वर्ष 2008 में प्रखंड का दर्जा दिया गया है तथा वर्ष 2009 से कुंकडू में अंचल एवं प्रखंड कार्यालय संचालित है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुंकडू की आबादी लगभग 55 हाजार है परंतु अभी कुंकडू की आबादी अनुमानत एक लाख के लगभग है। लगभग 15 वर्ष के बाद भी आज तक कुकडू को पूर्ण प्रखंड का दर्जा नहीं दिया गया है, आजतक कुकडू में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नहीं हो पाया है जिस कारण आम जनों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## मरे और सिवेरियो आज फ्लैटलेट्स में मेन ऑफ स्टील में हुए शामिल



**जमशेदपुर।** जॉर्डन मरे और जेवियर सिवेरियो आज फ्लैटलेट्स में उतरे, जिससे मेन ऑफ स्टील के दल में अंतर्राष्ट्रीय ताकत का आगमन हुआ। 4 अगस्त, रविवार को डूरंड कप 2024 में चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ मुकाबले के साथ दोनों का आगमन टीम के लिए ताकत है। मरे और सिवेरियो ने आगे की चुनौतियों के लिए फिट होने के लिए अपने नए साथियों के साथ प्रशिक्षण में शामिल होने में कोई समय बर्बाद नहीं किया है। मेन ऑफ स्टील ने अपने शुरूआती मैच में रोमांचक जीत के साथ डूरंड कप 2024 अभियान के लिए टोन सेट कर दिया है और अब उनकी निगाहें रविवार, 4 अगस्त को शाम 7 बजे चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अगली चुनौती पर टिकी हैं। जैसे–जैसे टीम बड़े मैच के लिए तैयार होगी, फैंस के बीच उत्साह भी बढ़ेगा।

## चेंबर ने किया टाटा लीज एरिया में बंद रजिस्ट्री शुरू करवाने का आग्रह

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विजय आनंद मूनका की अध्यक्षता में झारखण्ड सरकार के भू राजस्व सचिव चंद्रशेखर, भा.प्र.से. से रांची स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर जमशेदपुर में टाटा लीज क्षेत्र की जमीनों, मकानों, फ्लैटों की बंद रजिस्ट्री से बाधित हो रहे विकास कार्यों की उनका ध्यानाकृष्ट कराया है तथा इसे पुनः चालू करवाने का आग्रह किया है। प्रतिनिधिमंडल में मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा इत्यादि उपस्थित थे। इसपर सचिव ने चैम्बर को आश्वासन दिया कि इस मामले पर उचित निर्णय लेते हुये विभाग एवं सरकार जल्द कार्रवाई करेगी।

## सरायकेला : डीसी ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

**सरायकेला।** झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं अपर उपायुक्त संजय कुमार दास ने समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सत्या ठाकुर तथा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री अनिल टूडु उपस्थित रहे। जागरूकता रथ के माध्यम से उक्त योजना का लाभ लेने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने का जिला प्रशासन का प्रयास है।

# भाजपा ही कर सकती है झारखंड में जल-जंगल और जमीन की रक्षा

- असम के सीएम हेमंता बिस्वा ने कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में जुटने का किया आह्वान
- तुलसी भवन में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी किया संबोधित

नोट : फ्लायर

फोटो बीजेपी,कैप्सन : तुलसी भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हेमंता बिस्वा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को तेज करते हुए भाजपा में बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। पार्टी संगठनात्मक बैठक के जरिये कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव जीतने के लिए चुनावी मंत्र दे रही है। इसी कड़ी में, शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की संगठनात्मक बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के फायरब्रांड नेता, असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक बरकुंवर गागराई, जिला प्रभारी डॉ जीतू चरण राम समेत प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद भी मौजूद रहे।

बैठक में अतिथियों का स्वागत संबोधन करते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इससे पहले, भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया।




तुलसी भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हेमंता बिस्वा।

बैठक को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने जमशेदपुर लोकसभा में सांसद बिद्युत महतो को भारी मतों से जीत दर्ज करने पर कार्यकताओं को बधाई दी एवं उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में झारखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। लोकसभा चुनाव में विपरीत परिवेश और परिस्थिति में हम 51 विधानसभा सीटों पर जीते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसी को मात्र विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने का नही है। बल्कि यह चुनाव झारखंड की अस्मिता, गौरवशाली संस्कृति को स्थापित करने का चुनाव है। असम, बंगाल और त्रिपुरा के बाद झारखंड की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। परंतु वोट बैंक और तुष्टिकरण की पोषक झामुमो-कांग्रेस सरकार इन सब मुद्दों पर मौन धारण कर बैठ गयी है। पूरे संथाल में आदिवासियों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का आतंक चरम पर है। बांग्लादेशी घुसपैठिये यहां के मूलवासी आदिवसी एवं दलितों की जमीन लूटकर उनपर लगातार अत्याचार कर रहे है। जमशेदपुर की डेमोग्राफी भी लगातार बदल रही है। 20 सीटों पर अवैध घुसपैठिये की संख्या 20% से बढ़कर 48% हो गयी है। अगर ऐसा ही रहा तो वो दिन अब दूर नही जब मंत्रालयों में घुसपैठिये बैठेंगे और यहां के मुख्यमंत्री, मंत्री उनके सामने हाथ खड़े कर खड़े रहेंगे। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस के नेताओं द्वारा बिहारी, बंगाली और असम के लोगों की तुलना बांग्लादेशी घुसपैठियों से करने की कड़े शब्दों में निंदा की। श्री सरमा ने झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला।

# झारखंडी अस्मिता को तार-तार कर रहा है बांग्लादेशी घुसपैठ : हिमंता बिस्वा सरमा

- भाजपा का मुद्दा विधायक जिताना नहीं बल्कि झारखंड को बचाने का है
- भाजपा की सरकार बनने पर झारखंड से बंग्लादेशी घुसपैठियों को भगायेंगे
- झारखंड सरकार लिख कर दे दें कि राज्य से घुसपैठियों को भगाने की जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है, हम विचार करेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा झारखंड के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शुक्रवार को कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेमोग्राफी का सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि संथाल परगना में आदिवासियों की जमीन पर कब्जा हो रहा है। वहां बांग्लादेशी घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो रहा है। अगर हालात नहीं सुधारे गये तो आने वाले 20 साल में झारखंड का मुख्यमंत्री भी कोई घुसपैठिया ही बन जायेगा। संथाल परगना के गांव में जहां आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा, उनकी जमीन छीनी जा रही वहां पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री को जाने से रोका जाना यह बताता है कि स्थिति कितनी भयावह है। ऐसा लगता है कि हेमंत सरकार यह मान चुकी है कि पाकुड़ का गोपीनाथपुर झारखंड में नहीं बल्कि बांग्लादेश में है। बिस्वा ने कहा कि अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो असम राज्य की तर्ज पर राज्य की मौजूदा भूमि कानून के तहत ही बंगलादेशी घुसपैठियों से जमीन को मुक्त कराया जायेगा।



सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हेमंत बिस्वा।

श्री बिस्वा ने यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के संथाल परगना के कई विधानसभा क्षेत्र में घुसपैठियों की समस्या बनी हुई है। कई विधानसभा क्षेत्र में वोटर लिस्ट में 120% से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई हैं। झारखंड में अगर घुसपैठ नही रुकी तो झारखंड की भी हालत असम जितनी गंभीर हो जाएगी। झारखंड में वर्ष 1951 में मुस्लिम जनसंख्या सिर्फ 12-14% थी परंतु बांग्लादेश से आये घुसपैठियों के कारण अब जनसंख्या 40-42% हो गई है। पश्चिम बंगाल में भी तकरीबन 30% मुस्लिम जनसंख्या हो गई है। मुशीर्दाबाद की एक टीएमसी विधायक जो मुस्लिम है वो कह रहे है कि मुस्लिम आबादी 70% हो गई है तो 30% को हम जब चाहे भगा सकते है। ऐसी ही घटना पाकुड़ जिले के तारानगर एवं गोपीनाथपुर में हुआ। 2 गांव के 50 से ज्यादा परिवार पाकुड़ सदर में आके बैठे हुए है। साथ ही मैं गायबथान गया वहाँ आदिवासी परिवार के जमीन पर घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा है, 2015 में ही हाइकोर्ट का फैसला हुआ कि जमीन लौटा दो लेकिन प्रशासन सहयोग नही कर रही है।

उन्होंने कहा कि राजनीति चलती रहेगी, सरकार आएगी, जाएगी लेकिन प्रदेश बचाना हम सभी पार्टियों की जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि आप घुसपैठियों एवं डेमोग्राफी चेंज के मुद्दों को नजरअंदाज मत कीजिए। अगर अभी नही संभले तो 30 साल के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री सदन के अंदर घुसपैठियों के सामने समर्पण करते दिखाई देंगे।

## राजेंद्र विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को राजेंद्र विद्यालय के प्रेक्षागृह में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बी एन चौधरी थे। श्री चौधरी का स्वागत करते हुए उनका परिचय बिहार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव तथा राजेंद्र विद्यालय(साकचीऔर घुटिया) के सचिव अमरेश सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका श्रीमती पियाली मुखर्जी ने वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में एलकेजी से लेकर 11 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह तथा उपाध्यक्ष डॉ एस के सिंह जुटे थे।

## टाटा स्टील और वेलस्पन कॉर्प ने हाइड्रोजन परिवहन के लिए पाइप का किया विकास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अग्रणी वैश्विक स्टील कंपनी टाटा स्टील और वैश्विक स्तर पर लाइन पाइप के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक वेलस्पन कॉर्प ने हाइड्रोजन अनुरूप एपीआई एक्स-65 ग्रेड पाइप विकसित करते हुए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया, जिसने आरआईएनए, इटली में उच्च दबाव (100 बार) के तहत 100% शुद्ध गैसीय हाइड्रोजन के परिवहन के लिए सभी आवश्यक क्रिटिकल सावर सर्विस और फ्रैक्चर योग्यता परीक्षणों को सफलतापूर्वक पार कर लिया।

इस विकास के साथ, टाटा स्टील गैसीय हाइड्रोजन के परिवहन के लिए हॉट-रोल्ड स्टील का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय स्टील मिल बन गई है और वेलस्पन कॉर्प इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड (ईआरडबल्यू) पाइप का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय पाइप मिल बन गयी है।

हाइड्रोजन के परिवहन के लिए वेलस्पन कॉर्प द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के पाइपों की उपयुक्तता का आकलन करने के लिए टाटा स्टील और वेलस्पन कॉर्प के बीच ग्रीन एनर्जी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की स्थापना की गई थी। यह साझेदारी भारत सरकार (जीओआई) की ग्रीन हाइड्रोजन नीति के अनुरूप है।

टाटा स्टील के मार्केटिंग और सेल्स (फ्लैट प्रोडक्ट्स) के वाइस प्रेसिडेंट प्रभात कुमार ने कहा कि वेलस्पन कॉर्प के साथ साझेदारी में यह उपलब्धि हासिल करने पर हमें गर्व है क्योंकि यह स्वच्छ ऊर्जा समाधानों की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। इसके माध्यम से, हम हरित हाइड्रोजन को व्यापक रूप से अपनाने के लिए आवश्यक अधिक मजबूत बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहे हैं, जिससे हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर संक्रमण को बढ़ावा मिलेगा।

## रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक मंगल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन के माध्यम से मांग की और उन्हें अवगत कराया की जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड के 22 पंचायतों में लगभग एक लाख लोग निवास करते हैं। आप अवगत हों कि टाटानगर रेलवे स्टेशन एक व्यस्ततम रेलवे जंक्शन है, जहां रेलगाड़ियों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है। रोजाना इन पंचायतों के लोगों को अपने कार्यों के सिलसिले में स्कूल, कॉलेज, बाजार, स्टेशन तथा मजदूरों को फाटक पार कर जमशेदपुर शहर को आना पड़ता है।



### यहां बननी है आरओबी

(1) बारीगोड़ा फाटक से जोजोबेड़ा रेलवे फाटक होते हुए टेलको कम्पनी के दक्षिणी गेट के सामने तक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण।

(2) बोरा प्लांट से रेलवे कॉलोनी होते हुए खासमहल लोको मोड़ तक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण।

(3) मकदमपुर फाटक से सलगाझड़ी काली मंदिर तक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण।

विधायक ने बताया की इस विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने कहा है कि अविलम्ब कार्रवाई की जायेगी।

## स्वदेशी जागरण मंच ने लगाये पौधे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** शुक्रवार को स्वदेशी जागरण मंच से सम्बद्ध पर्यावरण पहल एवं शिवम शिल्पकला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में भारत सेवाश्रम संघ में पर्यावरण संरक्षित करने के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और साथ ही 50 कि संख्या में फलदार एवं मेडिसिनल पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन श्री मनोज कुमार सिंह जी ने विद्यार्थियों को बताया कि आज विश्व के 100 प्रतिशत पानी मे से मानव एवं खेती के लिए केवल 3 प्रतिशत पानी ही है। सृष्टि यह जानती थी कि मानव अपने उपभोग के लिए बिना सोचे समझे पानी का उपयोग करेगा जिसके वजह से सृष्टि ने 2.5% पानी भूमि के अंदर वाटरबैंक के रूप में रखा। पूर्व में मानव ने धरती के ऊपरी सतह में नदी, पोखर और तालाब के रूप में 0.5% पानी का उपयोग करता रहा।

# टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज और टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज ने डीटीएनबीडब्ल्युइडी के साथ किया एमओयू

- कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामित्व, सुरक्षा और सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देना है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/जमशेदपुर।** टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड (टीएसटीएसएल) और टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (टीएसएसएसएल) ने श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड (डीटीएनबीडब्ल्युइडी) के साथ द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य भारत के सभी लोकेशंस के कार्यस्थल पर सुरक्षा, उत्पादकता और सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम तैयार करना और उसे लागू करना है। डीटीएनबीडब्ल्युइडी की ओर से महानिदेशक कर्नल नीरज शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जबकि टीएसटीएसएल और टीएसएसएसएल का प्रतिनिधित्व क्रमशः टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (उएड) संदीप धीर और टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर दीपक पी कामथ ने किया।







टेक्निकल सर्विसेज के सीईओ संदीप धीर और नीरज शर्मा और सपोर्ट सर्विसेज के सीइओ दीपक पी कामथ और नीरज शर्मा।

## एक नजर में

### गोपाल मैदान में 30 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित होगा ब्रांड इंडिया ट्रेड फेयर



**जमशेदपुर।** आर.एम.एस. आउटडोर के द्वारा 30 अगस्त से 8 सितंबर, 2024 तक गोपाल मैंदान, बिष्टुपुर में ब्रांड इण्डिया टेज्ड फेयर–2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसकी विवरणिका विमोचन 2 अगस्त, को चैम्बर भवन, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विवरणिका का विमोचन मुख्य अतिथि के रूप में खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह, सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मानद महासचिव मानव केडिया, एस.जे.एम.डी.सी के निदेशक अशोक गोयल एवं ब्रांड इंण्डिया टेज्ड फेयर के गौरवशंकर, मनोज नायक एवं दिनेश भोल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग आयोग के मनोज कुमार सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन आत्मनिर्भर भारत को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। चैम्बर के मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा कि छोटे व्यापारियों को ऐसे आयोजनों से लाभ प्राप्त होगा और उनके लिये एक स्थानीय बाजार उपलब्ध होगा जो उन्हें आगे ले जाने में मददगार साबित होगा। आज छोटे व्यापारियों के लिये इस तरह के बाजारों का उभरना अच्छी बात है। इस अवसर पर ब्रांड इण्डिया टेज्ड फेयर के गौरव शंकर ने बताया कि इस मेले का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा चुका है जो काफी सफल रहे हैं। जमशेदपुर में पहली बार इसका आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन ब्रांड इण्डिया के मनोज नायक ने किया।

### मां भवानी यूथ क्लब अंडमान निकोबार द्वीप के जारवा आदिवासियों की थीम पर बनायेगा पंडाल



**आदित्यपुर।** हरिओम नगर स्थित मां भवानी यूथ क्लब के अध्यक्ष अंबुज कुमार की अगवाई में शुक्रवार को हरि ओम नगर दुर्गा पूजा मैदान में पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलक्ष पर वैदिक अनुष्ठान के बीच संपन्न हुए भूमि पूजन में पूजा कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित थे। अंबुज कुमार ने बताया कि लगातार 18 वर्षों से मां भवानी यूथ क्लब दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है मां भवानी यूथ क्लब के अध्यक्ष अंबुज कुमार ने बताया कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह के विलुप्तप्राय आदिम जनजाति जारवा आदिवासियों के कला संस्कृति, जीवन के थीम पर पंडाल का निर्माण कराया जायेगा। जिसमें आदिम जनजाति के रहन–सहन को आकर्षक विद्युत सज्जा के माध्यम से दिखाया जायेगा। 55 हजार वर्षों से अंडमान निकोबार दीप समूह में रहने वाले इस आदिम जनजाति के संरक्षण के उद्देश्य से पंडल थीम पर आधारित होगा। जिससे लोग इस आदिम जनजाति वेशभूषा जीवन शैली से रूबरू होंगे। इन्होंने बताया कि 8 हजार स्क्वायर फीट में पूजा पंडाल का निर्माण कराया जायेगा। जिसमें 100 से भी अधिक कारीगर निर्माण करेंगे। पंडाल की कुल लागत 20 लाख रुपए होगी। पंडाल से लेकर आकाशवाणी चौक सड़क तक आकर्षक विद्युत सज्जा होगी। कोलकाता हुबली के मोनालिसा डेकोरेटर द्वारा पंडाल का निर्माण कराया जायेगा। पूजा पंडाल का उद्घाटन चतुर्थी को किया जायेगा।

### बिष्टुपुर में आजीवन खुश रहने का मंत्र नारायण उत्सव कार्यक्रम 29 सितंबर को



**जमशेदपुर।** विश्व विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) अपने विचार और सुमधुर वाणी से सबके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक बार फिर आगामी माह 29 सितम्बर, 2024 रविवार को जमशेदपुर आ रही है। यह नारायण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार जमशेदपुर द्वारा बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर के कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में किया जायेगा। इसे सफल बनाने को लेकर जोर–शोर से चल रही तैयारियों के बीच नारायण उत्सव कार्यक्रम का पोस्टर आज लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का नाम–ह्यह्यआजीवन खुश रहने का मंत्र हैं। संस्था की जमशेदपुर सेंटर हेड उमा अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल (सुल्तानिया) ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि 29 सितम्बर को सुबह 10 .30 से दोपहर 1 .30 बजे तक शहरवासी राज दीदी की पावन वाणी सुनेंगे। दूसरे चरण का कार्यक्रम दोपहर 3 से 4 तक दीदी के सानिध्य में वरदान रेकी की क्लास होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा। पहले आओ–पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश पत्र का वितरण जारी कर दिया गया हैं। प्रवेश पत्र के लिए इस नंबर 9905713870 एंव 7549808656 पर संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपा ने आरक्षण बढ़ने नहीं दिया: तेजस्वी



एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा वालों ने बिहार में आरक्षण को बढ़ने से रोकने का काम किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इसके विसंगतियों को दूर करें।

तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को भी इशारों ही इशारों में ऑफर देते हुए कहा कि यदि केंद्र की सरकार नीतीश कुमार की बात नहीं मान रही है तो नीतीश कुमार सरकार गिरा दें। तेजस्वी ने कहा कि राज्यसभा में सांसद मनोज झा ने आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डालने को लेकर प्रश्न पूछा था लेकिन भाजपा की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने देश में पहली बार किसी राज्य में जाति आधारित गणना करवाई और 65 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था लागू की लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग अपने आदमियों से कोर्ट में खड़ा कराकर इसे रोकने करने का प्रयास किया। हम तो बिहार के सीएम नीतीश कुमार से सवाल करना चाहते हैं कि जातीय गणना पूरे देश में होना चाहिए यही मुख्यमंत्री ने भी कहा था। उसके बाद हम उनसे यह पूछना चाहते हैं कि क्या सीएम पूरे देश में जातीय गणना चाहते या नहीं ? अगर इस बार भी केंद्र सरकार उनकी बात नहीं मानती है तो उनको सरकार गिरा देना चाहिए लेकिन, वो सिर्फ सत्ता का मौज ले रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि आरक्षण की सीमा 65 प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उन लोगों ने केंद्र सरकार से अपील की थी इसे 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाए। तमिलनाडु की तर्ज पर इसे भी 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाए। ताकि इसके साथ कोई छेड़छाड़ ना कर सके। तेजस्वी ने कहा कि केंद्र में नीतीश कुमार ताकतवर हैं और भी साथ थे तभी आरक्षण का दायरा बढ़ा था। ऐसे में उनको भाजपा पर दवाब बनाना चाहिए और बात नहीं मानी जाती है तो सरकार गिरा देना चाहिए ।

## नीतीश ने वज्रपात से सात लोगों की मौत पर शोक वयक्त किया



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से आज गया जिला में पांच एवं नालंदा जिला में दो लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने गुरुवार को अपने शोक संदेश में कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।

## स्पीड न्यूज

### सेना का जवान भारी मात्रा में डेटोनेटर के साथ गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बिहार में बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सेना के एक जवान को भारी मात्रा में डेटोनेटर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर गुरुवार की देर रात लोहिया नगर ब्रिज के समीप से सेना के एक जवान को भारी मात्रा में विस्फोटक सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र के खोरमपुर चकौर गाँव निवासी राज किशोर कुमार के रूप में की गयी है। उसके पास से 75 पीस डेटोनेटर और 75 पीस जिलेटिन छड़ बरामद किया गया है।

### सुपौल में ट्रक से भारी मात्रा में शराब जब्त

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र में एक हाइवा ट्रक से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने शुक्रवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 327 ई पर देर रात वाहन जांच के क्रम में संदिग्ध वाहन को रुकने का इशारा किया गया। रुकने की बजाए चालक वाहन लेकर भागने लगा जिसका पीछा पुलिस टीम ने किया। गिट्टी लदे वाहन की तलाशी के दौरान 292 कार्टन में करीब 2603 लीटर शराब मिली है। हालांकि, अंधेरे का लाभ उठाकर चालक एवं उप चालक फरार हो गए।

### इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में केंद्रीय सुरक्षा बलों और जिला पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में तीन लाख रुपये के इनामी प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर समेत दो नक्सलियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई में दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो देसी कट्टा, 13 कारतूस एवं एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। पकड़ा गया एक नक्सली राजेन्द्र सिंह पर तीन लाख रुपये का इनाम है। इसके खिलाफ औरंगाबाद जिले के माली, मदनपुर, टंडवा, गया जिले के आमस, डुमरिया, रोशनगंज, लटुआ एवं झारखंड के छतरपुर, पीपरा, मोहम्मद गंज एवं हैदरनगर थाना में 21 मामले दर्ज हैं। यह बीते कई सालों से फरार चल रहा था।

### नालंदा में ताड़ का पेड़ गिरने से दो युवकों की दबकर मौत

राजगीर, 02 अगस्त (वार्ता )बिहार में नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ताड़ का पेड़ गिरने से दो युवकों की दबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पैला पोखर कागजी मोहल्ला के समीप आज अचानक बाइक सवार के ऊपर ताड़ का पेड़ गिर जाने से दो बाइक सवार युवक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई

### स्वप्निल कुसाले के कांस्य पदक जीतने पर नीतीश ने दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेरिस ओलंपिक 2024 की शूटिंग प्रतियोगिता के मेन्स 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में देश के लिये कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को बधाई एवं शुभकामनायें दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। श्री कुमार ने गुरुवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि श्री कुसाले ने कड़ी मेहनत और अपनी प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। यह हम सभी के लिये गौरव की बात है।

### पत्नी-बेटी हत्याकांड में दोषी को आजीवन कारावास

सीवान। बिहार में सीवान जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी एवं बेटी की पीट-पीट कर हत्या करने के एक मामले में आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एडीजे शशि भूषण कुमार की अदालत ने मामले में नामजद एकमात्र अभियुक्त शशिकांत यादव उर्फ राजू को गुरुवार को सजा के बिंदुओं पर सुनवाई करने के बाद यह सजा सुनाई है।

## गुलाब यादव और संजीव हंस मामले में पीड़ित महिला से पूछताछ कर रही ईडी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक गुलाब यादव और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। ईडी ने शुक्रवार को पीड़ित महिला को नोटिस देकर प्रवर्तन निदेशालय के गांधी मैदान के निकट स्थित कार्यालय में बुलाया, जहां उससे पूछताछ चल रही है।

गुलाब यादव और संजीव हंस के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई हुई थी। इसके बाद आईएएस के रिश्तेदार, चार्टर्ड अकाउंटेंट और बिल्डर के यहां भी ईडी ने दस्तक दी थी। अब ईडी ने अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए इस मामले में पीड़िता को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर बुलाया है।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित महिला ने आईएएस और पूर्व विधायक पर झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। महिला की शिकायत के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने छानबीन को आगे बढ़ाया और उससे मिले सबूत के आधार पर पूर्व विधायक गुलाब यादव और संजीव हंस के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## स्कूल में इश्क लड़ाते पकड़े गए गुरुजी, मौके पर पहुंची पत्नी ने शिक्षिका की कर दी पिटाई

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर जिले के मध्य विद्यालय नयागंज में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक शिक्षक और शिक्षिका बंद कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में इश्क लड़ाते पकड़े गए पकड़े गए। यह मामला तब प्रकाश में आया जब शिक्षक की पत्नी को उनके प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली और वह गांव के अन्य लोगों के साथ स्कूल पहुंच गई। वहां पहुंचते ही उसने अपने पति और उसकी गर्लफ्रेंड शिक्षिका को रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद, गुस्साई पत्नी ने शिक्षिका की जमकर पिटाई कर दी और उसका सिर फोड़ दिया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल में भारी हंगामा मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल में ताला जड़ दिया और जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक और शिक्षिका लंबे समय से स्कूल में पढ़ाने की बजाय बंद कमरे में इश्क लड़ाते थे, जिससे स्कूल का माहौल खराब हो रहा था और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। पुलिस को इस घटना की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि, पूरे दिन स्कूल में हंगामा चलता रहा और बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई। ग्रामीणों की मांग है कि आरोपी शिक्षक और शिक्षिका का तुरंत ट्रांसफर कर दिया जाए ताकि स्कूल का माहौल सुधर सके और बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को भी स्कूल में हंगामा जारी रखा और साफ-साफ कह दिया कि जब तक दोनों का ट्रांसफर नहीं होता, तब तक स्कूल नहीं खुलने देंगे।

## बीडीओ ने मुखिया को दिया कच्चे मकान की सूची उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखण्ड के सभी 16 पंचायत के मुखिया को अपने पंचायत में मिट्टी के जर्जर व ध्वस्त होने के कगार पर खड़े कच्चे मकान की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने का एक निर्देश जारी किया है। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा है कि इस समय भारी बारिश हो रही है। उक्त बातों पर सभी मुखिया ध्यान रखेंगे कि कच्चे मकान, मिट्टी के बने दीवारों, खासकर के इस मौसम में ध्वस्त हो जाते हैं, गिर जाते हैं, इस क्रम में लोग दब कर मर भी जाते हैं। आप ऐसे मकानों के सम्बन्ध में अपने वार्ड सदस्यों के माध्यम से एक रिपोर्ट मंगा लेंगे कि इस तरह के कितने मकान आपके पंचायत में हैं जिसमें वास्तव में आदमी रहता है। अब ऐसा नहीं है कि वह पक्का का मकान बनाये हुए हैं और उसके पास पहले का बना कच्चा का मकान भी है जिसमें जानवर बांधे जाते है तो उसे कच्चा का मकान रहने वाले का नहीं माना जाएगा। वास्तव में जो लोग मिट्टी के मकान में रह रहे हैं और वह मकान बारिश में खतरे का सबब बन सकता है। वैसे कच्चे मकान का लिस्ट जिसमें परिवार रहता है अपने वार्ड सदस्यों से हासिल कर लीजिए ताकि हम लोग उसे स्पेशल केस में अबआ आवास दिलवा सके।

बीडीओ ने कहा कि सूची बनाते समय यह ध्यान देंगे कि यदि वह अबुआ आवास के लाभुक की सूची में है तो वह कितने नंबर पर है ताकि विशेष परिस्थिति में उसे हम लोग सूची में जिला की अनुमति लेकर के आवास दे सकें और यदि वह अबुआ आवास के लाभुकों की सूची में है ही नहीं तो उसका जिक्र भी अलग से कर देंगे। ताकि उसके लिए विशेष तौर पर अबूआ आवास का लाभ जिला से अनुमति प्राप्त करके दिया जा सके।

## नालंदा में तीन राजस्व कर्मचारी बर्खास्त



**बिहारशरीफ।** नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने तीन राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उनके कार्य में लापरवाही और अनुचित व्यवहार के कारण की गई है। सुरेश प्रसाद को एकंगरसराय में दाखिल खारिज वाद में गलत प्रतिवेदन देकर स्वीकृति हेतु अनुशंसा करने के कारण निलंबित कर दिया गया है। प्रशांत कुमार को भी एकंगरसराय में दाखिल खारिज वाद में बिना भूमि सुधार उपसमाहर्ता के आदेश के आवेदन को स्वीकृति हेतु अनुशंसा करने के विरुद्ध निलंबित किया गया है। संजय कुमार सिंह को इस्लामपुर में बिना संपूर्ण राजस्व अभिलेखों की जांच किये भौतिक सत्यापन के बिना सरकारी भूमि को रैयती होने का प्रतिवेदन देने और दाखिल खारिज अधिनियम का उल्लंघन करने के विरुद्ध बर्खास्त किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सामाजिक कार्यक्रम शिविर आयोजित


अतिथि का स्वागत करते।

**भवनाथपुर।** फ्यूजन माईक्रो फाइनेंस लिमिटेड के तत्वावधान में हाई स्कूल के समीप नीलू सिंह के मकान में सामाजिक कार्यक्रम शिविर आयोजित की गई। शिविर की शुरूआत मुख्य अथिति खरौंधी जिपस धर्मराज पासवान, झामुमो नेता सह पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, युवा मोर्चा के दीपक वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिपस ने कहा कि गांवों में महाजनी प्रथा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से विभिन्न माईक्रो फाइनेंस की शुरूआत की गई है। ग्रामीण महिलाएं इसके माध्यम से ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू कर परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती है। किसी बैंक से ऋण ले तो ऋण की किस्त ससमय भर कर अपना शाख को मजबूत बना सकती है। पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को पहले आर्थिक अभाव के कारण किसी भी रोजगार को शुरू करने में कठिनाइयों का सामना पड़ता था, लेकिन अब माइक्रो फाइनेंस जैसी शाखाएं खुलने से उन्हें रोजगार के लिए सुलभ तरीके से ऋण उपलब्ध हो रहा है, साथ ही महिलाएं ऋण की किस्त भी समय पर चुका रही है। मौके पर फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस डीएम दीपक राम, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील पासवान, शाखा प्रबंधक चंद्रमा कुमार, महेश कुमार सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

## भवनाथपुर में गृह विहिन योग्य लाभुक अबुआ आवास योजना से हैं वंचित : रंजनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने कहा है कि प्रखंड के सभी गावों में काफी संख्या में गृह विहीन योग्य लाभुक अबुआ आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। वंचित व्यक्तियों से प्राप्त शिकायत के आलोक में जिपस श्रीमती शर्मा ने डीसी शेखर जमुआर एवं डीडीसी पषुपतिनाथ मिश्रा से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए सभी गृह विहिन, मजदूर, विधवा, दिव्यांग आदि योग्य लाभुकों को आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

जिपस ने बतायी कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान भवनाथपुर के विभिन्न गावों से अबुआ आवास योजना से वंचित लाभुकों ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया।


लाभुकों के साथ रंजनी शर्मा।

ग्रामीणों ने बताया कि उन लोगों के आवेदन पर बीडीओ ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अबुआ आवास योजना से नाम हटाए गए लाभुकों ने बताया कि बीडीओ साहब एसडीओ मिलकर अपनी बात रखने को कहते हैं। रंजनी ने बतायी कि वे एसडीओ से मिलकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत करायेंगी। श्रीमती शर्मा ने बतायी कि उन्होंने डीडीसी को आवेदन देकर गृह विहिन भवनाथपुर निवासी नीतू सिंह पटेल, धर्मशिला देवी, शीला देवी, उषा देवी आदि को प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास योजना उपलब्ध कराने की अनुशंसा की थी। इन लोगों को अभी तक आवास उपलब्ध नहीं हो सका है। उषा देवी लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते-लगाते परेशान है। बीडीओ हमेषा एक ही बात बोलते हैं कि एसडीओ के पास ही आवेदन दीजिए वहीं से आवास मिलेगा।

## झारखंड राज्य अमीन संघ ने मुख्य मंत्री को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड राज्य अमीन प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर मांग पत्र सौंपा। गढ़वा जिले के भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा के माध्यम से झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता विभाग मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मांगे पूरी करने का आग्रह किया। सौंपे गए मांग पत्र में प्रदेश के अमीन को आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त करते हुए सरकार द्वारा उचित मानदेय देने, समान काम के बदले समान वेतन देने, प्रदेश के सभी अमिन को ननटेक्निकल से टेक्निकल श्रेणी में शामिल करने, स्वास्थ्य बीमा, सुरक्षा बीमा का लाभ दिलाने, झारखंड राज्य अमीन नियुक्ति प्रक्रिया में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिलाने, सरकारी कर्मचारी की तरह सभी सुविधा उपलब्ध कराने आदि की मांग शामिल है। मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि झारखंड राज्य अमीन संघ की ओर से मुख्यमंत्री के नाम प्रमंडलीय आयुक्त मेदिनीनगर को आवेदन समर्पित किया गया था। मांग पत्र के आलोक में आयुक्त कार्यालय द्वारा संयुक्त सचिव राजस्व, निबंध एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची को भेज कर उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में नियमानुकूल समुचित कार्रवाई करने की अनुसंशा की गई है। मांग पत्र सौपने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर सहित संघ के प्रदेश संरक्षक नवल किशोर तिवारी, फैजुल्ला अंसारी, रविकांत पाण्डेय, जलालुद्दीन अंसारी, शिवकुमार मेहता आदि का नाम शामिल है। इस दौरान भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई के लिए आग्रह की। इस पर मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।


मांग पत्र सौंपती रंजनी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर व अन्य।

## खबर एक नजर में

### नवादा में खुलेआम बिक रहे गांजे, बर्बाद हो रही युवाओं की जिन्दगी




**नवादा।** नवादा नगर सहित ग्रामीण इलाकों के गुमटियों में खुलेआम गांजे की बिक्री हो रही है।शराबबंदी के बाद युवाओं में नारकोटिक्स ड्रग गांजे की बढ़ती लत ने उनकी जिंदगी को ही बर्बाद कर रखा है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी इस दिशा में सही तरीके से काम नहीं कर रहे। जिसके कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। नवादा नगर थाने के समीप पुरानी कचहरी रोड के कई गुमटियों में भी खुलेआम गांजे की बिक्री की जा रही है। बावजूद उनके विरुद्ध पुलिस अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। गांजे की लत में कश लगाकर धुआं उड़ाते हुए युवाओं की ज़िन्दगी बर्बाद हो रही है। दुकानों पर गांजा के पेपर पैकेट ऐसे बिक रहे हैं, जैसे कोई साधारण चीज, लेमनचूस या कोल्ड ड्रिंक हो, इसका मतलब साफ है कि शहर में गांजा आसानी से उपलब्ध है। बिहार में भले ही शराब पर रोक लगी हो, लेकिन अब शराब की जगह गांजा ने पूरी तरह कब्जा जमा लिया है। यह केवल गरीबों का मसला नहीं है, ऊंची सोसाइटी के युवा भी इसमें शामिल हो रहे हैं। मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की जिम्मेदारी नारकोटिक्स विभाग व पुलिस की होती है, लेकिन वे अक्सर छोटे कस्बों तक नहीं पहुँच पाते। इलाकाई पुलिस की चौकसी के बावजूद गांजे की बिक्री पर काबू नहीं पाया जा रहा है। गांजा की पुड़िया खास गलियों में खुलेआम बिक रही है। भांग की दुकानों पर छापेमारी के दौरान गांजा पकड़े जाने की कई घटनाएँ हैं। अब समय आ गया है कि एक सख्त अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर लगाम लगाई जाए। समाज के हर लोगों को मिलकर इस गंभीर समस्या का समाधान ढूंढना होगा और युवाओं को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने की दिशा में कदम उठाना होगा। युवा नशे में अपना भविष्य खराब कर रहे हैं, सड़क दुर्घटना में भी युवाओं की संख्या बढ़ रही है, कुछ तो गांजा का सेवन कर हाई स्पीड लिमिट में बाइक दौड़ते दुर्घटना का शिकार हो रहे है। तो कई गम्भीर बिमकरियो के शिकार हो रहे हैं।

### मिड डे मिल खाने से सैकड़ो बच्चे हुए बीमार

**किशनगंज।** जिले में शुक्रवार को मिड डे मिल खाने से दर्जनों स्कूली बच्चे बीमार हो गए, जिससे विद्यालय में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पूरा मामला महीनगांव पंचायत के मडुआ टोली उक्रमित मध्य विद्यालय का है। जहां गैर सरकारी संस्था द्वारा भोजन मुहैया करवाया गया था। समय पर बच्चो को भोजन वितरित कर दिया गया था और बच्चे लगभग आधा खाना खा चुके थे, जिसके बाद शिक्षक ने छिपकिली देखा और बच्चो को खाना खाने से मना किया, लेकिन तब तक अधिकांश बच्चे खाना खा चुके थे। ग्रामीणों और विद्यालय के शिक्षकों का कहना है की खाने में छिपकली गिरी हुई थी और उसी खाने को बच्चो ने खा लिया जिसकी वजह से बच्चो को उल्टी, पेट दर्द आदि की शिकायत होने लगे। बच्चो की स्थिति को बिगड़ता देख ग्रामीण और स्कूल प्रशासन आनन फानन में सभी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चो का इलाज चल रहा है। 50 से अधिक बच्चो को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालाकि राहत की बात है की बच्चे खतरे से बाहर है।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व रेलवे महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**भागलपुर।** भागलपुर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के देऊस्कर से भागलपुर रेलवे स्टेशन पर मुलाकात की। इस दौरान जीएम को मंजूषा पेंटिंग एवं मंजूषा अंगवस्त्र भेंट की गई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भागलपुर क्षेत्र की समस्याओं को उनके सामने रखा और निराकरण की मांग की। जिस पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के देऊस्कर ने जिला अध्यक्ष की बातों को ना केवल गंभीरता से सुना उसका समाधान का आश्वासन भी दिया है। इस दौरान उन्होंने जनता की बहुप्रतीक्षित मांग से अवगत कराया गया, जिसमें भागलपुर स्टेशन से खुलने वाली ट्रेन में मंजूषा पेंटिंग की जाए, बिहुला विषहरी की सांस्कृतिक विरासत को रेलवे स्टेशन की दीवारों पर चित्र के माध्यम से दशार्ने, सुल्तानगंज स्टेशन का नाम अजगेबीनाथ धाम करने, घोषणा अंगिका भाषा में करने, निमार्णाधीन भोलानाथ पुल को इशाकचक रोड को पहुंच पथ से जोड़ने आदि शामिल है। प्रतिनिधिमंडल मे योगेश पांडेय, मनीष दास, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, विनोद सिन्हा, प्रदीप जैन, रितेश घोष और प्रदीप कुमार शामिल रहे।

## पेज एक का शेष

### प्रचंड बारिश, झारखंड में स्थिति जलप्रलय जैसी

**भारी बारिश का कारण :** झारखंड से सटे बंगाल के ऊपर बने लो प्रेशर के कारण झारखंड के इलाकों में तेज वर्षा हो रही है। क्षेत्र अगले 24 घंटे में यह डीप डिप्रेशन में बदलकर और गंभीर हो जयेगा। पिछले 48 घंटे से जारी वर्षा के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को नदी किनारे, तेज बहाव वाले जगह, बांध आदि स्थानों पर जाने से मना किया गया है।

**उफान मार रही हैं स्वर्णरेखा-हरमू**

रांची और आसपास के जिलों के हो रही लगातार बारिश से जहां डैम में जलस्तर काफी बढ़ा है। इस मानसून में पहली बार हरमू और स्वर्णरेखा नदी में उफान देखा जा रहा है। निवारणपुर और हिंदपीढ़ी के पास तो हरमू नदी का पानी पुलिया से ऊपर बह रहा है।

**गेतलसूद का जलस्तर तीन फीट बढ़ा**

लगातार बारिश के कारण गेतलसूद डैम के जलस्तर तीन फीट अधिक बढ़ गया है। जलस्तर 25.30 फीट के करीब पहुंच गया। 33 फीट के बाद खतरे का निशान पार करते ही रेडियल गेट खोल दिया जाता है। हुंडरू फॉल और जोन्हा फॉल की रौनक लौट आयी है। हुंडरू और जोन्हा जलप्रपात पूरे शबाब पर है।

**सिमडेगा में पुल क्षतिग्रस्त :** सिमडेगा में कई लोगों के कच्चे मकान टूट गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाले छोटे पुल-पुलिया की स्थिति भी खराब हो गयी है। सदर प्रखंड के कुलुकेरा पंचायत को जोड़ने वाला पुल का कुछ हिस्सा बह गया है। करीब 15 हजार से अधिक की आबादी वाले गांव में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है

### अग्निवीरों के आश्रितो को नौकरी व अनुग्रह राशि देंगे

**चार विधेयक पारित :** मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को चार विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गये। इन विधेयकों में झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक 2024, झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक 2024, झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 और झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024 शामिल हैं।

### राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच सेतु बनें : मोदी

**राज्यों से मिल कर काम करें:** उद्घाटन सत्र को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संबोधित किया। उन्होंने राज्यपालों को इस संबंध में विचार करने की सलाह दी कि वे अपने-अपने राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में इस समन्वय को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के एजेंडे में ऐसे मुद्दे शामिल हैं, जो राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी राज्यपाल जनता की सेवा और कल्याण में योगदान देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय से संबंधित तीन नये कानूनों के लागू होने से देश में न्याय व्यवस्था का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि कानूनों के नामः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, से सोच में बदलाव स्पष्ट है। राष्ट्रपति ने राज्यपालों से राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में इस सुधार प्रक्रिया में योगदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार गरीबों, सीमावर्ती क्षेत्रों, वंचित वर्गों और क्षेत्रों तथा विकास यात्रा में पीछे छूट गए लोगों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुर्मू ने कहा कि यदि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में लगाया जा सके, तो युवा विकास और युवा-नेतृत्व वाले विकास को और अधिक गति मिलेगी।

# वायनाड में सेना ने कुत्तों की मदद से शुरू की मलबे में 'जिंदगी' की तलाश

▸▸ जाकी, डिक्सी और सारा में है सूंघने की बेजोड़ शक्ति
▸▸ मद्रास सैपर्स ने 16 घंटे के रिकॉर्ड समय में 190 फीट का बेली ब्रिज बनाया





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वायनाड में भूस्खलन के बाद मलबे में तब्दील हुए मकानों में शुक्रवार से सेना ने प्रशिक्षित कुत्तों की मदद से 'जिंदगी' की तलाश शुरू की है लेकिन ज्यादातर शव ही मिल रहे हैं, जिन्हें स्थानीय प्रशासन को सौंपा जा रहा है। खराब मौसम, बढ़ते जलस्तर और सीमित स्थान के बीच भारतीय सेना के मद्रास सैपर्स ने 16 घंटे के रिकॉर्ड समय में 24 टन क्षमता वाले 190 फीट बेली ब्रिज का निर्माण पूरा कर यातायात के लिए खोल दिया है। इरुवानिपझा नदी पर चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ने वाला यह पुल सेना ने नागरिक प्रशासन को सौंप दिया है। मलबे में तब्दील हुए आबादी क्षेत्र में अब जिंदा बचे लोगों या फिर शवों की खोजबीन शुरू की गई है। सेना का शुक्रवार सुबह 7:00 बजे डॉग स्क्वॉड के साथ तलाशी अभियान फिर से शुरू हुआ। सेना ने एक बयान में कहा कि ह्यूमन्स बेस्ट फ्रेंड वायनाड में मलबे के नीचे फंसे इंसानों को खोजने के लिए इंसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता है। भारतीय सेना के तीन लैब्राडोर कुत्ते जाकी, डिक्सी और सारा कीचड़ या बारिश की परवाह किए या बिना थके जीवन की तलाश में लगे हुए हैं। भारतीय सेना के तीनों खोजी और बचाव कुत्ते अपने मिशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं और अपनी सूंघने की बेजोड़ शक्ति से मलबे और गाद की गहराई में देख रहे हैं।

सेना की मद्रास सैपर्स ने अपनी अदम्य भावना और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड समय में 16 घंटे के भीतर 24 टन क्षमता वाले 190 फीट बेली ब्रिज का निर्माण पूरा करके मुख्यधारा से कटे चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ दिया है। यह बेली ब्रिज नागरिक प्रशासन को सौंपने के साथ ही हाई अर्थ मूवमेंट इक्विपमेंट को दूसरी तरफ शिफ्ट किया गया है। भारतीय वायु सेना की ध्रुव (एएलएच) हेलीकॉप्टर टीम ने 400 किलोग्राम राहत सामग्री वितरित की, जबकि पैंगोडे सैन्य स्टेशन से दो चिकित्सा टीमों ने वायनाड में घायलों को राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान की। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) जिला मुख्यालय (केरल और माहे) और आईसीजी स्टेशन बेपोर राज्य प्रशासन, भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन और बचाव सेवाओं, स्थानीय पुलिस और विभिन्न स्वयंसेवी समूहों के समन्वय में वायनाड में चल रहे आपदा राहत कार्यों में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

आईसीजी के डिप्टी कमांडेंट विवेक कुमार दीक्षित के नेतृत्व में 35 कर्मियों वाली आईसीजी टीम चूरलमाला और आस-पास के गांवों में बचाव अभियान चला रही है। टीम ने आपदा क्षेत्रों में फंसे कई नागरिकों की सहायता देकर उन्हें सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में स्थानांतरित करने में मदद की है। यह टीम जीवित बचे लोगों और लापता लोगों की तलाश में मलबे को साफ करने में भी लगी है। आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि जमीनी प्रयासों को बढ़ाने के लिए तटरक्षक वायु एन्क्लेव ने कालीकट सेहल्का हेलीकॉप्टर तैनात किया है और बचाव में हवाई प्रयासों को बढ़ाने के साथ-साथ राहत सामग्री को हवाई मार्ग से गिराने के लिए स्टैंडबाय पर रखा गया है। इसके अतिरिक्त आईसीजी जहाज अभिनव को कोच्चि से बेपोर भेजा जा रहा है, जिसमें जीवन रक्षक उपकरण, राहत सामग्री, दवाइयां और ताजा पानी है। ये आपूर्ति वायनाड में विभिन्न आपदा राहत शिविरों में वितरित की जाएगी।

## मेजर शेल्के कर रहीं हैं राहत कार्य का नेतृत्व

लड़ाकू इंजीनियर मेजर सीता शेल्के वायनाड में भूस्खलन प्रभावित स्थानों में से एक पर बचाव और राहत कार्य करने वाले दस्ते का नेतृत्व कर रही हैं। पैंगोडे सैन्य स्टेशन त्रिवेंद्रम से 2 अधिकारी डॉक्टरों और 10 कर्मियों सहित दो चिकित्सा दल वायनाड आपदा में घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों और आपदा राहत टीमों के साथ समन्वय में बचाव अभियान और राहत सामग्री की सुविधा प्रदान करते हुए मेडिकल टीम प्राथमिक उपचार प्रदान कर रही है।

## हिमाचल में लापता 48 लोगों को तलाश तेज

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में बुधवार आधी रात बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। अब तक पांच शव बरामद हुए हैं, वहीं 48 लोग लापता हैं और इनकी तलाश में बचाव कार्य बड़े पैमाने पर जारी है। शिमला जिला के रामपुर से सटे समेज में सबसे ज्यादा 36 लोग लापता हैं। मंडी जिला में सात औ? कुल्लू जिला के निरमंड में पांच लापता लोगों की तलाश में बचाव टीमें जुटी हैं। शुक्रवार को साफ मौसम के कारण राहत और बचाव अभियान में गति मिली है। रामपुर के समेज में चल रहा बचाव कार्य दूसरे दिन सुबह छह बजे से आरम्भ कर दिया गया है। एसडीएम रामपुर निशांत तोमर घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत व बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। समेज खड्ड में बादल फटने की घटना में लापता 36 लोगों को ढूंढने के लिए करीब 85 किलोमीटर तक के क्षेत्र में तलाशी अभियान चल रहा है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस सहित सभी विभाग एकजुट होकर बचाव कार्य में लगे हुए है। इस बचाव कार्य को लेकर प्रभावित क्षेत्र को छह हिस्सों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि 36 लोगों के लापता होने की पुष्टि हो पाई है।

स्पीड न्यूज

## फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। अक्षय कुमार ने फिल्म का ट्रेलर साझा कर लिखा कि खेल खेल में दोस्ती और प्यार का रंग चढ़ेगा। मस्ती और मजाक, सब कुछ मिलेगा।

## बंगाल राशन घोटाले में टीएमसी नेता गिरफ्तार

**कोलकाता।** ईडी ने बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा से टीएमसी के एक नेता को करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने टीएमसी के देगंगा ब्लॉक अध्यक्ष अनीस उर- रहमान और उसके बड़े भाई को गुरुवार देर रात कोलकाता स्थित कार्यालय में करीब 14 घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रहमान राज्य के पूर्व वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के बहुत करीबी हैं, केंद्रीय जांच एजेंसी पूर्व मंत्री को घोटाले के सिलसिले में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने आप सांसद स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री आवास पर हमले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि याचिका खारिज की जाती है। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

## दिल्ली में 16 तक ड्रोन व पैरा ग्लाइडिंग पर प्रतिबंध

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के सुरक्षा कारणों के चलते 2 से 16 अगस्त तक ड्रोन और पैरा ग्लाइडिंग आदि पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक अगर कोई पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग-ग्लाइडर, मानव रहित वायुयान (यूएवी), रिमोट चालित एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के पावर्ड एयरक्राफ्ट या विमान से पैरा-जंपिंग आदि के जरिये आम लोगों, गण्यमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## देश में 22 एम्स किये गये स्थापित : नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा कि एम्स देशभर के नागरिकों के लिए अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहा है। हमारा विजन यह है कि देश के हर कोने से लोगों को इलाज के लिए दिल्ली के एम्स में न आना पड़े। इसलिए देश के कई राज्यों में एम्स स्थापित किए गए हैं। जिस तरह से दिल्ली एम्स में स्वास्थ सेवाएं दी जाती हैं, उसी ब्रांड नाम से तमाम राज्यों के एम्स में मरीजों का इलाज किया जाता है। लोक सभा में एक प्रश्न का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि मोदी ने दुनिया की सबसे अच्छी तृतीयक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के साथ देश के विभिन्न इलाकों में 22 से अधिक एम्स खोलने का काम किया है। 1960-70 के दशक में हमारे सबसे अच्छे डॉक्टर कहते थे कि हमारे पास देश में वह सुविधा नहीं है।

### 50655 करोड़ की आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजओं को मंजूरी, अयोध्या में बनेगा रिंग रोड

# रायपुर-रांची एनएच के लिए 4473 करोड़

कैबिनेट का फैसला

▸▸ प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में अयोध्या और कानपुर में रिंग रोड के निर्माण सहित 50,655 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग विकास की आठ महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के प्रस्ताव को शुक्रवार को स्वीकृति प्रदान की। रायपुर-रांची के बीच पूर्ण निर्माणाधीन राजमार्ग परियाजना के तहत पत्थलगांव- गुमला के बीच 137 किलो मीटर के खंड के निर्माण को भी मंजूरी दी गयी जिस पर 4473 करोड़ रुपये खर्च होंगे तथा इसका लाभ छत्तीसगढ और झारखंड को मिलेगा।

पीएम गतिशक्ति मंच की मदद से समन्वित नियोजन के साथ नियोजित इन राजमार्ग परियोजनाओं की कुल लंबाई 936 किलो मीटर है , जिसे विजन 2047 को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति में स्वीकृत इन प्रस्तावों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवादाताओं से कहा कि ये परियोजनाएं कुल करीब 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की है और इनके निर्माण से 4.5 करोड़ दिहाड़ी रोगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की योजना इस तरह बनी है ताकि भूमि अधिग्रण की जरूरत कम से कम पड़। इनमें संबंधित क्षेत्रों के वर्तमान सड़क मार्गों की भूमि का भी प्रयोग हो सकेगा। वैष्णव ने कहा कि धार्मिक नगरी अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत से करीब 68 किलोमीटर का रिंग रोड बनाया जाएगा जो समीप से गुजरने वाले वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जुड़ा होगा। कानपुर में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और विकास की जरूरतों को देखते हुए शहर के चारो ओर छह लेन का रिंग रोड बनाने की परियोजना भी मंजूर की गयी है। इस 3298 करोड़ रुपये का खर्च होगा। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में पूर्वोत्तर में विकास की गति की जरूरतों को देखते हुए गुवाहाटी शहर के विकास के लिए गुवहाटी बाईपास को हाईवे से जोड़ने के लिए 121 किलो मीटर की राजमार्ग परियोजना को भी मंजूरी दी गयी है जिसपर 5729 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इससे शहर के चारो ओर एक रिंग रोड विकसित होगा। इसके अलावा पुणे-नासिक मार्ग पर आठ लेन का फ्लाईओवर कारीडोर बनाया जाएगा। इससे जाम की समस्या दूर होगी शहर के समीपवर्ती चिंचवाड-चाखन औद्योगिक क्षेत्र के परिवहन मार्ग में सुगमता आएगी। इस परियोजना के लिए 7827 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजना मंजूर की गयी है। गुजरात में थरण-मेहसाणा क्षेत्र में 214 करोड़ रुपये के छह लेन की परियोजना को मंजूरी दी गयी है जो दिल्ली-ट्रांस राजस्थान हाई वे और दिल्ली-मुंबई गलियारा परियोजना को जोड़ेगा। इस परियोजना पर 10534 करोड़ रुपये का निवेश होगा। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में पश्चिम बंगाल में खड़गपुर से मोरेग्राम (मुर्शिदाबाद) तक चार लेन हाईवे परियोजना को मंजूरी दी गयी है। इस घनी आबादी वाले क्षेत्र के विकास के लिए बनायी गयी इस परियोजना की लंबाई 231 करोड़ रुपये है और इस पर 10247 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने आगरा से ग्वालियर के बीच छह लेन हाईस्पीड कारीडोर के निर्माण का भी निर्णय लिया है। इस 88 किलोमीटर के राजमार्ग पर 461 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

# एयर इंडिया ने रद्द की तेल अवीव की उड़ानें

▸▸ मध्य पूर्व में जारी तनाव से आठ अगस्त तक सभी उड़ानों को किया निलंबित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया एयरलाइंस ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तेल अवीव जाने और वहां से आने वाली अपनी उड़ानें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। कंपनी ने यह निर्णय मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण लिया है। ये निलंबन 8 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में चल रही स्थिति को देखते हुए हमने 08 अगस्त तक तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों के निर्धारित संचालन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एयरलाइन ने यह भी कहा है कि वे स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। इस अवधि के दौरान तेल अवीव की यात्रा के लिए पुष्टि किए गए बुकिंग वाले यात्रियों को पुनः निर्धारित करने और रद्द करने के शुल्क पर एक बार की छूट दे रहे हैं। इसके अलावा एक अन्य अपडेट में एयर इंडिया ने कहा कि एक अगस्त को दिल्ली से तेल अवीव की उड़ान संख्या एआई 139 और तेल अवीव से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई 140 को परिचालन कारणों से रद्द कर दिया गया। कंपनी ने बताया कि इन दो उड़ानों के लिए यात्रा के लिए पुष्टि किए गए बुकिंग वाले यात्रियों को पुनः निर्धारित करने और रद्द करने के शुल्क पर एक बार की छूट दी जाएगी। असुविधा के लिए हमें खेद है। एयर इंडिया ने कहा कि इस निर्णय से प्रभावित यात्रियों को एयर इंडिया द्वारा हर संभव सहायता दी जा रही है, ताकि उनकी यात्रा योजनाओं में न्यूनतम बाधा हो। यात्रियों को अपनी यात्रा योजनाओं की पुनः समीक्षा करने की सलाह दी गई है।

# झारखंड के स्कूलों में शुक्रवार की छुट्टी का मामला लोकसभा में गूंजा

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा राज्य में संविधान खतरे में है



**नयी दिल्ली।** झारखंड में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बिना अधिसूचना के शुक्रवार को अवकाश घोषित करने का मामला शुक्रवार को लोकसभा में गूंजा और इसे असंवैधानिक करार देते हुए तत्काल बंद करने की मांग की गई। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि झारखंड की स्थिति बहुत बुरी है और वहां सचमुच में संविधान खतरे में है। सर्व शिक्षा अभियान के लिए केंद्र सरकार मिड डे मील आदि के लिए पैसा देती है। झारखंड में मुस्लिम बाहुल क्षेत्र के स्कूलों में यूनिक चीज यह चल रही है और यह मामला उच्च न्यायालय में भी लंबित है। मुस्लिम बाहुल क्षेत्र में बिना सरकारी अधिसूचना के उर्दू भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन स्कूलों में शुक्रवार को अवकाश होता है जबकि पूरे देश में रविवार को छुट्टी होती है। यह सब असंवैधानिक तरीके से चल रहा है इसलिए संबद्ध जिले के जिलाधिकारी तथा शिक्षा अधिकारी को तत्काल नोटिस जारी कर इन स्कूलों में शुक्रवार का अवकाश बंद करना चाहिए।

## आरक्षित कोचों में सीट खाली होने पर प्रतीक्षा सूची वाले करेंगे यात्रा

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि टिकट चेकिंग स्टाफ चलती ट्रेन में सीट खाली होने पर आरक्षित सवारी डिब्बों में यात्रियों को चढ़ने की अनुमति देने के लिए अधिकृत हैं।

रेल मंत्री ने राजस्थान से कांग्रेस सांसद नीरज डांगी के एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया था कि क्या सरकार रेलवे विडों से लिए गए वेटिंग टिकट को रिजर्व कोच में प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। वैष्णव ने कहा कि ऑन बोर्ड टिकट चेकिंग स्टाफ ट्रेन में खाली स्थान उपलब्ध होने पर आरक्षित सवारी डिब्बों में यात्रियों को चढ़ने की अनुमति देने का अधिकार रखते हैं, बशर्ते कि उस श्रेणी के लिए निर्धारित न्यूनतम श्रेणी का टिकट प्रस्तुत किया जाए तथा किराए में अंतर, यदि कोई हो, वसूला जाए।

# किसानों के लिए जारी रहेगी सब्सिडी : चौहान



एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में खेती किसानी के कल्याण और विकास के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि लागत घटाने के लिए सब्सिडी जारी रहेगी। श्री चौहान ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार के आने बाद देश में नया विश्वास आया और खेती किसानी में नया युग आरंभ हुआ। कृषि क्षेत्र का उत्पादन बढ़ा है और लागत घटी है। किसानों को प्राकृतिक आपदा में राहत दी गयी है। आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित पृथ्वी रहनी चाहिए। इसके लिए सरकार ने दीर्घकालीन योजना बनायी है। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए काम करती रहेगी। किसान अन्नदाता है और देश की रीढ है। सरकार पीछे नहीं हटेगी और निरंतर समर्थन देना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में खेती के लिए सिंचाई की व्यवस्था नहीं की गयी थी।

# ईरान जल्द इजरायल पर करेगा हमला : बाइडेन



**वाशिंगटन।** बाइडेन प्रशासन को पूरा विश्वास है कि ईरान आने वाले दिनों में इजरायल पर हमला करेगा। स्थानीय समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने अमेरिकी सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। ऐसी परिस्थिति में अमेरिका इजरायल की मदद की तैयारी कर रहा है। तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के प्रतिशोध में ईरानी हमला 13 अप्रैल को किए गए हमले जैसा ही हो सकता है। अमेरिकी प्रशासन को आशंका है कि चार महीने पहले की तुलना में मौजूदा परिस्थितियों में उसी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन को संगठित करना अधिक कठिन हो सकता है जिसने अप्रैल में ईरानी ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल की रक्षा करने में मदद की थी। बाइडेन ने एंड्रयूज एयर बेस पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान स्वीकार किया कि इस्माइल हानिया की हत्या से गाजा में हमास के साथ युद्ध विराम के प्रयासों में मदद नहीं मिलेगी। बाइडेन ने गुरुवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर बात की और कहा कि वह मध्य पूर्व में तनाव के बढ़ने से बहुत चिंतित हैं।

# अमेरिका में संभावित मंदी से शेयर बाजार में भूचाल

### सेंसेक्स में 885 अंकों भारी गिरावट, निफ्टी 293 अंक लुढ़का

▸▸ निवेशकों के चार लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे



एजेंसी

**मुंबई ।** अमेरिका के निराशाजनक आंकड़ों से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की संभावित मंदी से सहमे विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर धातु, रियल्टी, ऑटो और आईटी समेत उन्नीस समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स-निफ्टी की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी थम गई। निवेशकों के चार लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए।

सेंसेक्स 885.60 अंक की भारी गिरावट के साथ पांच दिन के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,981.95 अंक पर आ गया। निफ्टी 293.20 अंक टूटकर 25 हजार अंक के शिखर से लुढ़ककर 24,717.70 अंक पर बंद हुआ। साथ ही बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत कमजोर होकर 47,675.23 अंक और स्मॉलकैप 0.58 प्रतिशत गिरकर 54,629.29 अंक रह गया। बीएसई में कुल 4033 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2212 में गिरावट जबकि 1705 में तेजी रही वहीं 116 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष आठ में लिवाली हुई।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अचानक बुरा दौर, जिसका असर आईएसएम मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स में तेजी से गिरावट के साथ 46.6 पर आने से दिखाई देता है। इसने अमेरिका और अन्य विकसित देशों के बाजारों को डरा दिया। इससे अमेरिका में मंदी की आशंका फिर से लौट आई है।

बाजार जो नरम लैंडिंग की उम्मीद में तेजी से बढ़ रहा था, वह अमेरिकी मंदी की संभावना और बाजार पर इसके प्रभाव को लेकर घबरा गया है। अमेरिका के 10 साल के बॉन्ड यील्ड में 3.95 प्रतिशत की तेज गिरावट बाजार के डर को प्रदर्शित करती है। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.57, जर्मनी का डैक्स 1.41, जापान का निक्केई 5.81, हांगकांग का हैंगसेंग 2.08 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.92 प्रतिशत लुढ़क गया। विश्व बाजार की गिरावट का सीधा असर घरेलू बाजार पर दिखा। इससे बीएसई में हेल्थकेयर की 0.42 प्रतिशत बढ़त को छोड़कर शेष 19 में तेजी रह। इस दौरान रियल्टी 3.56, धातु 3.00, ऑटो 2.97, आईटी 2.05, कमोडिटीज 1.83, सीडी 1.09, ऊर्जा 1.44, एफएमसीजी 0.63, वित्तीय सेवाएं 0.41, इंडस्ट्रियल्स 1.58, दूरसंचार 0.57, यूटिलिटीज 0.75, बैंकिंग 0.58, कैपिटल गुड्स 1.70, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.92, तेल एवं गैस 1.36, पावर 0.52, टेक 1.79 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत

टूट गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 709 अंक की भारी गिरावट लेकर 81,158.99 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 81,345.60 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा जबकि इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 80,868.91 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !